3 बस्तर संभाग
विधायक मोहन मरकाम का जन्मदिन...

6 अभिमत
कोविड से निबटने के भारतीय तरीके

10 संस्कारधानी
स्वास्थ्यकर्मी हड़ताल पर जाने की तैयारी में...

11 न्यायधानी
खानापूर्ति के लिए आयोजित परीक्षा ...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 17 सितंबर 2020 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 30 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करेगी नयी शिक्षा नीति : राजनाथ

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज विश्वास व्यक्त किया कि नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति कौशल के आधार पर 'आत्मनिर्भर भारत' बनाने के देश के संकल्प को पूरा करेगी। श्री सिंह ने आज यहां खेल और युवा मामलों के मंत्रालय द्वारा नयी शिक्षा नीति 2020 पर आयोजित वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि देश में युवाओं की बड़ी संख्या है और भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक हैं। युवा हमारी वह ताकत हैं, जिनकी मदद से हम बड़ा से बड़ा मुकाम हासिल कर सकते हैं।

### लॉकडाउन के बाद से अगस्त तक रेलवे का यातायात राजस्व 42 प्रतिशत घटा

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** लॉकडाउन के बाद से अगस्त तक के दौरान मालवहन एवं यात्री परिवहन से होने वाली रेलवे की आमदनी में 42 फीसदी से अधिक की गिरावट आयी है। रेल मंत्री पीयूष गोयल ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में आज लोकसभा को बताया कि कोविड-19 के परिप्रेक्ष्य में लगाये गये लॉकडाउन के बाद रेलवे की यात्री परिवहन सेवाएं रोकनी पड़ी। बाद में सीमित संख्या में ट्रेनें चलाई गई हैं। लॉकडाउन के बाद से अगस्त तक यात्रियों की संख्या पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में मात्र 1.27 प्रतिशत रही। इस दौरान मालवहन पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 86.6 प्रतिशत रहा।

### चम्बल में नाव डूबने से बारह लोगों की मौत

**जयपुर (वार्ता)।** राजस्थान में कोटा जिले के खातौली थाना क्षेत्र में आज सुबह चम्बल नदी में नाव पलटने से महिलाओं और बच्चों सहित 12 लोगों की डूबने से मौत हो गयी। नाव में क्षमता से अधिक करीब 50 व्यक्तियों सहित कुछ दुपहिया वाहन भी थे। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार खातौली क्षेत्र के गोठड़ा गांव के लोग बूंदी जिले के कमलेश्वर महादेव के मंदिर जाने के लिये चम्बल ढीबरी गांव पहुंचे जहां से वे नदी पार करने के लिये नाव में सवार हुए। नाव में कई मोटरसाइकिलें भी थीं। नाव कुछ ही दूर चली कि अचानक भार अधिक होने से असंतुलित होकर पलट गयी।

## बाबरी मस्जिद विध्वंस केस
# 27 साल बाद 30 सितंबर को आएगा फैसला

**आडवाणी, उमा, कल्याण समेत 32 आरोपियों को अदालत में मौजूद रहना होगा**

**अयोध्या में विवादित ढांचा ढहाने के मामले में 6 दिसंबर 1992 को एफआईआर दर्ज हुई थी**

**सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सीबीआई की विशेष अदालत में मामले की सुनवाई हुई पूरी**

एजेंसी नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण शुरू हो गया है। पर जिस जगह मंदिर बनाया जा रहा है, वहां विवादित ढांचा था और इसे गिराने के मामले में फैसला आने में अभी कुछ दिन बाकी हैं। 27 साल पहले अयोध्या में 6 दिसंबर 1992 को कारसेवकों ने बाबरी ढांचे को ढहा दिया था। इस मामले में लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी और उमा भारती समेत कई बड़े नेता आरोपी हैं। लखनऊ की विशेष अदालत इस मामले पर 30 सितंबर को फैसला सुनाएगी। सभी को फैसले के वक्त अदालत में मौजूद रहना होगा।

**कब दर्ज हुआ था केस, कितने आरोपी बनाए गए?**- ढांचा ढहाने के मामले में 6 दिसंबर



1992 को थाना राम जन्मभूमि में एफआईआर दर्ज की गई थी। इस केस में 49 लोगों को आरोपी बनाया गया। इनमें बाला साहेब ठाकरे, अशोक सिंघल, गिरिराज किशोर, विष्णुहरि डालमिया समेत 17 आरोपियों की मृत्यु हो चुकी है। आरोपियों में विनय कटियार, साध्वी ऋतंभरा, राम विलास वेदांती, साक्षी महाराज, विहिप नेता चंपत राय, महंत नृत्य गोपाल दास और अन्य भी शामिल हैं।

### कितने आरोपियों के बयान दर्ज किए गए?

आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, कल्याण सिंह, विनय कटियार, उमा भारती समेत 32 आरोपियों के बयान दर्ज हुए। सभी को अदालत ने आपत्ति दर्ज कराने के लिए समय दिया था। दो सितंबर को सभी कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद विशेष जज एसके यादव ने फैसला लिखने का समय लिया था।

**मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश**

# शिक्षकों के 14 हजार 580 पदों पर होगी नियुक्ति

- स्कूल खुलने के बाद ही जारी होंगे नियुक्ति आदेश
- दस्तावेज सत्यापन, मेडीकल फिटनेस और पुलिस वेरिफिकेशन के बाद जारी होंगे नियुक्ति आदेश

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा वित्त विभाग के सहमति के बाद 14 हजार 580 शिक्षकों के पदों पर नियुक्ति के संबंध में आदेश जारी किया गया है। शिक्षकों की नियुक्ति आदेश राज्य शासन द्वारा स्कूल खुलने के आदेश जारी होने के उपरांत ही जारी किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री बघेल ने स्कूल शिक्षा विभाग में शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने और इस संबंध में एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। स्कूल शिक्षा विभाग



को वित्त विभाग द्वारा शिक्षकों की नियुक्ति की अनुमति शर्तो के साथ प्रदान की है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी नियुक्ति आदेश में स्पष्ट रूप से उल्लेख होगा कि 'नियुक्ति किसी न्यायालय में लंबित अथवा भविष्य में दायर किसी भी प्रकरण में न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अध्याधीन होगी'। नियुक्ति आदेश प्रत्येक चयनित अभ्यर्थी के लिए पृथक-पृथक जारी किए जाएंगे। नियुक्ति आदेश में शिक्षकों की वरिष्ठता व्यापम द्वारा जारी प्रावीण्य सूची के क्रमानुसार रहेगी। शिक्षकों की परीक्षा अवधि तीन वर्ष की होगी। राज्य शासन द्वारा परिवीक्षा अवधि के दौरान देय वेतन और अन्य लाभों के संबंध में जारी नियम लागू होंगे।

लोक शिक्षण संचालनालय से विभिन्न संवर्गो के शिक्षकों की नियुक्ति के लिए व्यापम द्वारा परीक्षा आयोजित करायी गई थी, जिसमें विभिन्न संवर्ग के कुल 14580 शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति की जानी थी। व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षा के परिणाम 30 सितम्बर 2019 एवं 22 नवम्बर 2019 को घोषित किए गए थे। व्यापम द्वारा जारी की गई प्रावीण्य सूची के आधार पर नियुक्तियां की जानी थी। मार्च 2020 में कोरोना लॉकडाउन होने के पश्चात वित्त विभाग द्वारा यह निर्देश जारी किए गए कि विभागों में प्रचलित नियुक्तियों की प्रक्रिया जारी रहेगी, परंतु नियुक्ति आदेश जारी करने के पूर्व वित्त विभाग से सहमति प्राप्त करना आवश्यक होगा। तद्नुसार स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा वित्त विभाग को प्रकरण सहमति हेतु भेजा गया था। इस संबंध में वित्त विभाग द्वारा शर्तों के साथ शिक्षकों के पदों की नियुक्ति के लिए सहमति दी गई है। ➢शेष पेज 8 पर

### जनपद पंचायत उप अभियंता और दलाल 20 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता बिलासपुर
www.dailypioneer.com

एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने जनपद पंचायत अकलतरा में उप अभियंता के पद पर पदस्थ अधिकारी और दलाल को 20 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है, आरोपी ने पंचायत के तहत होने वाले कार्यों की मूल्यांकन रिपोर्ट बनाने के नाम पर रिश्वत की मांग की थी। बिलासपुर एसीबी की टीम ने उन्हें रंगे हाथ धर दबोचा, और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई कर रही है। जानकारी के मुताबिक अकलतरा के मुड़पार निवासी राजेश कुमार कोसले की



पत्नी पूर्व पंचायत के कार्यकाल के दौरान मुड़पार गांव की सरंपच थी. इस दौरान पंचायत के तहत होने वाले कार्यों के मूल्यांकन रिपोर्ट बनवाने के लिए जनपद पंचायत अकलतरा के सब इंजीनियर सुमित राजपूत के पास पहुंचा. तभी पीड़ित का संपर्क दलाल राजकुमार रात्रे से हुआ. इसके बाद अधिकारी सुमित राजपूत ने मूल्यांकन ➢शेष पेज 8 पर

### क्रिकेटर रैना के सम्बंधियों की हत्या का मामला सुलझा, 3 गिरफ्तार, 11 की तलाश

**चंडीगढ़, (वार्ता)।** पंजाब की पठानकोट पुलिस ने पठानकोट जिले के शाहपुरकंडी थानांतर्गत थरयाल गांव में क्रिकेटर सुरेश रैना के सम्बंधियों पर



गत 19 अगस्त की रात हुये जानलेवा हमले में शामिल अंतरराज्यीय लुटेरा गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर इस मामले को सुलझा लिया है। इस हमले में रैना के फूफा और चचेरे भाई की मौत हो गई थी जबकि बुआ अभी भी गम्भीरावस्था में अस्पताल में उपचाराधीन है। रैना इस घटना की जानकारी मिलने के बाद दुबई से वापस भारत आ गए थे जहां वह अपनी टीम चेन्नई सुपरकिंग्स के साथ आईपीएल में हिस्सा लेने के लिए गए थे। राज्य के पुलिस महानिदेशक दिनकर गुप्ता ने बुधवार को यहां इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि इस सिलसिले में 11 अन्य हमलावरों की तलाश की जा रही है जो वारदात के बाद से फरार हैं।

## रूस से कोरोना वैक्सीन की 10 करोड़ खुराक खरीदेगी : डॉ. रेड्डीज

वार्ता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

हैदराबाद स्थित दवा कंपनी डॉ रेड्डीज लैबोरेट्रीज लिमिटेड ने बुधवार को इस बात की पुष्टि की कि वह रूस द्वारा विकसित कोरोना वैक्सीन 'स्पूतनिक वी' के 10 करोड़ डोज खरीद रही है और वह भारत में इस वैक्सीन का तीसरे चरण का मानव परीक्षण करेगी। डॉ रेड्डीज के सह अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक जी वी प्रसाद ने आरडीआईएफ के साथ समझौते पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आज कहा, स्पूतनिक वी का पहला और दूसरे चरण का मानव परीक्षण सफल साबित हुआ है और हम भारत में इसका तीसरे चरण का मानव परीक्षण करेंगे ताकि यह भारतीय नियामक के मानकों पर खरा उतरे। स्पूतनिक वी भारत में कोरोना के खिलाफ जंग में एक भरोसेमंद विकल्प बन सकता है।

डॉ रेड्डीज ने बताया कि रूस के डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट फंड (आरडीआईएफ) और उनकी कंपनी ने भारत में रूस की कोरोना वैक्सीन (स्पूतनिक वी) के चिकित्सकीय परीक्षण और 10 करोड़ डोज की आपूर्ति के लिए समझौता किया है। रूस की संवाद समिति स्पूतनिक से मिली जानकारी के मुताबिक आरडीआईएफ ने कहा है कि कोरोना वैक्सीन की आपूर्ति इस साल के अंत तक शुरु हो जायेगी। आरडीआईएफ स्पूतनिक वी वैक्सीन को विकसित करने वालों में से एक है। आरडीआईएफ के मुख्य कार्यकारी




अधिकारी किरिल दमित्रियेव ने कहा कि रूस में डॉ रेड्डी की उपस्थिति 25 साल से भी अधिक समय से है और यह भारत के अग्रणी दवा निर्माण कंपनियों में से एक है।

### सीरम इंस्टीट्यूट को कोरोना वैक्सीन का दोबारा परीक्षण शुरु करने की मिली अनुमति

पुणे स्थित सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) को कोरोना वैक्सीन का भारत में मानव परीक्षण दोबारा शुरु करने के लिए भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने बुधवार को अनुमति दे दी। ब्रिटेन की ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी और दवा कंपनी एस्ट्राजेनेका द्वारा मिलकर विकसित की जा रही कोरोना वैक्सीन के लिए सीरम इंस्टीट्यूट भारत में दूसरे और तीसरे चरण का मानव परीक्षण कर रही है। ब्रिटेन में इस वैक्सीन के लिए जारी परीक्षण के दौरान एक वालंटियर की रीढ़ की हड्डी संबंधी समस्या सामने आने के बाद छह सितंबर को एस्ट्राजेनेका ने सभी साइट पर परीक्षण रोक दिया था।

### विश्व में कोरोना से 2.95 करोड़ संक्रमित, 9.35 लाख की मौत

**वाशिंगटन /रियो डि जेनेरो/नयी दिल्ली (वार्ता)** विश्वभर में कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी से दो करोड़ 95 लाख से अधिक लोग सं मित हो गये हैं और 9.35 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केन्द्र (सीएसएसई) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार कोरोना से विश्वभर में अब तक 2,95,82,122 लोग सं मित हुए हैं और 9,35,124 लोगों की मौत हुई है। वैश्विक महाशक्ति माने जाने वाले अमेरिका में कोरोना से संक्रमित होने वालों की संख्या 66,06,561 पर पहुंच गयी है और अब तक 1,95,942 लोगों की जान जा चुकी है।

### 1 दिन में रिकॉर्ड 1290 की मौत

देश में कोरोना संक्रमण के दिनोंदिन बढ़ते मामलों के साथ ही इस संक्रमण से मुक्ति पाने वालों की संख्या भी बहुत तेजी से बढ़ रही है और पिछले 24 घंटों के दौरान 82 हजार से अधिक लोग रोगमुक्त हुए हैं जो एक दिन में स्वस्थ होने वालों का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है हालांकि दुखद यह है कि इसी दौरान रिकॉर्ड 1290 लोगों की मौत भी हुई है। बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में पिछले 24 घंटों के दौरान 82,961 लोगों के संक्रमणमुक्त होने से कोरोना वायरस को मात देने वालों की संख्या 39,42,361 पर पहुंच गयी है।

### 5 आईएएस अधिकारियों का हुआ तबादला, दी गई नई जिम्मेदारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 5 अधिकारियों का तबादला किया हैं। ये



सभी आईएएस अधिकारी 2017 और 18 बैच के हैं। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने पांचों आईएएस अधिकारियों की नवीन पदस्थापना का आदेश जारी किया है। बता दे कि सहायक कलेक्टर अभिषेक शर्मा को कोरबा जिले के कटघोरा का अनुविभागीय अधिकारी बनाया गया है। अविनाश मिश्रा को दंतेवाड़ा, देवेश कुमार ध्रुव को बलौदाबाजार और संबित मिश्रा को रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ में नई पदस्थापना मिली है। वहीं अनुविभागीय अधिकारी चंद्रकांत वर्मा को रायगढ़ का सहायक कलेक्टर बनाया गया है।

### नए डीएमई बने डॉ. आरके सिंह, आदेश जारी

**रायपुर।** स्वास्थ्य विभाग ने आरके सिंह को मेडिकल शिक्षा का प्रभारी संचालक (डीएमई) बनाया है। डॉ.



आरके सिंह वर्तमान में अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज के डीन है। इससे पहले वे राजनांदगांव में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। फॉरेंसिक मेडिसीन के भी एचओडी रहे। अब उन्हें विभाग ने प्रभारी डीएमई बनाया है। इनके जगह पर डॉ. पीके निगम को शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर का प्रभारी अधिष्ठाता बनाया गया है। बता दें कि वर्तमान डीएमई डॉ आदिले पर भ्रष्टाचार समेत कई गंभीर आरोप लगे थे। एक महिला ने एसपी से उनकी लिखित शिकायत कर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने उन्हें तत्काल पद से हटा दिया था।

**अब बिगड़ने लगा बॉर्डर पर माहौल**

# भारत-चीन तनाव : दोनों देशों की सेनाओं के बीच 20 दिन में तीन बार हुई फायरिंग

एजेंसी नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

करीब 45 सालों तक वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर एक भी गोली नहीं चली, लेकिन चीन की नापाक हरकतों की वजह से अब बॉर्डर पर माहौल बिगड़ने लगा है। जानकारी के मुताबिक, 20 दिन में पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद को लेकर भारत-चीन के बीच तीन बार फायरिंग की घटना हो चुकी है। दूसरी ओर पूर्वी लद्दाख में चीनी सेना की ओर से किए जा रहे दुस्साहस की वजह से जारी तनाव के बीच, भारतीय सेना ने अपने अजेय बोफोर्स हॉवित्जर को ऑपरेशन के लिए तैयार कर लिया है।

फायरिंग की घटना के बाद भारतीय



विदेश मंत्री एस जयशंकर और चीन के विदेश मंत्री वांग यी रूस के मॉस्को में शंघाई सहयोग संगठन की बैठक के लिए पहुंचे थे। इस बैठक से इतर भी दोनों विदेश मंत्रियों के बीच मीटिंग हुई थी और दोनों ने सीमा पर अप्रैल से जारी तनातनी पर बातचीत कर तनाव को कम करने की वकालत की थी। बातचीत के अनुसार, दोनों पक्ष कॉर्प्स कमांडर-स्तरीय वार्ता करने वाले थे, लेकिन अभी तक चीनी पक्ष की ओर से तारीख और समय की पुष्टि नहीं की गई है। इससे पहले राज्यसभा में आज एक सवाल के लिखित जवाब में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा पिछले छह महीने में भारत-चीन सीमा पर घुसपैठ का कोई मामला सामने नहीं आया है।

### 9 सितंबर को हुई फिंगर-4 के पास फायरिंग

10 सितंबर को मॉस्को में भारत और चीन के विदेश मंत्रियों की मीटिंग थी इससे पहले 9 सितंबर को चीनी सैनिकों ने पैंगोंग झील के उत्तरी किनारे पर फिंगर-4 के पास भारतीय पोजिशन के करीब आने की कोशिश की।

### पैंगोंग झील के दक्षिण किनारे दो बार फायरिंग

भारतीय सेना सूत्रों के मुताबिक, 29-30 अगस्त की रात को जब चीन ने पैंगोंग झील के दक्षिण किनारे चुशूल सेक्टर के अपॉजिट मूवमेंट किया और भारतीय इलाके में घुसपैठ की कोशिश की तब भारतीय सैनिकों ने उन्हें चेतावनी देने के लिए हवा में फायरिंग की। चीनी सैनिकों की तरफ से भी हवा में फायरिंग की गई। इस दौरान भारतीय सैनिकों ने दक्षिण किनारे अहम चोटियों पर अपनी पोजिशन जमा ली। जिससे भारतीय सेना वहां अडवांटेज पोजिशन में आ गई। 7 सितंबर को चीनी सैनिकों ने इन्हीं चोटियों पर भारतीय पोजिशन के करीब आने की कोशिश की भारतीय सेना ने जो वायर ऑब्स्टिकल लगाई हैं उन्हें काटने की कोशिश की। तब चीनी सैनिकों को चेतावनी देने के लिए भारतीय सैनिकों ने हवा में फायरिंग की।

## पाकिस्तान की नेवी ने भारत के समुद्री इलाके में घुसकर 45 मछुआरों को किया अगवा

एजेंसी नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारत और चीन के बीच जारी तनाव के बीच पाकिस्तान की तरफ से भी भड़काने वाली हरकत की गई। बुधवार को पाकिस्तान नेवी ने गुजरात से लगी भारतीय जल सीमा में घुसकर मछुआरों को निशाना बनाया।

8 बोट में सवार सभी 45 मछुआरों को अपने साथ ले गए। इनमें 6 बोट पोरबंदर की और 2 वेरावल की थीं। जानकारी के मुताबिक, सभी मछुआरों को कराची बंदरगाह ले जाया गया है।

**परिवार ने सरकार से मदद मांगी**- पाकिस्तानी नेवी की इस हरकत से गुजरात के मछुआरे नाराज हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से दखल की मांग की। पाकिस्तान की नेवी की पकड़ में आने से बचे मछुआरों ने



बताया कि वे भारतीय जल सीमा में ही मछलियां पकड़ रहे थे। इसी दौरान पाकिस्तानी नेवी ने उनके साथियों को बंधक बना लिया और अपने साथ ले गए। गुजरात की लंबी समुद्री सीमा पाकिस्तान से लगती है। पाकिस्तान की इस हरकत पर इंडियन कोस्ट-गार्ड भी सतर्क हो गए हैं।

### पहले भी 17 मछुआरों को बंधक बनाया था

पाकिस्तान कोस्ट गार्ड ने इसी तरह बीती 17 फरवरी को भी सौराष्ट्र के 17 मछुआरों को उनकी 3 नावों के साथ बंधक बना लिया था। फिलहाल, ये सभी कराची की जेल में बंद हैं। पाकिस्तानी नेवी का दावा था कि ये मछुआरे पाकिस्तान की जल सीमा में घुस आए थे। इससे पहले 13 फरवरी को भी पाकिस्तान कोस्ट गार्ड ने भारतीय मछुआरों पर फायरिंग की थी। हालांकि फायरिंग में कोई हताहत नहीं हुआ था।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जीतो कोविड सेन्टर का किया शुभारंभ

## जनसेवा में सदैव अग्रणी रहा है जैन समाज

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए जीतो कोविड सेन्टर का शुभारंभ किया. जैनम मानस भवन रायपुर में कोरोना पीड़ितों के इलाज के लिए यह सर्वसुविधायुक्त कोविड सेन्टर जीतो (जैन इन्टरनेशनल ट्रेड आर्गनाइजेशन) तथा छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से प्रारंभ किया गया है. रायपुर के एयरपोर्ट के समीप स्थित इस कोविड सेन्टर में 200 बिस्तर की व्यवस्था है. यहां कोविड के मरीजों के बेहतर इलाज के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के अलावा भोजन इत्यादि का निःशुल्क प्रबंध है. जीतो कोविड सेन्टर के शुभारंभ कार्यक्रम में मंत्री रविन्द्र चौबे, टी.एस.सिंहदेव, मोहम्मद अकबर, डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, डॉ. शिवकुमार डहरिया, अमरजीत भगत, विधायक सत्यनारायण शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से शामिल हुए।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जीतो कोविड सेन्टर का वर्चुअल शुभारंभ करते हुए जीतो के सभी पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी. मुख्यमंत्री ने कहा कि जैन समाज सेवा के मामले में हमेशा से आगे रहा है. करोना संकट काल में कोविड के मरीजों के लिए सर्वसुविधायुक्त सेन्टर की व्यवस्था कर जीतो ने जन सेवा एवं सहभागिता की भावना को आगे बढ़ाया है. मुख्यमंत्री ने कहा कि जैन समाज एवं जीतो के इस सेवाभाव को देखकर अन्य समाज के लोग भी आगे आएंगे. उन्होंने कहा कि जीतो की पहल से हम कोविड की लड़ाई में एक कदम और आगे बड़े हैं. समाज के सभी वर्गो के सहयोग से कोविड की लड़ाई हम जरूर जीतेंगे. मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि कोविड की वैश्विक बीमारी ने हम सभी को और हर व्यवस्था को प्रभावित किया है. उन्होंने कहा कि मैं नहीं समझता कि कोई महामारी इससे पहले दुनिया को इतना व्यापक पैमाने पर प्रभावित किया हो.

मुख्यमंत्री ने कहा कि लॉकडाउन के दौरान प्रवासी श्रमिकों एवं जरूरतमंदों की मदद के लिए छत्तीसगढ़ राज्य में समाज के सभी वर्गो में बढ़चढ़कर सहयोग दिया. जरूरतमंदों की सभी ने मदद की. उन्होंने कहा कि शुरूआती के दिनों में कोविड मरीजों की संख्या कम थी. सड़क, रेल एवं हवाई यात्राएं शुरू हो जाने से कोविड मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है. प्रदेश सरकार द्वारा कोविड के मरीजों के बेहतर इलाज की हरसंभव कोशिश की जा रही है. अस्पतालों में बेड की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी का प्रयास किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कोविड के मरीजों की सेवा के लिए सामाजिक संस्थाओं से सहभागिता की अपील की गयी है. उन्होंने इस कार्य में सर्वप्रथम सहभागिता के लिए जीतो संस्था को बधाई और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे एवं स्वास्थ्य मंत्री टी.एस.सिंहदेव ने भी सम्बोधित किया और कहा कि जीतो का यह प्रयास सराहनीय है. यह अन्य सामाजिक संस्थाओं के लिए प्रेरणा का आधार बनेगा. इस अवसर पर जीतो संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष गणपत राय चौधरी ने रायपुर में कोविड सेन्टर के संचालन के लिए छत्तीसगढ़ शासन से मिले सहयोग के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार जताया. उन्होंने कहा कि जैनम मानस समिति के मानस भवन में जीतो कोविड सेन्टर में निःशुल्क संचालित होगा. कोविड मरीजों को देखभाल, भोजन एवं इलाज का यहां प्रबंध किया गया है. उन्होंने कहा कि जीतो का यह 11 वां कोविड सेन्टर रायपुर में शुरू हुआ है. उन्होंने कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से शामिल हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित सभी मंत्रीगणों का आभार जताया. कार्यक्रम में मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ जीतो के अध्यक्ष जयकुमार वैद ने कहा कि जीतो के सेवा प्रकल्प को छत्तीसगढ़ शासन ने सहयोग देकर आगे बढ़ाया है. कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन जीतो रायपुर अध्यक्ष अनिल बरडिया ने किया।

# राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की दी शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल अनुसुईया उइके ने अपनी एवं समस्त छत्तीसगढ़वासियों की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं और ईश्वर से उनके यशस्वी, दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की है।

उन्होंने कहा है कि कोरोना वायरस के विश्वव्यापी संकट के समय प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कई प्रभावकारी कदम उठाए, ठोस निर्णय लिए और देश को संक्रमण से बचाने के लिए प्रभावी उपाय किए हैं। विदेश में फंसे नागरिकों और विद्यार्थियों को देश लाने के लिये वंदे भारत मिशन प्रारंभ किया। साथ ही देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आत्मनिर्भर भारत अभियान की भी शुरूआत की और वोकल फॉर लोकल का नारा दिया। उन्होंने आह्वान किया कि देश को सशक्त बनाने के लिए स्थानीय संसाधनों की मदद से बनाए गए स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दें, जिससे यहां के



बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा और अन्य देशों पर निर्भरता भी कम होगी। यही नहीं उन्होंने अपने दूरगामी निर्णयों की बदौलत अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य में भारत की सशक्त छवि निर्मित की।

राज्यपाल ने कहा कि श्री मोदी ने विदेशी ताकतों के हमले का मुंहतो? जवाब दिया। प्रधानमंत्री ने देश की अर्थव्यवस्था को संबल प्रदान करने के महत्वपूर्ण निर्णय के साथ ही साथ धारा-370 की समाप्ति, महिलाओं के संरक्षण के लिये तीन तलाक की समाप्ति, नागरिकता संशोधन कानून और अयोध्या में राम मंदिर निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जो इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखे जाएंगे। राज्यपाल ने आशा व्यक्त की है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश को प्रधानमंत्री मोदी का सदैव सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त होता रहेगा। सुश्री उइके ने कहा है कि मुझे विश्वास है कि श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा राष्ट्र सर्वोच्च शिखर पर स्थापित होगा और पूरे विश्व को मार्गदर्शन देगा।

### विश्वकर्मा जयंती की भी दी बधाई

राज्यपाल अनुसुईया उइके ने शिल्प और सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने इस अवसर पर निर्माण एवं सृजन से जुड़े सभी लोगों के सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की है।

### 20 साल की उम्र में ही बन गए शातिर बाइकचोर, 10 गाड़ियों के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायपुर।** पढ़ाई-लिखाई करने की उम्र में युवक शातिर दो पहिया वाहन चोर बन गए. पुलिस ने जब शक के आधार पर पकड़कर पूछताछ शुरू की तो एक-दो नहीं बल्कि दस दोपहिया वाहन चोरी का खुलासा हुआ, जिसे आरोपियों की निशानदेही पर जब्त किया गया. आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया है।

# कैबिनेट मंत्री भगत ने मोबाइल वैन के जरिए की जनसभाएं

- जनता की समस्याओं का मौके पर किया निराकरण

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



जनसमस्या के निवारण हेतु छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत ने मोबाइल वैन के माध्यम से जनसभाएं लीं, कोरोनाकाल में लोगों से संवाद स्थापित करने की यह अनूठी पहल है। आज मोबाइल वैन के माध्यम से जनसमस्या के निवारण हेतु छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत ने जनसभाएं की, सबसे पहले उन्होंने सीतापुर के विधानसभा क्षेत्र के बतौली ग्राम पंचायत की जनता से बात की और उनसे उनकी समस्याएं जानी। बतौली ग्राम पंचायत के मुख्य मार्ग बन जाने से जनता बहुत खुश थी, उन्होंने मंत्री अमरजीत भगत को धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने कोविड चिकित्सा केंद्र में बिस्तरों की संख्या बढ़ाने की मांग की। इस पर तुरंत निर्णय लेते हुए मंत्री अमरजीत भगत ने तत्काल जिला कलेक्टर सरगुजा को फोन पर बात की। उन्हें बिस्तरों की संख्या को 4 से ब? कर 10 करने के निर्देश दिए। इससे पहले यहां की जनता ने एक पानी की समस्या के बारे में बताया, आज इस संबंध में मंत्री ने उनसे जानकारी ली।

लोगों ने बताया कि जितने हैंडपंप उन्होंने शुरू करवाए थे, उससे काफी हद तक समस्या दूर हो गई है। इसके लिये ग्रामीणों ने मंत्री भगत के प्रति आभार प्रकट किया। साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि अमृत जल योजना के तहत घर-घर पानी की पाइप लाइन लगाने का कार्य शुरू हो चुका है।

# भूपेश बघेल ने निभाया वादा 14580 शिक्षकों की होगी जल्द नियुक्ति : विकास तिवारी

## बघेल से सीख लेकर मोदी सरकार को तीस लाख रिक्त पदों पर तत्काल नियुक्ति करना चाहिये

- कांग्रेस पार्टी वादा करती है तो उसे निभाती है भाजपा जैसे जुमलेबाज नहीं
- पूर्ववर्ती रमन सरकार के अकर्मण्यता, कमीशनखोरी के कारण शिक्षको की भर्ती नहीं की जा रही थी
- रमन राज में दो लाख से अधिक स्कूली बच्चों ने शिक्षकों की कमी के कारण छोड़ दिया था स्कूल जाना

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं सचिव विकास तिवारी ने प्रदेश सरकार द्वारा 14580 शिक्षकों की नियुक्ति का रास्ता खोलने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस सरकार को आभार व्यक्त किया है और कहा है कि शिक्षकों की नियुक्ति के बाद लगातार प्रदेश में शिक्षा के स्तर में सुधार होगा और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले गरीब एवं मध्यवर्गी बच्चों को सीधा फायदा मिलेगा। कांग्रेस पार्टी ने चुनाव के समय यह वादा किया था कि प्रदेश में रिक्त शिक्षक पदों में सीधी भर्ती की जाएगी और शिक्षा के स्तर एवं गुणवत्ता में सुधार के लिए कार्य किया जाएगा जो कि इस आदेश के बाद द्रुत गति से संपादित होगा।

कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी ने भारतीय जनता पार्टी और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह पर निशाना



साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के इस आदेश के बाद पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह और भारतीय जनता पार्टी को प्रदेश की जनता से माफी मांगना चाहिये क्योंकि पंद्रह वर्षो के कुशासन के कारण प्रदेश में लगातार शिक्षकों की कमी थी जिसके की कारण 2 लाख से अधिक गरीब और मध्यमवर्गीय बच्चों ने अपनी पढ़ाई लिखाई छोड़ दिये थे इसके सीधा जिम्मेवार पूर्वर्ती रमन सरकार ही थी। शिक्षा विभाग में भारी घोटाला करने वाली पूर्ववर्ती रमन सरकार का एकमात्र धेय कमीशनखोरी करना था जिसके कारण शिक्षकों की भर्ती को लटका कर रखा गया था छत्तीसगढ़ राज्य शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ा रहा जिसका श्रेय भी पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह और भारतीय जनता पार्टी को जाता है। भाजपा को बताना चाहिए कि किन कारणों से पंद्रह सालो में हजारो पदों में शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की गई थी जिसके कारण लाखों बच्चे स्कूल छोड़ने को मजबूर हो गए थे।

कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी ने पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह से मांग की है कि अब समय आ गया है कि केंद्र में जो तीस लाख रिक्त पद हैं उनमें कम से कम तीन लाख पदों पर प्रदेश के पढ़े-लिखे बेरोजगारों को रोजगार दिलाने का पहल उन्हें करना चाहिए पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह को तत्काल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर यह मांग भी करनी चाहिए कि जिस प्रकार कोरोना कोविड-19 महामारी के कठिन समय मे प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल ने अपना वादा निभाया और 14 हजार से अधिक शिक्षको को की सीधी भर्ती हेतु मार्ग प्रशस्त किया उसी प्रकार केंद्र की मोदी सरकार को भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सीख लेते हुए केंद्र में रिक्त पदों पर तत्काल नियुक्ति प्रारंभ कर देनी चाहिये।

# कलिंगा विवि के इंजीनियरिंग विभाग ने कम लागत में सैनिटाइजर गेट तैयार किया

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

कोरोना वैश्विक महामारी के दौर में शिक्षण संस्थानों में कोरोना वायरस से लोगो की सुरक्षा करना चुनौती बनी हुई है। कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए कलिंगा विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग ने बहुत कम लागत में एक सैनिटाइजर गेट को तैयार किया है। तथा कलिंगा विश्वविद्यालय के विज्ञान विभाग की टीम ने बहुत कम लागत में हैंड सैनिटाइजर बनाया है। यह सैनिटाइजर विश्व स्वास्थ्य संगठन की सिफारिशों के अनुसार निर्मित है। जो वायरस और बैक्टेरियल



स्ट्रेन्स के खिलाफ बचाव के लिए बहुत उपयोगी है।

कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी ने बताया कि विश्वविद्यालय के विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ. हिंडोले घोष और अभिषेक कुमार पांडेय ने इस सैनिटाइजर को बनाया है। जिसमें प्रति लीटर लागत खर्च बाजार में मिलने वाले सैनिटाइजर से काफी कम है। सैनिटाइजर में इ्रसोप्रिपिल अल्कोहल/एथानोल के अलावा ग्लाइसेरोल, हायड्रोजन परऑक्साइड और डियोजनाइज्ड जल का सोल्यूशनल शामिल किया गया है। सबसे पहले यह सैनिटाइजर विश्वविद्यालय के उन कर्मचारियों को निःशुल्क दिया जायेगा, जो सीधे जनता के संपर्क में आने वाले पहले लोग होते हैं। इसके पश्चात यह विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्य एवं विद्यार्थियों को भी उपलब्ध कराया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर श्रीधर, महानिर्देशक डॉ. बैजू जॉन और कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी ने विज्ञान विभाग के डॉ. हिंडोले घोष और श्री अभिषेक पांडेय के प्रयासों की सराहना की है और कहा कि- सैनिटाइजर ज्यादा से ज्यादा मात्रा में बनाना चाहिए और जितने ज्यादा संभव हो लोगो को ''नफ ा न नुकसान आधार' पर मुहैया कराया जाना चाहिए। डा. गांधी ने बताया कि कलिंगा विश्वविद्यालय अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के तहत समाज में कोरोना वायरस से लड़ाई में शिक्षित करने और सशक्त करने की भूमिका निभाने के लिए तत्पर है।

# पढ़ई तुहार द्वार का जायजा लेने कबीर नगर में पहुंचे शिक्षा मंत्री

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

अचानक शिक्षा मंत्री सामुदायिक भवन कबीर नगर के मोहल्ला स्कूल का निरीक्षण किया । जिसका संचालन रीता मंडल द्वारा किया जा रहा है। यहां पर हो रही शैक्षणिक गतिविधियों का मंत्री ने अवलोकन किया और बच्चों के प्रदर्शन को सराहा और शिक्षक और शिक्षा सखियों को इसके लिए बधाई दी।

मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम, रायपुर ग्रामीण विधायक सत्यनारायण शर्मा,जिला शिक्षा



अधिकारी जी आर चंद्राकार,डीएमसी पटले, यूआरसी शिरीष तिवारी, जिले के अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे।

## 'मोर बिजली' ऐप को विकसित करने, उपभोक्ता सेवाएं के लिए कंपनी के सॉफ्टवेयर को बेहतर बनाने के लिए प्रदान किया गया

# इंजीनियर ऑफ द ईयर अवार्ड से अंलकृत हुए पॉवर कंपनी के मनोज बजाज

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के इनर्जी इनफोटेक सेंटर में पदस्थ कनिष्ठ अभियंता मनोज बजाज को ''इंजीनियर ऑफ द ईयर 2020'' अवार्ड से अलंकृत होने का गौरव प्राप्त हुआ। राज्य स्तरीय यह पुरस्कार उन्हे कंपनी की बहुपयोगी मोबाइल ऐप ''मोर बिजली'' ऐप को विकसित करने, उपभोक्ता सेवाएं हेतु कंपनी के सॉफ्टवेयर को बेहतर बनाने के लिए प्रदान किया गया। कंपनी के इस निःशुल्क मोर बिजली ऐप को अब तक 4 लाख से अधिक उपभोक्ताओं ने डाउन लोड किया है। इसके अतिरिक्त मनोज बजाज द्वारा कंपनी के अधिकारियों के लिए प्रकाश मोबाइल ऐप, उपभोक्ताओं की शिकायत को दर्ज करने और निराकरण करने के लिए प्रकाश सॉफ्टवेयर, कंपनी के लिए डै गेटवे आदि









कई उल्लेखनीय कार्य किये गये।

प्रेक्टिशिंग इंजीनियर्स वेलफेयर एसोसिएशन सहित अभियंताओं के संयुक्त आयोजन में राज्य के उक्त बहुप्रतिष्ठित अवार्ड से प्रतिभाशाली अभियंता बजाज को महापौर एजाज ढेबर, पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, नगर निगम के सभापति प्रमोद दुबे, मुख्य अभियंता नीलकांत अग्रवाल ने विभुषित किया। इस उपलब्धि के लिए बजाज को पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन-होल्डिंग कंपनी के एमडी. श्री हर्ष गौतम ने बधाई दी तथा पॉवर कंपनी परिवार को अपनी योग्यता से भविष्य में भी ऐसे ही गौरवान्वित करने के लिए प्रेरित किया।

### मोर बिजली ऐप की खासियत

मनोज बजाज द्वारा विकसित मोर बिजली ऐप उपभोक्त ाओं के लिए अत्यंत उपयोगी है तथा इसे संचालित करना बेहद आसान है। उपभोक्त ागण गूगल पर जाकर अपने मोबाइल में इसे निःशुल्क डाउनलोड कर सकते है। और इसके माध्यम से घर बैठे कभी भी निम्नलिखित कार्य कर सकते है- 1. बिजली बिल की जानकारी। 2. ऑन लाइन बिजली बिल भुगतान। 3. बिजली बंद होने तथा बिल से सम्बंधित शिकायत दर्ज करना। 4. बीते बारह माह के बिजली बिल की जानकारी। 5. गत चैबीस माह के भुगतान की जानकारी। 6. बीते चैबीस माह के बिजली खपत पैटर्न की जानकारी। 7. बिजली बिल हॉफ योजना से पिछले 6 माह में मिली छुट का विवरण, 8. आपातकालीन शिकायत दर्ज करने की सुविधा, 9. मीटर रीडिंग भेजने की सुविधा, 10. बिजली की दरों की जानकारी जैसे और अन्य सुविधाएं भी इस ऐप पर उपलब्ध है।

# लूट के आरोपी गिरफ्तार उरला में की थी वारदात

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर की उरला थाना पुलिस ने लूट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। उरला पुलिस ने बताया सार्थक मेटल लिमिटेड के पास काम करने कंपनी जा रहे पीड़ित को दो व्यक्तियों ने शर्ट के सामने रखे मोबाइल जिओनी कंपनी का कीमत 6500 को लूट कर भाग गए। रिपोर्ट पर थाना उरला में अपराध पंजीबद्ध कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी की गई है। मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर संदेही तिलक साहू निवासी गंगानगर खमतराई को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने अपने साथी अश्विनी निषाद गंगानगर के साथ घटना घटित करना बताया, जो कि घटना के बाद से फरार है।





आरोपी तिलक साहू पिता फिरंता साहू के द्वारा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सीजी 04 एमटी 4060 और आइडिया कंपनी का मोबाइल आरोपी के कब्जे से जब्त किया गया। जुमला कीमती 36000 आरोपी का कृत्य अपराध धारा के 392 आईपीसी के पाए जाने से आरोपी तिलक साहू पिता फिरंता साहू उम्र 19 वर्ष साकिन गंगानगर खमतराई थाना खमतराई जिला रायपुर को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# विधायक मोहन मरकाम का जन्मदिवस, कार्यकर्ताओं ने अपने अंदाज में मनाया

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





कोंडागांव जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सह विधायक मोहन मरकाम का जन्मदिवस उनकी मंशानुरूप सादगी पूर्वक मनाया। 15 सितम्बर को मरकाम जी ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया था, कि मेरे जन्म दिन के अवसर पर मैं अपने शुभचिंतकों, कांग्रेसजनों से अनुरोध करता हूं, कि किसी भी प्रकार का समारोह आदि का आयोजन न किया जाय। सोशल डिस्टेंसिग का पालन करते हुए, लोगो की मदद की मैं अपेक्षा करता हूं। भोजन, दवाई, अस्पताल पहुचाना, रक्त दान, प्लाज्मा दान जैसे अनेकों माध्यम है, जिसे किया जा सकता है। कोरोना पीि?तों की आप सब तन मन धन से मदद कर सकें, वही मेरे प्रति मेरे जन्मदिवस के अवसर पर आपकी शुभेच्छा होगी।

बतादे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक मोहन ने इस वर्ष अपना जन्मदिन नही मनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने लिखा कोविड के इस संकट के समय मन बहुत व्यथित है। इस वैश्विक आपदा में हमने अपने बहुत से करीबियों को खोया है। सारा देश प्रदेश इस महामारी के प्रकोप के कारण परेशान है। कल क्या होगा ? कैसे होगा किसी को नही पता। काल के क्रूर हाथों की पहुंच रोज-रोज हमारे किसी अपने,परिचित, स्नेही तक पहुच रही है। देश मे 73000 हजार से अधिक लोगो की मौत इस आपदा से हो गयी है। लगभग 48 लाख लोग इस महामारी से पीड़ित हो चुके है। अपनो की तकलीफ से मेरा मन बहुत अशांत और आहत है। ऐसे समय पीड़ित मानवता की हम जितनी सेवा कर पाए वह ईश्वर की कृपा होगी।

**जिलाध्यक्ष झुमुक लाल दीवान ने गरीबों को भोजन वितरण किया :** जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष झुमुक लाल दीवान ने कोंडागांव में गरीबों को भोजन बाँट कर जन्म दिवस मनाया। इस अवसर पर झुमुकलाल दीवान ने बताया कि शहर के जरूरतमंद व गरीब लोगों को केवल मददगारों से ही आस है, जिनकी मदद से वे कोरोना की इस लड़ाई के बीच भूख से भी जंग जीत सकेंगे। पीसीसी ची? व विधायक मोहन मरकाम के द्वारा कोरोना संक्रमण की वजह से इस वर्ष अपना जन्मदिवस न मनाने का निर्णय लिया है, जिसका सम्मान करते हुए सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने उनका जन्मदिवस सादगी के साथ मनाया हम सभी कांग्रेसजन ईश्वर से उनके स्वास्थ्य व सुदीर्घ आयु की कामना करते है, इस अवसर पर असंगठित कामगार के जिलाध्यक्ष पारस गोस्वामी, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखबति मरकाम आदि उपस्थित रहे।

**शहर महिला कांग्रेस ने मास्क सेनेटाइजर बांट कर सादगी पूर्वक मनाया :** शहर महिला कांग्रेस ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व कोंडागांव विधायक मोहन मरकाम का जन्मदिन मास्क व सेनेटाइजर वितरण कर मनाया, इस अवसर पर शहर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष तब्बसुम बानो ने बताया कि विधायक जी के द्वारा कोरोना संक्रमण के वैश्विक आपदा जिससे आज देश प्रदेश सहित सारा विश्व परेशान व भयभीत है, आये दिन किसी अपने परिचित स्नेहीजन के कोरोना संक्रमित की खबर मन को दु:ख दे रही है। पीड़ा दे रही है ऐसे में उन्होंने इस वर्ष अपना जन्मदिवस न मनाने का निर्णय लिया है। जिसका सम्मान करते हुए शहर महिला कांग्रेस ने आज आमजनों को मास्क वा सेनेटाइजर वितरण कर उनका जन्मदिवस सादगी के साथ मनाया। हम सभी कांग्रेसजन ईश्वर से उनके स्वास्थ्य लाभ व सुदीर्घ आयु की कामना करते है, इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष एम यूसुफ रजवी, जिला महामन्त्री कपिल चोपड़ा, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष नन्दू दीवान, राजीव ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष रितेश पटेल, ननकी वैष्णव, हेमा देवांगन, माही रैकवार, सर्वेश सेठिया आदि उपस्तिथ रहे।

## डोंगा पखना शिवालय बफना में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हवन पूजन कर मनाया

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व कोंडागॉव विधायक मोहन मरकाम के जन्मदिवस पर उनकी दीर्घायु एवं सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के विकास की प्रार्थना करते हुए। कोरोना संकटकाल में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए मास्क व सेनेटाइजर के प्रयोग के साथ हवन पूजन का आयोजन ग्राम पंचायत बफना के डोंगा पखना शिवालय में किया गया। इस आयोजन में कोंडागॉव विधानसभा के सम्पूर्ण युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। एवं स्थानीय सरपंच लता नेताम का विशेष योगदान रहा मौजूद जनों ने मोहन मरकाम के दीर्घायु की प्रार्थना की एवं क्षेत्र विकास की दुआ मांगी कार्य म में मुख्य रूप से स्थानीय सरपंच गांव की प्रथम नागरिक लता नेताम, वरिष्ठ कांग्रेसी ब्रिज सोढ़ी, शहर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष तब्बसुम बानो, सचिव जिला कांग्रेस अनुराग पटेल, युंका नेता रितेश पटेल, विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस नंदू दिवान, सर्वेश सेठिया, महिला कांग्रेस नेत्री हेमा देवांगन, नयन मानिकपुरी, बफना उपसरपंच फूलचंद मंडावी, पंचगण कमलोचन नेताम, समलु देवांगन, दयाल सोढ़ी, देवनाथ नेताम, सुकु नेताम, गोपाल कोर्राम, त्रिलोचन समेत स्थानीयजन,काँग्रेसजन उपस्थित रहे।

## एनएसयूआई ने कोरोना पीड़ितों के लिए मल्टीविटामिन दिया

कोंडागांव एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के द्वारा 15 सितम्बर को डॉ टीआर कुंवर सीएमएचओ कोंडागांव को प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस कमिटी एवं विधायक मोहन मरकाम के जन्मदिवस पर उनकी मंशा अनुसार कोरोना सं मण के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए, कोरोना मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु, मल्टीविटामिन की टेबलेट्स प्रदान की जिससे कोविड-19 महामारी में किसी जरूरतमंद तक सहायता पहुच सके। एनएसयूआई अध्यक्ष सुमित श्रीवास्तव ने बताया कि कोंडागांव जिला में लगातार कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ते ही जा रही है। जिस अंकुश लगाने के लिए मास्क पहनना और फिजिकल डिस्टेंसिंग बहुत ज्यादा जरूरी है, अतः हम सभी को शासन प्रशासन द्वारा जारी किए जा रहे नियमों का पालन करना अति आवश्यक है। इस कोरोना संकट काल मे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सह विधायक मोहन मरकाम के अवतरण दिवस पर उनकी मंशा अनुरूप कोरोना मरीजों की रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए ही, मल्टीविटामिन की टेबलेट सीएमएचओ सर को दिए है।उक्त कार्य म में विधायक प्रतिनिधि बुधराम नेताम, सुमीत श्रीवास्तव, विकास कुंवर, रवि गौतम, योगेश नेताम, प्रियांश चौहान, हेम सागर, अरविंद नेताम एवं अन्य कार्यकर्ता गण उपस्तिथ रहे।

## सफाई कर्मचारियों का शाल श्रीफल देकर सम्मान किया

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संगठन प्रमुख एवं विधायक जन जन के नेता मोहन मरकाम के जन्म दिवस के अवसर पर स्वास्थ विभाग के कर्मचारी एवं सफाई कर्मियों का साल, श्रीफल, मास्क, सैनिटाइजर वितरण कर उनका सम्मान किया गया। उपस्थित विधायक प्रतिनिधि गजेंद्र राठौर, टोकेश्वरी नेताम, सरपंच सुकली पोयाम, पूर्व सरपंच जागेश्वर मरकाम आदि उपस्थित रहे।

# आदिवासियों को न्याय दिलाने धुर नक्सली क्षेत्र पहुंची

### अनुसूचित जनजाति आयोग की टीम, ग्रामीणों के साथ की बैठक

पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com

बैलाडीला पहाड़ी के समीप आलनार लौह अयस्क की पहाड़ी को फर्जी ग्राम सभा कर आरती स्पंज आयरन को बेचे जाने के आरोपो का संज्ञान लेने छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग सदस्य नितिन पोटाई धुर नक्सली क्षेत्र आलनार पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बैठक लेकर ग्रामीणों से चर्चा करते हुए वास्तविक स्थिति की जानकारी ली।पोटाई ने ग्रामीणों को बताया कि संविधान में अनुसूचित क्षेत्रों के लिए विशेष कानून बनाये गये हैं।सम्पूर्ण बस्तर संभाग में संविधान की पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत आते हैं एवं पेशा एक्ट लागू है। इसलिए यहां सबसे बड़ी संस्था ग्राम सभा है जहां सारे निर्णय लिये जाते हैं। बिना ग्राम सभा के प्रस्ताव के आदिवासी अंचल के किसी भी खदान को किसी संस्था अथवा कंपनी को लीज में नहीं दिया जा सकता यदि बिना ग्रामसभा के प्रस्ताव के आलनार गांव का तरालमेटा लौह अयस्क पहाड़ आरती स्पंज आयरन निजी कंपनी को




बेच दिया गया है, तो मामला गंभीर है।उन्होंने आगे कहा कि बस्तर अंचल खनिज संसाधनों की दृष्टि से काफी समृद्ध है इसलिए देश के बड़े-बड़े औद्योगिक घरानों के द्वारा इसे हासिल करने के लिए गलत तरीके अपनाये जा रहें हैं। जिससे आदिवासी हितों पर गहरा अघात पहुंच रहा है। आदिवासियों के साथ हो रहे अन्याय का आयोग पूर्ण रूप से संज्ञान ले रहा है उनके अधिकार का हनन नहीं होने दिया जाएगा। ग्रामीणों से चर्चा के दौरान सचिव एच के सिंह, निज सहायक जय सिंह राज संदीप कुमार मौजूद रहे।

# उप संचालक लल्लन सिंह निलंबित, जगदलपुर अटैच, छेड़छाड़ का था आरोप

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव जिला के पशुधन विकास विभाग अंतर्गत पशु चिकित्सालय में पदस्थ महिला कर्मचारी को उप संचालक डॉ लल्लन सिंह के द्वारा तथाकथित अपने कार्यालय में संलग्न कर लैंगिक उत्पीड़न किया जा रहा था। जिसके संबंध में छत्तीसगढ़ शासकीय लघु वेतन कर्मचारी संघ, व पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ संघ के द्वारा 1 दिन के सांकेतिक धरना प्रदर्शन जिला मुख्यालय कोंडागांव में किया गया। और मंत्री कृषि एवं पशुपालन विभाग रविंद्र चौबे, व कलेक्टर जिला कोंडागांव के नाम जिला पंचायत सीईओ को ज्ञापन सौंपा गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोंडागांव के द्वारा संघ संघ के प्रतिनिधिमंडल को अवगत कराया गया की वीशाखा कमेटी का रिपोर्ट प्राप्त हो चुका है, और कलेक्टर महोदय को कोरोना संक्रमण के कारण फाइल में हस्ताक्षर नहीं हो पाया है । कलेक्टर के स्वस्थ होने के पश्चात फाइल को पुलिस विभाग को सौंप दिया जाएगा।

तत्पश्चात एफआईआर दर्ज करते हुए आरोपी अधिकारी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। लेकिन संगठन के द्वारा पूरा 1 सप्ताह का समय देते हुए आरोपी अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने का निवेदन किया गया। समय अवधि में कार्यवाही नहीं होने पर जिला कोंडागांव के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं अधिकारियों के द्वारा जिला कोंडागांव सहित पूरे छत्तीसगढ़ के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। संगटन ने अपनी मेहनत पर भरोसा रखा और 14 सितम्बर को अवर सचिव पशु धन विभाग 36 ग? शासन द्वारा डॉ लल्लन सिंह को अपने अधीनस्थ महिला कर्मचारी के साथ यौन उत्पी?न किये जाने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलबिंत कर सयुंक्त संचालक पशुविभाग जगदलपुर संलग्न कर दिया है । जिससे कर्मचारी संघटन ने शासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से उपस्थित संघ के कर्मचारी

सफल धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से गिरजा शंकर साहू प्रांतीय सचिव छत्तीसगढ़ शासकीय लघु वेतन कर्मचारी संघ, चमन लाल वर्मा जिलाध्यक्ष शासकीय वेतन कर्मचारी संघ, दिनेश कुमार रायकवार प्रांत अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासकीय लघु वेतन कर्मचारी संघ, डॉ किरण साहसी पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ संघ, मुकेश कुमार देवांगन जिलाध्यक्ष पशुधन विकास विभाग समिति, गोवर्धन लाकड़ा उपाध्यक्ष, नीलकंठ शार्दुल संयोजक अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन, पीडी विश्वकर्मा उपाध्यक्ष अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन पशुधन विकास विभाग के डॉ सुरेंद्र कुमार नाग, डॉक्टर अजीत कुमार नायर, डॉक्टर नीता मिश्रा, डॉक्टरआरती मर्सकोले, मायाराम नेताम, सनत कोर्राम, मित्तर राम, सोन सिंह कश्यप उपस्थित रहे।

## भानपुरी ब्लॉक युवा कांग्रेस द्वारा रखा गया कार्यकर्ता सम्मेलन

**कोंडागांव।** नारायणपुर विधानसभा के अंतर्गत ग्राम मुंडागांव में भानपुरी ब्लॉक युवा कांग्रेस के द्वारा कार्यकर्ता मिलन समारोह रखा गया, इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ हस्त शिल्प विकास बोर्ड अध्यक्ष एवं नारायणपुर विधायक चंदन कश्यप एवं सुकमा जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश लखमा युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव एवं बस्तर जिला सांसद प्रतिनिधि सुशील मौर्य, सांसद प्रतिनिधि आशीष मिश्रा, नारायणपुर यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमित भद्र, विधानसभा अध्यक्ष देवेंद्र कोर्राम, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सोमारू कश्यप, विधायक प्रतिनिधि सलिक राम बघेल धनुर्जय नेताम, सरपंच संघ बस्तर ब्लॉक अध्यक्ष श्यामकुमारी ध्रुव, महिला कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष जया ध्रुव, सरपंच ललिता मौर्य, सोसल मीडिया विधायक प्रतिनिधि धर्मा पाढ़ी एवं वरिष्ठ कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस और एनएसयूआई के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।




# माओवादियों की विकास विरोधी एवं आदिवासी विराधी चेहरा को उजागर करने के लिए बस्तर पुलिस ने छेड़ा प्रति प्रचार युद्ध

- गोंडी, हल्बी एवं स्थानीय भाषाओं के माध्यम से माओवादियों के काले कारनामों को करेगा उजागर

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य गठन के पश्चात् जनसहयोग से नक्सल आतंक को समाप्त करना बस्तर पुलिस की सर्वोत्तम प्राथमिकता रही है। कुछ महिनों से बस्तर स्थानीय पुलिस बल एवं केन्द्रीय सुरक्षाबलों ने माओवादियों द्वारा किये गए, आतंक के विरूद्ध यह लड़ाई निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। साथ ही शासन द्वारा माओवादियों की हिंसा के विरूद्ध ''विश्वास-विकास-सुरक्षा'' की त्रिवेणी कार्ययोजना के सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे है।

पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज सुंदरराज पी. का मानना है कि नक्सली के विरूद्ध अंदरूनी क्षेत्र में किये जा रहे प्रभावी नक्सल विरोधी अभियान के साथ-साथ माओवादियों की विकास विरोधी एवं जनविरोधी चेहरा को उजागर करना अत्यंत आवष्यक है। इसी उद्देश्य से माओवादियों के विरूद्ध प्रति प्रचार युद्ध जारी किया जा रहा है।

**माओवादियों के काला कारनामों को किया जायेगा उजागर :** बैनर, पोस्टर, लघु चलचित्र, ऑडियों क्लिप, नाच-गाना, गीत-संगीत एवं अन्य प्रचार प्रसार के माध्यम से माओवादियों के काला कारनामों को उजागर किया जायेगा। स्थानीय गोंडी भाषा ''बस्तर त माटा'' एवं हल्बी भाषा में ''बस्तर चो आवाज'' के नाम से प्रारंभ किये जा रहे, इस अभियान के माध्यम से बस्तरवासियों के विचारों को बाहर की दुनिया तक पहुंचाया जाएगा।

**बस्तर त माटा'' एवं ''बस्तर चो आवाज'' :** पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से स्थानीय नक्सल मिलिशिया कैडर्स एवं नक्सल सहयोगियों को हिंसा त्याग कर समाज की मुख्यधारा में शामिल होने के लिए आत्मसमर्पण हेतु प्रेरित करेगा। ''बस्तर त माटा'' एवं ''बस्तर चो आवाज'' के नाम से प्रारंभ किया जा रहा जन जागरूकता अभियान के माध्यम से शीर्ष माओवादी नेताओं की विकास विरोधी एवं आदिवासी विरोधी मानसिकता होगी बेनकाब।

# आसमती फाउण्डेशन ने मोहन मरकाम के जन्मदिवस पर स्वर्ग रथ समर्पित किया

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व कोंडागांव विधायक मोहन मरकाम ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर कोंडागांव नगर के लिए किया स्वर्ग रथ समर्पित बस एक फोन कॉल पर उपलब्ध होगा स्वर्ग रथ 18 सितम्बर से देगी सेवाऐं।कोण्डागांव नगर में लंबे समय से नए शव वाहन की मांग उठ रही थी।

पूर्व की वाहन पुरानी होने से मुक्तिधाम तक शव ले जाने में स्थानीय लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। और लगातार नये शव वाहन की मांग स्थानीय शहर वासियों द्वारा की जा रही थी, इसे गंभीरता से लेते हुए छग प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व कोंडागांव विधायक मोहन मरकाम एवं उनके परिवार ने मुक्ति धाम तक शव ले जाने के लिए आसममती फाउण्डेशन के माध्यम से नई शव वाहन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया।

15 सितम्बर को मोहन मरकाम जी के जन्मदिवस के अवसर पर आसमती फाउण्डेशन के माध्यम से विधायक मोहन मरकाम एवं परिवार ने स्वर्ग रथ कोंडागांव की जनता को समर्पित किया है, जो 18 सितम्बर से अपनी सेवाएं देगा आसमती फाउण्डेशन, कोण्डागांव के द्धारा यह सेवा कोण्डागां से लगे आसपास के क्षेत्र में भी नि:शुल्क सेवा प्रदान करेगी। इसके लिए केवल आसमती फाउण्डेशन कोण्डागांव को एक फोन कॉल करना होगा। स्वर्ग रथ के चारों ओर चालक का व संस्था प्रमुख का सम्पर्क नम्बर दर्ज है जो बस एक कॉल में ही आपको यह सेवा तत्काल उपलब्ध कराएगी ।

### राहुल गांधी और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने जनवरी में दिया था संकेत

# बढ़ते कोरोना के लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार, कोरोना काल में भाजपा बन गई प्रापर्टी डीलर

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव विधायक प्रतिनिधि शिशिर श्रीवास्तव के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा गया कि वैश्विक महामारी ने देश को पूरी तरह से जक्ड़ लिया है, इसके लिए केंद्र सरकार पूरी तरह से जिम्मेदार है । यदि समय रहते पहले ही तैयारी कर ली गयी होती तो देश का ये हाल नही होता, कांग्रेस के सांसद और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत के लिए जनवरी फरवरी में ही खतरे का संकेत दे दिया था। पर केंद्र सरकार दिल्ली के शाहीन बाग, में बैठे प्रदर्शनकारी को कुचलने की योजना बना रहे थे। केन्द्र शासन के नेता भ?काऊ भाषण देने में व्यस्त थे, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के स्वागत सत्कार में लगी केंद्र सरकार को ट्रम्प के सामने कोरोना बिमारी बौनी दिख रही थी, और फिर मध्यप्रदेश की सरकार गिराने के बाद जब शिवराज गद्दी पर बैठे तो आनन फानन में रातो रात ही पूरे देश मे लॉक डाउन लगाने का अविवेकपूर्ण निर्णय प्रधानमंत्री ने लिया, जिससे देश मे अफरा तफरी मच गई और लाखों लोग बेरोजगार हो गए, हजारो लोग मारे गए।

पूरे देश मे अप्रवासी मजदूरों के सामने रोजी रोटी की समस्या आन पड़ी और वे पैदल ही अपने मूल निवास की ओर कूच कर गए । देश के प्रधानमंत्री ने इनके लिए किसी भी तरह परिवहन की व्यवस्था नही की, देश मे प्रधानमंत्री के आह्वान पर कोरोना को भगाने के लिए ताली थाली और दिया बाती जैसे अभियान चलाए गये, पर नतीजा क्या रहा उसका जग जाहिर है, अब तो भक्तो को बिहार चुनाव में प्रचार के दौरान मोदी जी और अमित शाह के आगे पीछे ताली, थाली और दिया बाती लेकर घूमना चाहिए और चिल्लाना चाहिए भाग कोरोना भाग, भक्तो के इस मूर्खतापूर्ण कार्य से लगता है कि वे जनता को मूर्ख समझ रहे है ।

वही इस विपदा की घड़ी में देश के प्रधानमंत्री जनता से मन की बात में आत्मनिर्भर की बात करते है, अर्थात हम कुछ नही कर सकते, जो करना है जनता करे, आपदा की घड़ी में अवसर तलाश करने की बात कर जनता को गुमराह कर रहे है, आत्मनिर्भर बनने की सलाह दे रहे हैं । यदि आपदा की घड़ी को अवसर में किसी ने तलाश किया है तो वे है देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी जिन्होंने कोरोना की आड़ में कई बड़े और मनमाने फैसले लिए है । जिसमे सबसे घातक फैसला बिना किसी योजना के देर से लॉक डाउन का साबित हुआ, केंद्र में बैठी सरकार केवल हुक्म सुनाती रही, कभी सब बंद करने का, तो कभी बाहर न निकले और निकले तो डंडे की मार, या भारी भरकम अर्थदंड, सब जनता ही झेले, कभी कहते है आरोग्य सेतु एप्प डाउन लोड करें ।

कुल मिलाकर ये केंद्र में सरकार नही चल रही है बल्कि सर्कस चल रहा है। कोरोना बीमारी के इस समय मे देश नही बिकने दूंगा कह कर गला फाड़ फाड़ कर चिल्लाने वाले प्रधानमंत्री कांग्रेस सरकार के द्वारा बनाये गए, सहकारी संस्थानों जैसे एयरपोर्ट, रेल्वे, स्टील प्लांट, बीएसएनएल, एलआईसी, एचसीएल को अपने करीबी उद्योगपतियों को बेचने की योजना बना रही है, कुछ को तो बेच भी दिया । देश की जनता मोदी सरकार को सरकारी संपत्तियों को बेंचने के लिये माफ नहीं करेगी। मोदी सरकार उद्योगपत्तियो को फायदा पहुंचाने के लिये सरकारी कम्पनियों को कौड़ी के मोल बेंचने में तुली है। एनएमडीसी की इकाई नगरनार की स्टील संयंत्र जो अभी शुरू नहीं हुआ, जिसमें बस्तरवासियों की भावनायें जुड़ी हैं, उसे भी निजी हाथों में सौपने का षड्यंत्र चल रहा है नगरनार क्षेत्र के आदिवासी और गैर आदिवासियों ने अपनी भूमि का अधिग्रहण सिर्फ इसलिए करने दिया था, कि एनएमडीसी इस संयंत्र का संचालन करेगा पर सरकार ने बड़ी चालाकी से अब सयंत्र को निजी हाथों में देने का कुचक्र चला रही है, इसके पहले भी अटल बिहारी की सरकार ने छत्तीसगढ़ में स्थित बालको सयंत्र को पानी के मोल बेच दिया था, जिसका कांग्रेस ने विरोध किया था।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर भाजपा मना रहा है सेवा सप्ताह





पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com

17 सितम्बर को भारत के जुझारू प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस है। जिसके लिए भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है सेवा सप्ताह के प्रथम दिन भाजपा महिला मोर्चा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से मुलाकात की। किरन्दुल महिला मोर्चा के सदस्य कोडेनार ग्राम पंचायत के भीमापारा,सुकुरु कैम्प,तालाब पारा पहुंचे और हितग्राहियों से बात की हितग्राहियों ने आवास के लिये प्रधानमंत्री का धन्यवाद दिया और बताया कि पहले हम कच्चे घर मे रहते थे लेकिन अब प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान में रहने को मिला ये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ही देन है और हम उनका धन्यवाद देते है। इस दौरान महिला जिला महामंत्री भावना सक्सेना,लक्ष्मी,ममता तथा भवानी सोनवानी मौजूद थे।

# आठ माह बाद जन्मदिन के मौके पर घर लौटी नगर की कोरोना वारियर्स

## मोहल्लेवालों ने ताली बजाकर पुष्पवर्षा के साथ किया स्वागत

पायनियर संवाददाता ⟨ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कोरोना के संकटकाल में चिकित्सक और चिकित्सा क्षेत्र से जुडे लोगो की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। कोरोना वारियर्स के रूप ये अपनी जान जोखिम में डालकर इस महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन पूरे समपर्ण और सेवाभाव से कर रहे है। ऐसी ही नगर की एक कोरोना वारियर्स बेटी ने लाकडाउन के शुरूआत से ही लगातार आठ माह तक रायपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में पूरी तत्परता और सेवाभाव से कोरोना मरीजो की सेवा कर मिशाल कायम की है। मंगलवार को आठ माह बाद वह वापस अपने घर गरियाबंद पहुची हैं। इस अवसर पर मोहल्लेवालो और नगरवासियो ने अपने इस कोरोना वारियर्स बेटी का पुष्पवर्षो और तालियो की ग?ग?ाहट के साथ स्वागत किया गया। इस नेक सेवा कार्य के लिए उसे आत्मीय बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।



### परिवार में खुशी का माहौल

ओमिता के सकुशल वापसी के बाद परिवार में खुशी का माहौल हैं। बड़े भाई विजय सिन्हा व पंकज सिन्हा ने बताया कि कोरोना संकट के कठिन समय में परिवार से दूर अस्साल में मरीजो की सेवा मे जुटी थी। यह समय बेहद कठिन था, पूरा परिवार उसे लेकर चिंतित था। हमे खुशी है कि इस संकटकाल में हमारी बहन ने बेहतर सेवाकार्य कर परिवार और गरियाबंद को गौरवांवित किया है।

ज्ञात हो कि नगर के वार्ड क्रमांक 15 में की 22 वर्षीय ओमिता सिन्हा विगत दो वर्ष से रायपुर के प्राइवेट हास्पीटल एनएचएमएमआई में नर्सिंग स्टाफा है। लेकिन जब देश में कोरोना संकट की स्थिति बनी तो जनवरी से ही स्वास्थ्य व्यवस्थाओ में बदलाव के साथ उसे कोविड 19 में मरीजों की सेवा के लिए एमआईसीयू स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका दी गई। जिसका उसने पूरा तत्परता, निडरता और सेवाभाव से निर्वहन किया। बिते आठ माह से वह अपने घर परिवार से दूर रायपुर में ही रहकर कोरोना मरीजो की सेवा की। इस दौरान उसने एक भी छुट्टी नही ली।

एक संक्षिप्त चर्चा में ओमिता सिन्हा ने बताया कि जब कोरोना संक्रमण के चलते संकटमय स्थिति उत्पन्न हुई तो अस्पताल प्रबंधन ने इस कठिन दौर में सेवा कार्य के लिए उसे चुना। परिवार वालो से चर्चा की तो उन्होने भी इस कार्य के लिए उन्हे प्रोत्साहित किया। शुरू में कोरोना माहौल को देखकर थोड़ा डर जरूर लगा परंतु प्रबंधन और परिजनो के हौसला औपजाई के बाद साहस बड़ा और उन्होने इस कार्य को पूरे निडरता और सेवाभाव से करने का निश्चय किया। इस दौरान एक बार वह खुद भी संक्रमित हो गई। 14 दिन तक क्वारेटाइन रही, स्वास्थ्य लाभ लिया और फिर स्वस्थ होकर फिर से कोरोना ड्युटी मे जुट गई। ओमिता ने बताया कि अस्पताल में ड्युटी के दौरान हर सात दिन में कोरोना टेस्ट भी होता था और सात दिवस क्वारेटाइन भी रहना पडता था।

### नगर पालिका अध्यक्ष सहित नगरवासियो ने की प्रशंसा

नगर के कोरोना वारियर्स बेटी का नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फु मेमन सहित नगरवासियो ने प्रशंसा की। नपा अध्यक्ष मेमन ने कहा कि ओमिता सिन्हा ने संकटकाल में मिशाल कायम करते हुए पूरे गरियाबंद का नाम रोशन किया है। ओमिता हम सब के लिए प्रेरणादायी है। इस नेक कार्य के लिए मै पूरे गरियाबंद की ओर से उसे बधाई देते हुए उसके स्वस्थ और उज्जवल भविष्य की कामना करता हूॅ। इस अवसर पर नगर पालिका के उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके सहित सभी पार्षदो, वरिष्ठ जन सत्यप्रकाश मानिकपुरी, प्रकाश रोहरा, हरीश भाई ठक्क र, लीलाराम सिन्हा, विनय दासवानी, अमित ठक्क र, अजय रोहरा, मनोज खरे, कमलेश पांडेय, दीपक सरवैया, सहित व्यापारी संघ, सिंधी समाज, सिन्हा समाज सहित विभिन्न समाज के लोगो ने उनको बधाई दी है।

# पीसीसी अध्यक्ष का जन्मदिन जिले के कांग्रेसियों ने सादगी के साथ मनाया

## जिला अस्पताल में मरीजो के बेहतर सेहत के लिए फल वितरण किया



पायनियर संवाददाता ⟨ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम के जन्मदिन को जिले के कांग्रेसियों ने सादगी के साथ मनाया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भावसिंग साहू के मौजूदगी में जिला मुख्यालय के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के जन्मदिन के अवसर पर जिला अस्पताल में मरीजों के बेहतर सेहत के लिए फल वितरण किया। इस दौरान शोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए कांग्रेसियों ने मरीजों के बीच पहुँच उनका हालचाल भी जाना। इससे पूर्व कांग्रेस कार्यकर्ता स्थानीय कांग्रेस भवन में कांग्रेस पार्टी को और ज्यादा सशक्त बनाने शासन की योजनाओं को साझा किया। जिलाध्यक्ष भावसिंग साहू ने कहाकि प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकम के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी में नई ऊर्जा का संचार हुआ है,श्री मरकाम ने कार्यकर्ताओं में लगातार नई ऊर्जा का संचार किया है। जिलाध्यक्ष श्री साहू ने आगे कहाकि कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष के मंशा के अनुरूप कार्य करें वर्तमान में सरकार की योजनाओं का लाभ वास्तविक हितग्राहियों तक पहुँचे इस बात की सतत निगरानी करने की आवश्यकता है। ताकि जरूरतमंद तक शासन की योजना पहुँच सके।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता एवं कोषाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी ओम राठौर,बीरू यादव ब्लाक अध्यक्ष ऋतिक सिन्हा शहर अध्यक्ष,गोरेलाल सिन्हा,

सफीक खान अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ,राजेश साहू पूर्व इंटक अध्यक्ष गरियाबंद,योगेश बघेल झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव,जनक ध्रुव प्रदेश महामंत्री आदिवासी प्रकोष्ठ, नीरज ठाकुर प्रदेश प्रतिनिधि, नेपाल यादव, डिलेश्वर देवांगन प्रदेश महामंत्री किसान प्रकोष्ठ,प्रकाश ठाकुर,विनोद राजपुत जिलाध्यक्ष झुग्गी झोपडी प्रकोष्ठ,नेहरू साहू सरपंच प्रतिनिधि भसेरा, लीलाराम साहू भसेरा एवं कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में अंग्रेजी कविता एवं गायन प्रतियोगिता आयोजित

पायनियर संवाददाता ⟨ भाटापारा
www.dailypioneer.com



गत दिनों मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में ऑनलाइन अंग्रेजी कविता एवं गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंग्रेजी कविता प्रतियोगिता कक्षा नर्सरी से दूसरी एवं गायन प्रतियोगिता कक्षा तीसरी से आठवीं तक के लिए रखी गई थी। जिसमें प्रतिभागियों ने विभिन्न परिवेश धारण कर हाव भाव के साथ सुंदर काव्य पाठ किया। गायन प्रतियोगिता में भी प्रतिभागियों ने विभिन्न देश भक्ति , छत्तीसगढ़ी, भजन एवं पुराने गीतों के माध्यम से अपनी सुमधुर आवाजों से सबका मन मोह लिया। इस प्रतियोगिता में लगभग 60 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। जिसमें कक्षा नर्सरी से प्रथम स्थान धैर्य केशरवानी व द्वितीय स्थान शिवम सोनी, कक्षा एलकेजी में प्रथम स्थान अरूही दुबे व द्वितीय स्थान यश निषाद , कक्षा यूकेजी में प्रथम स्थान पूर्वी वर्मा एवं द्वितीय स्थान दिव्यांशी साहू, कक्षा पहली में प्रथम स्थान सोनाक्षी यादव व द्वितीय स्थान निदा फातिमा, कक्षा दूसरी में प्रथम स्थान रूद्र दास व द्वितीय स्थान हर्ष साहू, कक्षा तीसरी में प्रथम स्थान आर्चीस विभा कोसले व द्वितीय स्थान जिज्ञासा साहू सांत्वना पुरस्कार समृद्धि कारिया को मिला। चौथी में प्रथम स्थान सांची वर्मा व द्वितीय स्थान गुनगुन उपाध्याय, पांचवी में प्रथम स्थान हेम शिखा यादव, द्वितीय स्थान आरुषि बाजपेई एवं सांत्वना पुरस्कार शशांक शुक्ला को मिला। छठवीं में प्रथम स्थान प्रतिक्षा जाधव ,द्वितीय स्थान अभिनव मिश्रा व सांत्वना पुरस्कार मृदुल शुक्ला को दिया गया। कक्षा सातवीं में प्रथम स्थान घटारानी साहू व द्वितीय स्थान रागिनी वर्मा, कक्षा आठवीं में प्रथम स्थान विशाल साहू व द्वितीय स्थान पवित्रा यादव को मिला। शाला परिवार की ओर से सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी गई।

# कोविड केयर सेंटरों में मितानिनों और स्वास्थ्य सहायकों की मदद ली जाएगी

पायनियर संवाददाता ⟨ भाटापारा
www.dailypioneer.com

बढ़ते मरीज भले ही चिंता में डालते हो लेकिन संतोष पहुंचाती है स्वस्थ होकर लौटने वाले मरीजों की संख्या। इस बीच कोविड केयर सेंटरों के लिए अब मितानिनों, स्वास्थ्य सहायकों की सेवाएं लिए जाने पर विचार गंभीरता के साथ किया जा रहा है क्योंकि सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था बनाए रखना भी उतना ही नहीं जरूरी है जितना संक्रमितों की जांच और देखभाल के काम का किया जाना।

कोरोना काल में हर क्षेत्र मानव श्रम के संकट से दो-चार हो रहा है। चिकित्सा क्षेत्र भी अछूता नहीं है लेकिन जिले की स्थिति देखी जाए तो प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की कमी के बावजूद जिस चुस्त प्रबंधन के बीच व्यवस्था पर नियंत्रण रखा गया है वह दूसरे जिलों के लिए एक सबक ही कही जा सकती है। संक्रमितों की पहचान और त्वरित इलाज के बीच केयर सेंटरों को जिस तेजी के साथ तैयार और चालू किया गया उससे प्रशासन की चुस्ती ही सामने आती है।



**ली जा सकती है इनकी सेवाएं :** जिला कोविड अस्पताल के बाद जिले के लगभग सभी ब्लॉक में खुल चुके कोविड केयर सेंटरों कीं व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए मितानिनों, स्वास्थ्य सहायकों और आंगनबाड़ी के ऐसे कर्मचारियों की मदद लेने की तैयारी कर रहा है जिन्हें आपात स्थितियों के लिए प्रशिक्षित किया गया है। यह प्रयास इसलिए हो रहा है ताकि केयर सेंटरों में जरूरत के दौरान इनकी सेवाएं तत्काल ली जा सके।

**इसलिए किया विचार :** जिला मुख्यालय का मानना है कि कोरोना काल में लगभग हर विभाग अपने स्तर पर सहयोग दे रहा है। इसमें सबसे ज्यादा दबाव इस समय स्वास्थ्य विभाग पर ही है। जिले के हर सिविल अस्पताल पर भी असर पड़ रहा है। मौसमी बीमारियों से ग्रसित मरीजों की संख्या बढ़ने और केयर सेंटरों के चालू हो जाने के बाद यह दबाव दोहरा पड़ चुका है। स्टाफ की कमी के बावजूद सेवाएं बाधित नहीं हो रही है तो इसके पीछे उनकी कर्तव्य परायणता ही है। बावजूद इसके काम का दबाव बढ़ता देख अब स्वास्थ्य सहायक, मितानिन और प्रशिक्षित कर्मचारियों की सेवा पर विचार गंभीरता से जारी है।

> जरूरत पड़ने पर मितानिनों आंगनबाड़ी के प्रशिक्षित कर्मचारियों और स्वास्थ्य सहायकों की सेवाएं ली जा सकती है। फिलहाल इस प्रस्ताव को विकल्प के रूप में रखा गया है।
> - डॉ खेमराज सोनवानी, सीएचएमओ बलौदाबाजार

# संजीवनी रक्तदाता संघ के सदस्य रवि निषाद ने अज्ञात व्यक्ति का थैला सुरक्षित लौटाया

पायनियर संवाददाता ⟨ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



ग्राम बंगोली निवासी समाज सेवक एवं संजीवनी रक्तदाता संघ के सदस्य भाई रवि शंकर निषाद सुबह के समय मॉर्निंग वॉक से घुमकर वापस लौट रहे थे तो उन्हें रोड में एक अज्ञात झोला मिला उसमें एक डायरी भी थी और उसमें अकाउंट से संबंधित जानकारियां के साथ ही उसमें अन्य वस्तुएं जैसे कपड़े और चार्जर थे उनका मोबाईल नबंर मिलने से उस अज्ञात व्यक्ति से संर्पक किया जिससे की उस नंबर से बात होने पर यह पता चला कि यह सामान भिलाई क्षेत्र में रहने वाले भरत निषाद का है। और उन्होंने अपने पड़ोसी नरेश निषाद को सामान लेने हेतु रवि शंकर निषाद के पास बंगोली भेजा जो की निषाद जी ने एक अज्ञात व्यक्ति के बहुमूल्य सामान को उन तक सुरक्षित पहुंचाकर इंसानियत का एक बहुत ही अच्छा उदाहरण समाज के सामने प्रस्तुत किया है जिसके लिए संस्था अध्यक्ष व समस्त सदस्यगण उन्हें बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देते हैं।

# किराया भंडार एवं साउंड संघ के नए जिलाध्यक्ष बने वीरू यादव

- पुष्पक बने गरियाबंद ब्लाक के अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता ⟨ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



मंगलवार को साई मंदिर प्रांगण में किराया भंडार एवं टेंट-साउंड संचालको की बैठक संपन्न हुई। जिसमें पहली बार जिला संगठन एवं गरियाबंद ब्लाक का गठन किया गया। इस अवसर पर सर्वसम्मति से आकाश टेंट हाउस गरियाबंद के संचालक वीरू यादव को संघ का जिलाध्यक्ष चुना गया। साथ ही घनश्याम सिन्हा गरियाबंद को संघ का संरक्षक बनाया गया। इसके अलावा सचिव मुकेश सिन्हा परसुली, सहसचिव हरिचंद्र साहू राजिम, चार उपाध्यक्ष भुवनेश्वर सिन्हा छुरा, रामलाल ध्रुवा गौरघाट, दिलीप सिंह राजपुत गरियाबंद, देवेन्द्र शर्मा राजिम तथा कोषाध्यक्ष नारायण लाल साहू कोपरा को नियुक्त किया गया।

इसी प्रकार पप्पु टेंट हाउस गरियाबंद के संचालक पुष्पक देवांगन को गरियाबंद ब्लाक का अध्यक्ष बनाया गया। इसमें उपाध्यक्ष गोपाल साहू व प्रमोद सिन्हा, सचिव मुकेश सोनी, सह सचिव चुन्नीलाल, कोषाध्यक्ष चन्द्रहास सिन्हा को नियुक्त किया गया। सदस्य उत्तम साहू, काशी राम यादव, रामदयाल ठाकुर, अनिल सिन्हा, दीपक सिन्हा, योगेन्द्र देवांगन, अतेश्वर, तेजराम, लोकेश, तुलेश्वर और लोकेश्वर होंगे। गठन के बाद नवनियुक्त जिलाध्यक्ष वीरू यादव ने बताया कि पहली बार जिला स्तर पर किराया भंडार एवं टेंट-साउंड संघ का गठन किया गया है। इससे सभी संचालको में उत्साह है। एकजुट होने का लाभ संघ के सभी पदाधिकारियो को मिलेगा। उन्होने बताया कि जिलास्तर के साथ साथ ब्लाक स्तर पर भी संघ का विस्तार किया जाएगा। मंगलवार को जिला के साथ गरियाबंद ब्लाक का भी गठन किया गया है। अब राजिम, छुरा, मैनपुर और देवभोग ब्लाक का भी जल्द गठन किया जाएगा। यादव के संघ के जिलाध्यक्ष बनने पर नगर के ओम राठौर, रितिक सिन्हा, राजेश साहू, भानुसिंह, प्रकाश सानी, आंनद गिरी, नरेन्द्र पाण्डे, आशु कन्सारी, रंनजीत साहनी, अवध याद, अरेन्द्र चन्द्रकार, जीतू सेन ने बधाई दी।

## करना होगा केयर सेंटरों का केयर हर रोज रिपोर्ट, हर रोज रैंक

# 8 कोविड केयर सेंटरों पर कलेक्टर की सीधी निगाह रहेगी

पायनियर संवाददाता ⟨ भाटापारा
www.dailypioneer.com



जिला कोविड अस्पताल के बाद अब खुलने जा रहे 8 कोविड केयर सेंटरों पर कलेक्टर की सीधी निगाह रहेगी। 5 बिंदुओं पर जानकारी मॉनिटरिंग टीम से होती हुई प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों के माध्यम से कलेक्टर तक प्रतिदिन पहुंचानी होगी। यह कड़ाई इसलिए बरती जा रही है ताकि केयर सेंटर की व्यवस्था में कहीं कोई परेशानी या दिक्कत ना आने पाए।

जिले में बढ़ते कोरोना संक्रमितों की संख्या और चालू होने जा रहे कोविड केयर सेंटरों की निगरानी स्वयं कलेक्टर रोजाना करेंगे। हर केयर सेंटर के लिए अलग-अलग मॉनिटरिंग टीम का गठन कर दिया गया है जो अपने अपने अधिकार क्षेत्र के सेंटर में 5 बिंदुओं पर सतत और प्रतिदिन निगरानी करेगी। 5 बिंदुओं के आधार पर की जाने वाली इस निगरानी के बाद भेजी गई रिपोर्ट की चार स्तरों पर समीक्षा करने के बाद सेंटरों की रैंकिंग की जाएगी और जरूरी सुधार के सलाह और निर्देश दिए जाएंगे।

**इन पांच बिंदुओं पर मॉनिटरिंग :** कलेक्टर के निर्देश पर गठित केयर सेंटरों की मॉनिटरिंग के लिए गठित टीम अपने क्षेत्र के केयर सेंटर की जांच के लिए जिन पांच बिंदुओं को केंद्र में रखकर समीक्षा करेगी उसमें सेंटर में भोजन व्यवस्था, साफ-सफाई प्रसाधन की स्वच्छता और उपलब्ध साधन, मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में दिए जाने के निर्देश है। अंतिम पांचवें बिंदु में सेंटर में भर्ती मरीजों में से कम से कम दो मरीजों से दूरभाष के माध्यम से फीडबैक की जानकारी देनी होगी। इस अंतिम बिंदु को इस लिए अनिवार्य माना गया है ताकि मॉनिटरिंग रिपोर्ट पूरी पारदर्शिता के साथ सामने आ सके।

### मिलेगा रैंक, सुधारी जा सकेगी व्यवस्था

कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए किए जा रहे उपाय के बीच केयर सेंटरों की भूमिका को और भी अधिक गंभीर और जिम्मेदार बनाने के उद्देश्य से तत्काल प्रभाव से लागू इस आदेश के बाद ऐसी समस्या से ना केवल मॉनिटरिंग टीम की जिम्मेदारी तय की जा सकेगी बल्कि केयर सेंटरों की व्यवस्था बनी रहेगी क्योंकि इस रिपोर्ट के आधार पर औसत से कम, औसत, अच्छा और बहुत अच्छा जैसे चार रैंक उस सेंटर की स्थिति को स्पष्ट करेंगे। कलेक्टर के इस फैसले और आदेश के बाद केयर सेंटरों में सुचारू व्यवस्था को शुरू से ही बनाए रखा जा सकेगा।

### पहले दिन से ही चालू

केयर सेंटर चालू होने के दिन से ही लागू होने वाली इस व्यवस्था के लिए मॉनिटरिंग टीम को अपने क्षेत्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्धारित प्रपत्र में यह जानकारी देनी होगी। यहां से जारी अनुशंसा और टीप के बाद यह प्रपत्र कलेक्टर तक पहुंचाया जाएगा जहां से इस रिपोर्ट की समीक्षा के बाद रैंक दिया जाएगा। खामियां मिलने पर सुधार के निर्देश दिए जाएंगे। संसाधनों की कमी वाले सेंटरों को तत्काल ऐसे संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी जिसकी कमी प्रपत्र में बताई जाएगी।

> यह व्यवस्था इसलिए की गई है ताकि केयर सेंटरों की सही स्थिति मुख्यालय तक पहुंच सके। इसमें मरीजों के मोबाइल से तस्वीरें भी मांगी जाएगी ताकि रिपोर्ट और स्थिति की वास्तविकता का पता चल सके। इन दोनों के मिलान के बाद खामियां दूर करने के काम किए जा सकेंगे।
> **- डॉ खेमराज सोनवानी,** सीएचएमओ बलौदाबाजार

# चिटफंड कम्पनियों में फंसे निवेशकों का पैसा दिलाने का वादा पूरा करे सरकार : फलेन्द्र

पायनियर संवाददाता ⟨ गरियाबंद
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ अभिकर्ता एवं उपभोक्ता सेवा संघ के बैनर तले मंगलवार को चिंटफंड कंपनी के ठगी का शिकार हुए जिले भर के निवेशको ने राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौपने के बाद संघ के जिलाध्यक्ष फलेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के लगभग बीस लाख निवेशकों की दस हजार करोड़ रूपए से भी अधिक की राशि विभिन्न चिटफंड कम्पनियों में फंसी हुई है। चिटफंड कंपनी में फसी राशि को दिलाने की मांग को लेकर 2015 से निवेशक लगातार धरना प्रदर्शन और आंदोलन कर रहे है। कई बार शासन प्रशासन को ज्ञापन दिया जा चुका है। इसके बाद भी अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई।

जिलाध्यक्ष फलेन्द्र साहू ने बताया कि 2018 में विधानसभा चुनाव के समय कांग्रेस ने अपने जन घोषणा पत्र के 34 बिन्दु में कहा था कि छत्तीसगढ़ राज्य में कांग्रेस की सरकार बनती है तो चिटफंड कम्पनियों पर कड़ी कार्यवाही करते हुए निवेशकों का पैसा वापस किया जायेगा, जिस पर विश्वास करके चिटफंड कम्पनियों में फंसे निवेशकों, अभिकर्ता ने कांग्रेस को वोट देकर छत्तीसग? में कांग्रेस की सरकार बनाने में सहयोग किया परंतु यह निराशाजनक है कि कांग्रेस की सरकार बने लगभग दो वर्ष बीतने जा रहे है, लेकिन किसी भी निवेशक का पैसा वापस नहीं हुआ है। संघ ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर मांग की है वे शासन प्रशासन को चिटफंड कम्पनियों में फंसे निवेशकों की पैसा वापस दिलाने के निर्देशित करे।

# 10वें दिन भी काली पट्टी में विरोध जारी रहा, 11 सूत्रीय मांगों को लेकर वन कर्मचारी 4 चरणों में सरकार को जगाने में लगे

पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ की बहुत पुरानी लंबित मांगों को लेकर एक बार फिर वन विभाग के भृत्य से लेकर उप-वनक्षेत्रपाल स्तर के कर्मचारी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर 4 कारणों में शासन को जगाने अपने अभी दान में जायज मांगों को लेकर सक्रिय हैं। जिसमें प्रथम चरण में समूचे छत्तीसगढ़ में पूरे जिलों में 7 सितंबर से काली पट्टी लगाकर अपना रोष व्यक्त कर कार्य कर रहे हैं, जो 20 सितंबर तक जारी रहेगा।

विगत दिनों प्रांत अध्यक्ष सतीश मिश्रा, प्रांतीय महासचिव मूलचंद शर्मा, संभाग अध्यक्ष विनोद मिश्रा, जिला अध्यक्ष श्यामलाल डडसेना, उप प्रांताध्यक्ष राम किशन साहू, दुर्ग अध्यक्ष प्रमोद यादव, दुर्ग संभाग के प्रवास के दौरान दुर्ग वृत्त में पदोन्नति समय पर ना होने को लेकर भी मुख्य वन संरक्षक दुर्ग से चर्चा की। जिसमें 17 सितंबर के पूर्व पदोन्नति आदेश जारी करने की बात कही है।






## जान को जोखिम में डालकर जंगलों में निष्ठा से कार्य कर रहे वन कर्मचारी

छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ प्रांत अध्यक्ष सतीश मिश्रा एवं प्रांतीय महामंत्री मूलचंद शर्मा ने जानकारी दी कि वन कर्मचारी विघड़ जंगलों में अपनी जान को जोखिम में डालकर खुले खजाने की रक्षा करने समय समय पर अवैध कटाई, अवैध निकासी की रोकथाम, निहत्थे जंगलों में अकेले रहकर निष्ठा से कार्य करते हैं तथा कोविड-19 घोर संकट के समय में भी 24 घंटे अपनी सेवाएं दे रहे हैं। फिर भी सुरक्षा कुछ भी नहीं और वेतन विसंगति भी दूर नहीं हो रहा है, जिससे कर्मचारी एवं उनके पूरे परिवार में पीड़ा है।

## हड़ताल पर जाने से होती है लाखों करोड़ो रुपए की क्षति

हमेशा छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ के हड़ताल पर जाने से अवैध कटाई, अवैध निकासी, अवैध उत्खनन तथा वन्य प्राणियों के शिकार अति मण बढ़ जाने से, करोड़ो लाखों रुपए की क्षति होती है। प्रांतीय महामंत्री शर्मा ने बताया कि सारे गतिविधियों एवं चार चरणों में चल रहे गतिविधियों से शासन प्रशासन को पूर्व में भी अवगत कराया जा चुका है। सारे कर्मचारी दूसरे चरण पोस्टकार्ड मुख्यमंत्री को भेजने की तैयारी पूर्ण करने अवगत कराया।

## इन मांगों को लेकर शासन प्रशासन का कराया ध्यान केन्द्रित

प्रांतीय अध्यक्ष एवं महामंत्री द्वय ने कि अपनी मांगों को लेकर अनुशासन में रहकर कर्मचारी संगठन चार चरण जिसमें प्रथम चरण काली पट्टी लगाकर रोज जारी है। दूसरे चरण में प्रदेश के हजारों कर्मचारी पोस्टकार्ड मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भेजकर अपनी पीड़ा व्यक्त कर मांग पूरा करने रूबरू होंगे। तृतीय चरण में भोजन अवकाश में जिला मुख्यालय में कर्मचारी उपस्थित होकर रोष व्यक्त करेंगे। अंत में सरकार अगर जायज मांग, जिसमें वेतन विसंगति समय पर पदोन्नति देने, सेटअप निर्धारण, पुनरीक्षित वर्दी भत्ता अन्य प्रांतों की तरह देने, अनुकंपा नियुक्ति, शिथलीकरण, लघु वनोपज कार्य कराने में संतोषजनक मानदेय एक माह का अतिरिक्त वेतन देने सहित प्रमुख मांगों पर विचार कर पूरा नहीं करती है, तो 12 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

# 75 नए आंगनबाड़ी केन्द्र के निर्माण के लिए 4 करोड़ 83 लाख की मिली प्रशासकीय स्वीकृति

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर महादेव कावरे ने महात्मां गांधी राष्टीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत जिले में 75 नए आंगनबाड़ी भवन बनाने के लिए 4 करोड़ 83 लाख 75 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। आगंनाबाड़ी बनाने के लिए मनरेगा के तहत् प्रति आंगनबाड़ी के मान से 5 लाख रुपए की राशि और महिला बाल विकास विभाग द्वारा 1 लाख 45 हजार कुल 6 लाख 45 हजार रुपए की राशि से आंगनबाड़ी भवन बनाया जाएगा। जिसमें जशपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत जुरगुम के हर्राकोना, पोखरटोली, टंगराटोली मे, ग्राम पंचायत तपकरा के नवाटोली में, ग्राम पंचायत गम्हरिया के स्कूलटोली में, ग्राम पंचायत बधिमा के जामनगर में, बालाझापर ग्राम पंचायत के भण्डारटोली में, ग्राम पंचायत किनकेल के सरनाटोली में, ग्राम पंचायत आरा के पुरनापानी बस्ती, इन्द्रारा आवास कालोनी, बथानटोली में, ग्राम पंचायत लोदाम के प्रेमनगर, तुम्ड़ीबगीचा, दुलदुला विकासखंड के ग्राम पचांयत दुलदुला के जोकताला, नवाटोली, नोनपानी, सुआरीकरीकोना, जूनाडीह, नदीटोली हरिजनटोली में, सरनाडीपा में, कुनकुरी विकासखंड के ग्राम पंचायत दाराखरिका के इन्द्रवास, ग्राम पंचायत चटकपुर के बरड़ाडटोली,सुखवासुपारा, ग्राम पंचायत खुटगांव के बेहराटोली, सुखवासूपारा, लोधरा ग्राम पंचायत के बुदियाचट्टान, विकासखंड पत्थलगांव ग्राम पंचायत मुडेकेला के माझीपारा, ग्राम पचांयत सुस्डेगा के कठरापारा, पालीडीह ग्राम पंचायत के घुटरीपारा, माझापारा, सुकबासूपारा, सेमरपारा, नवापारा, पटेलपारा, खालपारा, दौवापारा, बालमपारा, भालूढोढ़ा, पनिकापारा, बुलुपारा, झगड़पारा, घोटोमुंडा, सरईपारा, ढोढ़ीडीह, कोरवापारा, लुडबडीपरा, सरईचोडा, कोसमभावना, भौलापारा, उरांव पारा, बथानपारा, कंवर पारा, माझीपारा, कांसाबेल विकासखंड के पश्चिमटोली, छेराघोघर,सुखबासूपारा, मयारटोली, साहूपारा, रायटोली, करमटोली, मनोरा विकासखंड के कोरावाटोली, संरगापाठ, लाझूपारा, कोडरोटोली, कुबड़ीबथान, पोड़ीकोना, फरसाबहार विकासखंड के डुमरिया, नवाटोली, मुण्डाडीपा, सुकबासूपारा, केरवारजोर बीचबस्ती में, धीककड़पारा और समानडांड में आंगनबाडी भवन के निर्माण कार्य किया जाएगा।

# लोक निर्माण विभाग कार्यालय में अभियंता दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता ✓ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव लोक निर्माण विभाग कार्यालय में 15 सितंबर 2020 को भारत रत्न डॉ मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया जी जन्म जयंती के अवसर पर छायाचित्र में माल्यार्पण करके दीप प्रज्वलित किया गया।

इस अवसर पर समस्त अभियंता लोक निर्माण विभाग के मुख्य अधिकारी, एचएस सलाम ने मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया जी की जीवन पर रोशनी डालते हुए कहा की एक महान इंजीनियर थे।

भारत रत्न से सम्मानित मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया का जन्म (15 सितंबर 1860) को हुआ था विकास में उनका अतुलनीय योगदान और बेहतरीन कार्यों को ध्यान में रखते हुए साल 1955 में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। सम्मान में समस्त अभियंता लोक निर्माण विभाग के कार्यालय जिला मैं बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में में उपस्थित एचएस सलाम कार्यपालन अभियंता, आरएन उसेंडी अनुविभागीय अधिकारी, पूर्णिमा कौशिक विभागीय अधिकारी, उप अभियंता एसके सिरदार, अशोक कुमार कुंजाम, प्रमोद कुमार नेताम, दीपक शर्मा, जितेंद्र साहू, हरीश नेताम, गुलशन ठाकुर, कु वर्षा जैन, देवेंद्र कुमार अग्रवाल, कार्यालयिन कर्मचारी पीएन बिहारी, लोकेश पात्र, बीपी शर्मा, दया निधि पांडे, लीलाधर आचार्य, चमन लाल वर्मा, वीरेंद्र बघेल एवं समस्त लोक निर्माण विभाग के स्टाफ उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने जशपुर पुरातत्व संग्राहलय का किया अवलोकन

## अधिकारियों से चर्चा करके संग्राहलय के देखरेख और सुरक्षा के संबंध में दिए दिशा निर्देश

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





जिला प्रशासन के द्वारा जिले में अपने आप में अनूठा और आकर्षक पुरातत्व संग्राहलय जिला खनिज न्यास निधि संस्थान से 25 लाख 85 हजार की लाख से बनाया गया है। कलेक्टर श्री महादेव कावरे ने आज पुरातत्व संग्राहलय का निरीक्ष्ज्ञण करके पुरातात्विक चीजों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों की बैठक लेकर पुरातत्व संग्राहलय को हेण्डओवर करने और संग्राहलय के किनारे में कैन्टीन की भी सुविधा उपलब्ध कराने की चर्चा की गई। उन्होंने अधिकारियों को संग्राहलय के सुरक्षा व्यवस्था और देखरेख के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। संग्राहलय को नया मूर्त रूप दिया गया है। संग्राहलय का लाभ जशपुर जिले के आस-पास के विद्यार्थियों को मिलेगा। साथ ही क्षेत्रीय विशेषताओं की पहचान होगी। पुरातात्विक इतिहासिक चीजों को बचाने एवं संरक्षित रखने हेतु अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। संग्राहलय में 13 जनजाति बिरहोर, पहाड़ी कोरवा, असूर जनजाति, उरांव, नगेशिया, कवंर, गोंड, खैरवार, मुण्डा, खड़िया, भूईहर, अघरिया आदि जनजातियों की पुरानी चीजों को संग्रहित करके रखा गया है। संग्राहलय में तीन कमरा, एक गैलरी में पुरातात्विक चजों को संरक्षित करके रखा गया है। संग्राहलय में लघु पाषाण उपकरण, नवपाषाण उपकरण, एतेहासिक उपकरणों को रखा गया है। साथ ही भारतीय सिक्के 1835 से 1940 के सिक्कों को संग्रहित करके रखा गया है। संग्राहलय में मृद भांड, कोरवा जनजाति के डेकी, आभूषण, तीर-धनुष, चेरी, तवा, डोटी, हरका, प्रागैतिहासिक काल के पुरातत्व अवशेष के शैलचित्र को भी रखा गया है। साथ ही जशपुर में पाए गए शैल चित्र के फोटोग्राफ्स को भी रखा गया है। अनुसूचित जनजाति के सिंगार के सामान चंदवा, माला, ठोसामाला, करंजफूल, हसली, बहुटा, पैरी, बेराहाथ आदि को भी संरक्षित किया गया है। संग्राहलय में चिम्टा, झटिया, चुना रखने के लिए गझुआ, खड़रू, धान रखने के लिए बेंध, नमक रखने के लिए बटला, और खटंनशी नगेड़ा, प्राचीन उपकरणों ब्लेड, स्क्रेपर, पाईट, सेल्ट, रिंगस्टोन रखा गया है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर आई.एल.ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर आकांक्षा त्रिपाठी, जशपुर के जनपद सीईओ प्रेम सिंह मरकाम, मुख्यनगरपालिका अधिकारी बंसत बुनकर, तहसीलदार लक्ष्मण राठिया, पुरातत्वविद् अंशुमाला तिर्की, बालेश्वर कुमार बेसरा, अक्षय घुमे एवं एसडीओ बी.आर.साहु, कार्यपालन अभियंता टी.एक्का, सब इंजिनियर राजेश श्रीवास्तव एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# बीच बस स्टैण्ड की दो दुकानों के टूटे ताले पुलिस पेट्रोलिंग और गश्त की खुली पोल

## चोरों के हौसले बुलंद, पान दुकान में दिन दहाड़े हो चुकी है उठाई गिरी

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कोरोना काल में लगे लॉक डाउन के खुलते ही चोरी की घटनाएं बढ़ने लगी है। सिटी कोतवाली क्षेत्र जशपुर में बस स्टैण्ड की ही दुकानों को चोर निशाना बना रहे हैं और चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। बीते शनिवार को बस स्टैण्ड में होटल चार मीनार के पास स्थित ताम्रकार हार्डवेयर का ताला तोड़ा गया और अब मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात मार्डन क्लॉथ के सामने स्थित पिंटू बैग दुकान का ताला तोड़ा गया। ताम्रकार हार्डवेयर के संचालक संतोष ताम्रकार ने बताया कि चोरों ने उसके दुकान का ताला तोड़ने के साथ ही दरवाजे को नुकसान पहुंचाया लेकिन सामान चुराने में सफल नहीं हुए। वहीं पिंटू बैग दुकान के संचालक मुस्तफा खान ने बताया कि उनके दुकान से चोरों ने 10 हजार रुपए नगदी की चोरी कर ली। इसकी जानकारी उन्होंने लिखित में सिटी कोतवाली में दी है। तीन दिन के भीतर सिटी कोतवाली से नजदीक बीच बस स्टैण्ड में ताला टूटने की घटना ने पुलिस की गश्ती और पेट्रोलिंग पर सवालिया निशान लगा दिया है। रात भर गश्त करने वाली टीम के होने के बावजूद बस स्टैण्ड की प्रमुख दुकानों को निशाना बनाकर ताला तोड़ा जा रहा है।




### पान दुकान से उठाई गिरी

लॉक डाउन के बाद दुकानों के खुलने का सिलसिला जैसे ही शुरू हुआ वैसे ही चोर भी सक्रिय होने लगे हैं। कुछ महीने पहले बस स्टैण्ड में स्थित चौरसिया पान दुकान में दिन दहाड़े उठाईगिरी की घटना को अंजाम दिया गया। दोपहर में एक आरोपी दुकान पहुंचकर सामान लेने के बहाने चकमा देकर गल्ले से पैसा निकालकर भाग गया। और अब दो दुकानों का ताला तोड़कर पुलिस की गश्त और पेट्रोलिंग टीम की पोल खोल दिया गया।

पेट्रोलिंग टीम नियमित रूप से शहर में घूम रही है। उसके बाद भी कहीं लापरवाही हो रही है तो उन्हें ठीक किया जाएगा और निगरानीशुदा बदमाशों पर ध्यान रखा जाएगा।

**आरएस परिहार,** एसडीओपी जशपुर

# कोरोना से पांचवीं मौत...सीआरपीएफ सब इंस्पेक्टर की इलाज के दौरान मौत

## मेडिकल कालेज में चल रहा था इलाज, वही एक महिला ने तोड़ा दम

पायनियर संवाददाता ✓ सुकमा
www.dailypioneer.com

कोरोना संक्रमण की रफ्तार बढ़ती जा रही है। सुकमा जिले में कोरोना से चौथी मौत हो गई है। मेडिकल कालेज में भर्ती सीआरपीएफ के जवान ने इलाज के दौरान दम तोड़ा। कोविड इंचार्ज नवीन दुलानी ने की पुष्टि। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सीआरपीएफ 150 का सब इंस्पेक्टर को कोरोना पॉजिटिव निकला था जिसके बाद सुकमा अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके बाद तबियत ज्यादा खराब होने के कारण 13 सितंबर को मेडिकल कालेज रैफर किया गया था। जहां जवान को आईसीयू में रखा गया था। वहां जवान की आज मौत हो गई है। वही अब तक सुकमा जिले में यह चौथी मौत हुई है। इससे पहले कल आरक्षक की मौत हो गई थी। वही अब कोरोना से दो सीआरपीएफ के जवान, एक आरक्षक व एक नागरिक की मौत हो चुकी है।

वही एक महिला ने तोड़ा दम

जिले के दोरनापाल नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 07 में एक महिला की मौत हो गई। सुबह अचानक तबियत खराब हुई और मौत हो गई। जिसके बाद कोरोना जांच किया गया जिसमें कोरोना पॉजिटिव आया।



एडलवेइस असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड
Edelweiss Asset Reconstruction
सीआईएन–यू67100एमएच2007पीएलसी174759
रिटेल सेंट्रल ऑफिसः प्रथम तल, एडलवेइस हाउस, ऑफ सी.एस.टी. रोड, कलीना, मुंबई–400098
पंजीकृत कार्यालयः एडलवेइस हाउस, ऑफ सी.एस.टी. रोड, कलीना, मुंबई–400098

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन

अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन एडलवेइस असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड ("ईएआरसी") का प्राधिकृत अधिकारी है। अधोहस्ताक्षरी ने अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन एक मांग सूचना जारी की है, जिसमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) से उनको जारी की गई संबंधित मांग में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतदद्वारा एक बार पुनः कर्जदारों को सूचना दी जाती है कि वे ईएआरसी को यहां नीचे निदर्शित राशियां, उक्त कर्जदार(रों) द्वारा निष्पादित ऋण अनुबंध के साथ पठित अन्य प्रलेखों/आलेखों, यदि कोई, उक्त मांग सूचना में वर्णित तिथि से भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक आगे ब्याज के साथ, इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिन के भीतर चुका दें। उक्त कर्जदार(रों) द्वारा ऋण के सम्यक् प्रतिभुगतान के लिए, निम्नलिखित आस्तियां ईएआरसी के पास बंधक रखी गई हैं।

| क्र. सं. | ऋण खाता संख्या/ कर्जदार (रों)/सह– कर्जदार (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि एवं राशि | न्यास एवं समनुदेशक का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | ऋण खाता संख्या : एचएल/0065/एच/14/100045 श्री राम प्रकाश साहू ("कर्जदार") श्रीमती श्यामलाल साहू ("सह–कर्जदार") | 03–09–2020 एवं रू. 21,77,478.17 | ईएआरसी ट्रस्ट एससी–370 एवं मैग्मा हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड |
| | प्रतिभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णनः सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंडः खसरा नंबर 1080, परिमाप 0.12 हेक्टेयर, कौशलपुर, तहसीलः रामानुज नगर, पी.एच. नंबरः 22, आर.आई. सर्किल, रामानुज नगर, तहसील जिला – सरगुजा, जिसका अधिक स्पष्ट वर्णन दस्तावेज क्र. सं. 1541 दिनांकित 22–02–1993 के रूप में पंजीकृत विक्रय विलेख में किया गया है। चौहद्दी उत्तरः नंद लाल की भूमि, दक्षिणः गली, पूरबः रोड, पश्चिमः नंद लाल की भूमि | | |
| 2 | ऋण खाता संख्याः एफबीएफ00023एन मैसर्स सैनिटरी वाला ("कर्जदार") मैसर्स बजाज एंटरप्राइजेज ("सह–कर्जदार") श्री अशोक बजाज ("सह–कर्जदार") श्री महेश बजाज ("सह–कर्जदार") सुश्री लीला राम बजाज ("सह–कर्जदार") सुश्री इजाना बजाज ("सह–कर्जदार") श्री चंचल दास बजाज ("सह–कर्जदार") | 09–09–2020 एवं रू. 1,40,42,095.18 | ईएआरसी ट्रस्ट एससी–353 एवं इंडसइंड बैंक लिमिटेड |
| | प्रतिभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन : आइटम नंबर 1 – सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति श्याम मार्केट, दुकान नंबर बी–3, क्षेत्रफल परिमाप 400 वर्ग फीट, खसरा नंबर 117/2 तथा 136/1 का भाग, ग्राम पंड्रिटराई, पीएच नंबर 109, सिटी, तहसील एवं जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ में और पर सभी अधिकार, स्वत्वाधिकार और हित। जिसका अधिक स्पष्ट वर्णन श्री लीला राम के नाम में विलेख संख्या 8533/1992 में किया गया है। चौहद्दी उत्तर : रोड, दक्षिण : दुकान नंबर ए–28, पूरब : दुकान नंबर बी–आईएन, पश्चिम : दुकान नंबर बी–4 आइटम नंबर 2 – सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : डाइवर्टिड भूमि खसरा नंबर 1361/16–17 एवं 1362/23–24, क्षेत्रफल 1740 वर्ग फीट, मौजा खास दुर्ग, गुरूनानक नगर आमदी मंदिर वार्ड, पीएच नंबर 16/24, दुर्ग, छत्तीसगढ़, जिसका अधिक स्पष्ट वर्णन एसआरओ दुर्ग द्वारा वॉल्यूम नंबर 8007 पेज नंबर 09–11 तथा दस्तावेज नंबर 616 में 17–04–1990 को पंजीकृत श्री लीला राम तथा श्री चंचल दास के नाम में विलेख में किया गया है। चौहद्दी उत्तर : हीरा लाल का प्लॉट, दक्षिण : सरदार का मकान, पूरब : आम रोड, पश्चिम : 5 फीट गली | | |
| 3 | ऋण खाता संख्याः एफआरवी00008एन तथा एफआरवी00185एन मैसर्स विजय इलेक्ट्रॉनिक्स ("कर्जदार") श्रीमती सोनम पिंजानी ("सह–कर्जदार") श्री राजेश कुमार पिंजानी ("सह–कर्जदार") | 09–09–2020 एवं रू. 1,22,00,460.51 तथा रू. 55,63,519.39 | ईएआरसी ट्रस्ट एससी–353 एवं इंडसइंड बैंक लिमिटेड |
| | प्रतिभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन : आइटम नंबर 1 – सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : अचल सम्पत्ति, सर्वे नंबर 436/4 का भाग, भूमि क्षेत्रफल परिमाप 1500 वर्ग फीट (उसके ऊपर निर्माण सहित) रिखियापारा, पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड नंबर 37, ग्राम रायपुर खास, पीएच नंबर 106–ए, आरआईसी रायपुर–1, सिटी, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़, जिसका अधिक स्पष्ट वर्णन श्री राजेश कुमार पिंजानी के नाम में विलेख संख्या 9963/1996 में किया गया है। चौहद्दी उत्तर : अन्य की सम्पत्ति, दक्षिण : रोड, पूरब : विक्रेता की सम्पत्ति, पश्चिम : अल्का ग्लास कम्पनी आइटम नंबर 2 – सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : अचल सम्पत्ति, प्लॉट नंबर 54, सर्वे नंबर 7/14, 7/15, 7/16 एवं 7/83 का भाग, भूमि परिमाप 1500 वर्ग फीट (उसके ऊपर निर्माण सहित) ग्राम सड्डू, पीएच नंबर 109, आरआईसी रायपुर–1, कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड नंबर 26, सिटी तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़, जिसका अधिक स्पष्ट वर्णन श्री राजेश कुमार पिंजानी के नाम में विलेख संख्या 4774(के)/2007 में किया गया है। चौहद्दी उत्तर : प्लॉट नंबर 55, दक्षिण : प्लॉट नंबर 53, पूरब : रोड, पश्चिम : प्लॉट नंबर 43 | | |
| 4 | ऋण खाता संख्या : एफआरवी00108एन एवं एफआरवी00207एन मैसर्स स्वास्तिक ट्रेडिंग कम्पनी ("कर्जदार") श्री रवीन्द्र दिवाकर ("सह–कर्जदार") श्री विद्याधर गणपतराव डल ("सह–कर्जदार") | 09–09–2020 एवं रू. 28,10,852.40 तथा रू. 10,07,646.79 | ईएआरसी ट्रस्ट एससी–353 एवं इंडसइंड बैंक लिमिटेड |
| | प्रतिभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर 384, खसरा/सर्वे नंबर 351/2, क्षेत्रफल परिमाप 112 वर्ग मीटर, टीकरापारा, पी.एच. नंबर : 114, आर. आई. सर्किल, रायपुर–1, सिटी, तहसील जिला – रायपुर, छत्तीसगढ़, जिसका अधिक स्पष्ट वर्णन श्री वी जे दलाल के नाम विलेख 17101/1992 में किया गया है। चौहद्दी उत्तर : प्लॉट नंबर 383, दक्षिण : प्लॉट नंबर 383, पूरब : रोड, पश्चिम : प्लॉट नंबर 384 | | |

यदि उक्त कर्जदार ईएआरसी को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में असफल रहेंगे, तो ईएआरसी उपरोक्त प्रतिभूत आस्ति के संबंध में अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन, पूर्णतया उक्त कर्जदार(रों) की जोखिम, लागत और परिणामों के आधार पर कार्यवाही आरंभ करेगी। कर्जदारों को अधिनियम के अधीन, ईएआरसी की पूर्व लिखित सहमति के बिना, उपरोक्त आस्तियों का हस्तांतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से करने से निषेध किया गया है। कोई व्यक्ति, जो अधिनियम के प्रावधानों अथवा तदधीन विरचित नियमों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा।

तिथि : 17–09–2020
स्थान : मुंबई
हस्ता./–, प्राधिकृत अधिकारी
वास्ते एडलवेइस असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड

## महिला स्व-सहायता समूह से रेडी-टू-ईट पूरक पोषण आहार प्रदाय करते हेतु प्रस्ताव आमंत्रित

**जशपुरनगर।** महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्य म अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जशपुर जिले की अधोलिखित बाल विकास परियोजना और परियोजनाओं में आंगनबाड़ी मिनी केन्द्रों में रेडी-टू-ईट गर्म भोजन पूर्वक पोषण आहार प्रदाय हेतु सक्षम महिला स्व-सहायता समूह से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए है। आवेदन पत्र महिला एवं बाल विकास विभाग जशपुर कार्यालय से आवेदन पत्र कार्यालयीन समय में 27 सितम्बर 2020 से 05 अक्टूबर 2020 तक अपरान्ह 4 बजे तक प्रस्तुत किए जा सकते हैं। जशपुर परियोजना के सेक्टर सारूडीह में 29 आंगनबाड़ी केन्द्र एवं 24 मिनी केन्द्र है।

**कार्यालय, उपनिदेशक, उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**

Phone (o) : 07706-241229 Fax : 07706-241229 Email ld-ddustr@gmail.com

**संक्षिप्त निविदा सूचना**

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक / 09 दिनांक 15.09.2020

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपनिदेशक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद की ओर से वित्तीय वर्ष 2020-21 में आवश्यक भण्डार सामाग्री (Dart Gun क्रय) हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। जिस हेतु विस्तृत निविदा प्रपत्र एवं आवश्यक शर्तें अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से दिनांक 21.09.2020 से 11.10.2020 दोपहर 12:00 बजे तक 500/- रुपये नगद शुल्क जमा कर पूर्ण आवेदन के साथ प्रस्तुत करने पर प्राप्त किया जा सकता है। प्रथम बार में निविदा दिनांक 12.10.2020 को कार्यालयीन समय 3:00 बजे दोपहर को खोली जावेगी। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में प्रथम निविदा असफल होने पर निविदा की द्वितीय तिथि दिनांक 15.10.2020 को समय 3:00 बजे एवं तृतीय निविदा की तिथि दिनांक 19.10.2020 को समय 3:00 बजे निर्धारित की जाती है।

अनुमानित मूल्य :- 3,50,000.00 रुपये
निविदा खोलने का स्थान :- कार्यालय उपनिदेशक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद।

उपनिदेशक
उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व
गरियाबंद

जी-83704/3

**न्यायालय तहसीलदार कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**

**// संशोधित ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. /202007200100009/अ-21/19-20
मौजा-कोण्डागांव, प.ह.नं.-15

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्रीमती हाजरा बेगम पति स्व. शेख रहमान जाति मुसलमान साकिन कोण्डागांव डोंगरीपारावार्ड तहसील व जिला कोण्डागांव ने ग्राम कोण्डागांव में स्थित निज स्वामीत्व की भूमि खसरा नंबर 740/29 रकबा 0.008 हेक्टेयर या 1000 वर्गफीट भूमि को भवन निर्माण हेतु राशि की आवश्यकता होने पर रुपये 8,95,000.00 (आठ लाख पंचानब्बे हजार) में क्रेता श्रीमती रूहीना खान पति स्व. सलीम खान जाति मुसलमान साकिन कोण्डागांव डोंगरीपारावार्ड तहसील कोण्डागांव को विक्रय किये जाने की अनुमति बाबत् प्रस्तुत आवेदन पत्र जांच हेतू प्राप्त हुआ है।

उक्त आवेदन के संबंध में यदि कोई व्यक्ति दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वह अपना आवेदन पत्र न्यायालय की सुनवाई तिथी 21.09.2020 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथी के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.09.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
कोण्डागांव

**कार्यालय, नगर पालिका निगम, भिलाई, जिला-दुर्ग, जोन क्रमांक-03**

E-mail :- zonethreebhilai@rediffmail.com

क्र./लो.क.वि./जोन-3/2020/2587/199 भिलाई, दिनांक 15.9.2020

**// रुचि की अभिव्यक्ति ऑफर आमंत्रण सूचना//**

नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक-03 के अंतर्गत वार्ड क्र.-21 जे.पी. नगर शासकीय प्राथमिक शाला के जर्जर कमरो को तोड़ने का कार्य हेतु इच्छुक कोई भी संस्था/एनजीओ/एजेंसी/व्यक्ति से रूचि की अभिव्यक्ति के अंतर्गत आफर दर आमंत्रित की जाती है।

एजेंसी आवेदन पत्र के साथ संस्था का रजिस्ट्रेशन अनुभव प्रमाण पत्र, आयकर प्रमाण-पत्र/पेन कार्ड के साथ रु. 300.00 नकद जमा कर कार्यालयीन समय में दिनांक 26.09.2020 सायं 5.30 बजे तक नियम/शर्तें की प्रति प्राप्त कर सकते है। उक्त कार्य हेतु ऑफर दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 29.09.2020 सायं 5.30 बजे रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्राप्त की जावेगी। लिफाफा ''अ'' में धरोहर राशि के रूप में रु. 5,000.00 का एफ.डी.आर. (जोन आयुक्त नगर पालिक निगम, भिलाई एवं एजेंसी के संयुक्त नाम से देय हो), संस्था का पंजीयन आयकर प्रमाण-पत्र/पेन कार्ड एवं अन्य अनुशांगिक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। लिफाफा ''ब'' में वित्तीय ऑफर एवं लिफाफा ''स'' में लिफाफा अ + ब प्रस्तुत करना होगा।

प्राप्त ऑफर दिनांक 30.09.2020 को प्रातः 11.00 बजे खोली जावेगी। निर्धारित अर्हता पूर्ण करने पर लिफाफा 'ब' (वित्तीय ऑफर) खोली जावेगी। नियम एवं शर्तों का अवलोकन कार्यालयीन समय में जोन आयुक्त, जोन क्रमांक-03, मदर टेरेसा नगर, नगर पालिक निगम भिलाई (छ.ग.) में किया जा सकेगा। दर को स्वीकार/ अस्वीकार करने का सम्पूर्ण अधिकार आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई के पास सुरक्षित रहेगा। नियम शर्तें एवं अन्य जानकारी निगम के वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com एवं संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखी जा सकती है।

जोन आयुक्त
नगर पालिक निगम, भिलाई

संपादकीय

# कोरोना वायरस का नया चेहरा

जैसे-जैसे कोरोना वायरस से होने वाली बीमारी कोविड-19 को लेकर हमारी जानकारी बढ़ रही है, वैसे-वैसे इसका और ज्यादा वीभत्स चेहरा सामने आ रहा है। कोरोना संक्रमण का पहला घोषित मामला दर्ज हुए आठ महीने होने को हैं। तब से अब तक लगभग दो करोड़ 40 लाख लोग इससे संक्रमित हुए हैं और 820,000 के आसपास लोगों की इससे मौत हुई है। इन्हीं आंकड़ों के मुताबिक 1 करोड़ 53 लाख लोग ऐसे हैं जो कोरोना संक्रमित होने के बाद ठीक हो चुके हैं। मगर चौंकाने वाली बात यह सामने आ रही है कि जिन डेढ़ करोड़ से ज्यादा लोगों को हम कोरोना से उबर चुका मान रहे हैं, उनमें एक बड़ी तादाद ऐसे लोगों की भी है जो वास्तव में ठीक नहीं हुए हैं।

कोरोना नेगेटिव पाए जाने के बाद उन्हें स्वस्थ करार देकर घर भेजा जा चुका है, लेकिन कोविड-19 से ही पैदा हुई कुछ भयानक परेशानियां आज भी उनकी जान का जोखिम बनी हुई हैं। इन लोगों की संख्या नजरअंदाज करने लायक नहीं है और इनकी बीमारियों का कोई आसान और पक्का इलाज भी नहीं है। उनके बारे में व्यवस्थित अध्ययन अभी होना बाकी है, लेकिन छिटपुट हुई स्टडीज के मुताबिक कोरोना नेगेटिव हो चुके इन लोगों में आधे से लेकर तीन चौथाई तक को सांस लेने में गंभीर दिक्कत, किसी तरह की हार्ट प्रॉब्लम, अत्यधिक थकान व कमजोरी और इम्यून सिस्टम की गड़बड़ियों में से किसी न किसी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

इम्यून सिस्टम की गड़बड़ियां लिवर, किडनी या किसी और बुनियादी महत्व के अंग में सूजन, जलन या इन्फेक्शन के रूप में भी जाहिर होती हैं। कोरोना मुक्त घोषित होने के तीन-चार महीने बाद तक ये शिकायतें पाई गई हैं। जाहिर है, कोरोना को लेकर हमारी समझ और उसके इलाज के तरीके में बड़े बदलाव की जरूरत है। इस बात को लेकर कोविड संक्रमण के बाद स्वस्थ करार दिए गए ऐसे लोगों का एक प्रतिनिधिममंडल पिछले दिनों डब्ल्यूएचओ के डायरेक्टर जनरल डॉ. एडनॉम जी टेड्रॉस से मिला। उनका कहना था कि उनकी समस्याओं को खारिज करने के बजाय उन्हें स्वीकार किया जाए, उन्हें सामान्य जिंदगी में वापस लौटाने में मदद की जाए और इन समस्याओं के समाधान के लिए शोध किया जाए।

डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने न केवल तीनों बिंदुओं पर उनसे सहमति जताई बल्कि सारे देशों के साथ मिलकर इस दिशा में काम करने की प्रतिबद्धता भी जाहिर की। दिक्कत यह है कि डब्ल्यूएचओ के दिशा-निर्देशों को राष्ट्रीय और प्रांतीय स्तर पर ग्रहण करने में फासले रह जाते हैं और जब-तब इनका खुला विरोध भी देखने को मिलता है। आर्थिक बदहाली को देखते हुए सरकारें कोरोना के मामले में अपनी स्थिति जल्द से जल्द बेहतर दिखाने को लेकर बेकरार हैं। लेकिन इस दिशा में सही अर्थों में आगे बढ़ना हमारे लिए तभी संभव होगा, जब हम बीमारी को लगातार खुली आंखों देखें और उसके किसी भी पहलू को नजरअंदाज न करें।

# सोनिया गांधी की निरंतरता

## सोनिया गांधी को स्वीकार करना चाहिए कि चाटुकार कार्यकर्ताओं का युग बीत गया और इसका कारण भी समझना चाहिए। केवल पार्टी में विभाजन से ही अब गांधी परिवार का नेतृत्व बच सकता है।



**संध्या जैन**
(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार हैं)



सोनिया गांधी की निरंतरता व प्रतिबद्धता आश्चर्यजनक है। वे राजनीति में वंशवाद के सिद्धान्त की पक्की समर्थक हैं। उन्होंने पहले अपने बेटे राहुल गांधी को जनवरी, 2013 में पार्टी का उपाध्यक्ष बना कर अपनी गोपनीय इच्छा प्रकट कर दी थी। इसके बाद 2014 के आम चुनाव में बहुत खराब प्रदर्शन के बावजूद दिसंबर, 2017 में उनको कांग्रेस अध्यक्ष बना दिया गया। इसका पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पूरी तरह समर्थन किया जिनमें वरिष्ठ नेता भी शामिल थे। थोड़े समय के लिए लगा कि पार्टी में सब कुछ ठीक हो गया है। अब बंद हो चुकी कंपनी कैम्ब्रिज एनालिटिका की सलाह पर पार्टी ने 2013 में जल्दी-जल्दी कर्नाटक, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में चुनाव भी जीत लिए थे।

लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में भयानक पराजय के पश्चात भावनाओं में आ कर राहुल गांधी द्वारा पार्टी अध्यक्ष पद से इस्तीफे के बाद चीजें बिगड़ने लगीं। परंपरागत रूप से पद पर लौटने की अपीलों के बावजूद राहुल द्वारा इस्तीफा वापस न लेने तथा सोनिया गांधी के लंबे समय तक पार्टी का अंतरिम अध्यक्ष बने रहने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं दिख रहा है। इस कारण असंदिग्ध रूप से अनेक अन्य लोगों के समर्थन के साथ 23 वरिष्ठ नेताओं ने दृश्यमान व प्रभावी नेतृत्व की मांग की जो नेताओं की पहुंच में हो तथा केवल एक छोटे गिरोह द्वारा संचालित न हो।

समस्या समाधान के लिए 24 अगस्त, 2020 को आयोजित कांग्रेस कार्यसमिति-सीडब्लूसी की बैठक में गांधी परिवार की प्रमुख चिन्ता पार्टी पर अपना कब्जा बनाए रखने के रूप में सामने आई। कल्पना थी कि इंदिरा गांधी की हत्या के बाद राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने के खिलाफसोनिया गांधी ने 'एक शेरनी की तरह संघर्ष किया' था। समर्थकों द्वारा प्रचारित यह कल्पना इस तथ्य के बावजूद थी कि इंदिरा गांधी की हत्या से पहले ही राजीव गांधी कांग्रेस सांसद थे और वे तीन साल तक इस तरह काम कर चुके थे। इसके बाद सीताराम केसरी की अपमानजनक विदाई हुई। इसी प्रकार 'सत्ता जहर है' कथन की समाप्ति इस तथ्य से हुई कि सत्ता ही राजनीतिक जीवन का अमृत है।

राज्यसभा में पार्टी के उप-नेता आनन्द शर्मा ने बताया कि कैसे 2019 में पराजय के बाद आत्मावलोकन नहीं हुआ, राहुल गांधी द्वारा इस बात पर जोर दिए जाने के बावजूद कि परिवार से कोई पार्टी अध्यक्ष नहीं होगा तथा 10 अगस्त को सोनिया गांधी का कार्यकाल समाप्त होने के बावजूद उनको कैसे एक रणनीति के अंतर्गत इस पद पर बने रहना पड़ा। हालांकि, इसे कभी सार्वजनिक रूप से नहीं कहा गया, पर राहुल गांधी का अमेठी से पलायन कर केरल की वायनाड सीट के चयन व संसद पहुंचने के लिए इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग पर पूर्ण निर्भरता ने वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को बता दिया है कि वे कांग्रेस को चुनावी वनवास से वापस नहीं ला सकते हैं। यदि उनकी माताजी परिदृश्य से हट जाती हैं तो वे दोबारा वायनाड या रायबरेली से चुनाव नहीं जीत सकते हैं।

सीडब्लूसी की बैठक में किसी ने वायनाड सांसद को वापस आने के लिए नहीं कहा। इससे सोनिया गांधी ने समझ लिया कि अब राहुल गांधी को शिखर पर लाने में और देर करना ठीक नहीं होगा। 27 अगस्त को उनके द्वारा उठाए कदमों से उनकी प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। जयराम रमेश को राज्यसभा में मुख्य सचेतक व गौरव गोगोई को उप-नेता तथा लोकसभा में रवनीत सिंह बिट्टू को सचेतक बनाया गया। इसके साथ ही अहमद पटेल व के.सी. वेणुगोपाल को एक समिति में शामिल किया गया जो संसद में कांग्रेस की रणनीति बनाएगी।

अपने भावी वारिस के साथ चिकित्सा जांच के लिए विदेश जाने से एक दिन पहले सोनिया गांधी ने बड़े फेरबदल की घोषणा की जिसका उद्देश्य राहुल गांधी को स्थापित करना है। कम से कम वर्तमान समय में विरोधी वरिष्ठ नेताओं को उखाड़ दिया गया है। पार्टी अध्यक्ष के चुनाव के लिए केन्द्रीय चुनाव अथारिटी-सीईए का पुनर्गठन किया गया है। मधुसूदन मिस्त्री के नेतृत्व में इसके सदस्यों में राजेश मिश्रा, कृष्ण बायरे गौड़ा, एस. जोतिमानी व अरविंदर सिंह शामिल हैं।

पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले गुलाम नबी आजाद, आनन्द शर्मा, मुकुल वासनिक व जितिन प्रसाद को सीडब्लूसी में बनाए रखा गया है, पर सदस्यों के नामांकन के बजाय इस संस्था में चुनाव की मांग खारिज कर दी गई है। 22 सदस्यों वाली सीडब्लूसी में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, राहुल गांधी, ए.के. एंटनी, अहमद पटेल, अंबिका सोनी व पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदम्बरम शामिल हैं जिनकी आश्चर्यजनक यप से स्थाई आमंत्रित से पदोन्नति हुई है। आमंत्रितों में दिग्विजय सिंह, सलमान खुर्शीद, जयराम रमेश, प्रमोद तिवारी व चिन्ता मोहन शामिल हैं। ये सभी खुशी से राहुल गांधी के पीछे खड़े होंगे।

जितिन प्रसाद को पश्चिम बंगाल तथा अंडमान व निकोबर द्वीपसमूह में पार्टी का इन्चार्ज बनाया गया है। संभवतः यह दूर हो चुके राहुल गांधी समर्थकों को वापस लाने का प्रयास है। लेकिन गुलाम नबी आजाद व मल्लिार्जुन खड़गे को महासचिव पद से हटाया गया है तथा रणदीप सुरजेवाला को कर्नाटक, जितेन्द्र सिंह को असम तथा तारिक अनवर को केरल व लक्षद्वीप से शामिल किया गया है। महासचिव बनाए रखे गए अन्य लोगों में पंजाब से हरीश रावत, उत्तर प्रदेश से प्रियंका गांधी वाड्रा, आंध्र प्रदेश से ओमन चांडी, राजस्थान से अजय माकन तथा संगठन से के.सी. वेणुगोपाल शामिल हैं। इनमें से शायद किसी पदाधिकारी का चुनावी महत्व नहीं है।

कांग्रेस ने हमेशा उच्च पदों पर नियुक्ति का अधिकार सौंपा है। सोनिया गांधी ऐसे समय अपना पद नहीं छोड़ेंगी जब परिवार पार्टी के भीतर अपने जीवन के लिए संघर्ष कर रहा है। उन्होंने 6 महीने के भीतर अखिल भारतीय कांग्रेस समिति-एआईसीसी के अगले सत्र तक दिन-प्रतिदिन के काम में सहायता के लिए पांच सदस्यों वाली विशेष टीम बनाई है। इसमें ए.के. एंटनी, अहमद पटेल, अंबिका सोनी, के.सी. वेणुगोपाल, रणदीप सुरजेवाला व मुकुल वासनिक शामिल हैं।

स्वाभाविक रूप से इन कदमों ने विरोधियों को और निराश किया है। पूर्व मंत्री कपिल सिब्बल ने दुख प्रकट किया कि 'नामांकन नियम है और चुनाव अब अपवाद भी नहीं रहा।' विरोधियों ने मीडिया को बताया कि अंतरिम अध्यक्ष द्वारा किए गए परिवर्तन 'किसी प्रकार' 7 अगस्त को पत्र में लिखे गए मुद्दों को संबोधित नहीं करते हैं और इनसे पार्टी पुनर्जीवित नहीं होगी। वास्तव में 12 सितंबर, 2020 की बैठक में अनेक नए लोग शामिल हुए जो पार्टी में सोनिया गांधी के तानाशाही नियंत्रण के लिए शुभ संकेत नहीं है।

प्रेक्षकों का मानना है कि हालिया उलटफेर का लाभ राहुल गांधी समर्थकों, जैसे रणदीप सिंह सुरजेवाला, अजय माकन व जितेन्द्र सिंह जैसे लोगों को मिला है। इसका एकमात्र उद्देश्य सोनिया गांधी की वापसी के बाद वायनाड सांसद का कांग्रेस अध्यक्ष पद पर पुनः आगमन आसान बनाना है। लेकिन तथ्य यह है कि अल्पसंख्यकों के पक्ष में गलत वैचारिक झुकाव को संबोधित करने के लिए कुछ नहीं किया गया है। इसके साथ ही ऐसे नेताओं को आकर्षित करने में पार्टी की अक्षमता भी अनेक लोगों की नजरों में स्पष्ट है जो मतदाताओं को देश की सबसे पुरानी पार्टी के साथ वापस ला सकते हों।

सोनिया गांधी की अनुपस्थिति में विरोधियों ने संसद के मानसून सत्र में महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार पर निशाना लगाने व प्रतीक्षा करने का फैसला किया है। कांग्रेस संस्कृति से एकदम अलग हटते हुए उन्होंने किसी मुद्दे पर अपना दृष्टिकोण नरम नहीं किया है, न वे इससे पीछे हटे हैं। उन्होंने अपनी शक्ति भी बढ़ाई है। सोनिया गांधी को यह तथ्य स्वीकार करना होगा कि अब चाटुकार कार्यकर्ताओं का युग बीत गया है। आलाकमान को इसका कारण समझना चाहिए। ऐसे में केवल कांग्रेस पार्टी में विभाजन ही गांधी परिवार के नेतृत्व को बचा सकता है।

# कोविड से निबटने के भारतीय तरीके

"विनियमन के देसी प्रतिरूप की बेजोड़ विशेषताएं होती है कि सामग्री मूर्खतापूर्ण होने के बावजूद भी देखी जाती है।"


**विनयशील गौतम**
(लेखक जाने-माने प्रबंध परामर्शदाता हैं)



पिछले छह महीनों में संचार के उद्देश्य से इंटरनेटयुक्त मंचों के इस्तेमाल में चरघातांकीय वृद्धि हुई है। शायद प्रतिमाह होने वाले सम्मेलनों की तुलना में प्रति सप्ताह वेब सम्मेलन ज्यादा हुए हैं, पूर्व वर्षों में प्रत्येक में, जहां किसी भी महीने का उदाहरण के तौर पर लिया जा सकता है। यह समझ में आता है क्योंकि लाकडाउन की शुरुआती गंभीरता क्षीण होना प्रारम्भ हो गई तथा विनियमनों के अतिउत्साह के चलते आवश्यक सहायता के बगैर दीर्घकालीन नुकसान हुए, धीरे-धीरे यथार्थवादिता का भाव परिदृश्य का हिस्सा बन गया। ऐसी बीमारी से निबटना जहां बचाव ही एकमात्र रणनीति थी तथा निष्ठुर व्यक्तिगत त्रासदी एक वास्तविक संभाव्यता, ऐसे में कथित नवीन सामान्य स्थिति की ओर बढ़ने की शुरुआत करने के अलावा और कोई विकल्प नहीं था। यदि इस प्रक्रिया में संक्रमण कई गुना बढ़ जाते हैं और नियंत्रण से बाहर का जोखिम पैदा होता है, तो यह ऐसी कीमत थी जिससे बचा नहीं जा सकता।

खान-पान की सुविधाएं खुलने लगीं और सार्वजनिक परिवहन वापस पटरी पर आ गया। जो लोग हवाई यात्रा के बगैर काम नहीं कर सकते वे वापस विमानों में उड़ने लगे। मानक लागू किए जाने के बजाए सिर्फ जुबानी रह गए। खबरों से पता चला कि दो जुड़े हवाई अड्डे, जिन्हें सिस्टर एयरपोर्ट कहा जाता है और मिलती-जुलती एजेंसियों व मानव शक्ति द्वारा उनका प्रबंधन किया जाता है तथा एकसमान एयरलाइनों द्वारा सेवा प्रदान की जाती है, कम से कम 10 सितम्बर को, उन्होंने दो पूर्णतः विपरीत दृश्य प्रस्तुत किए। जम्मू हवाई अड्डे पर लंबी कतारें, जबकि श्रीनगर हवाई अड्डे पर ज्यादा संगठित व्यवस्था। जम्मू हवाई अड्डे पर, लोगों को कंधे से कंधा जोड़कर खड़े होने पर विवश होना पड़ा। इस प्रक्रिया में यदि वे वायरस संक्रमित हो जाएं अथवा दूसरे को संक्रमित कर दें, तो बचाव कैसे होगा? व्यवस्था, मोबाइल नंबर समेत निजी विवरण जानना चाहती थी। यह कैसे पता चलेगा कि दिया गया मोबाइल नंबर वास्तविक है?

विनियमन के भारतीय प्रतिरूप की कई अद्वितीय विशेषताएं हैं, जैसे कि स्वरूप का अवलोकन करना होगा भले ही मूर्खतापूर्ण लगे। यह वाकई समझने योग्य दृष्टिकोण है क्योंकि परिस्थितियों की मांग है कि प्रक्रियाओं को अवलोकन हेतु दर्शाया जाए। यदा कदा कोई विस्तारित रूप में चिकित्सा साक्षरता बढ़ाने की बात करता है और कोई सार्वजनिक स्वास्थ्य रक्षा प्रणालियों के बारे में बोलता है। कभी कभार, कोई चिकित्सा शिक्षा पाठ्यक्रम में संशोधन किए जाने का सुझाव देता है। सच कहें तो ऐसा कदापि नहीं लगता कि कोई गंभीरतापूर्ण प्रयास किया गया हो। यह लेख लिखते समय, उच्चतर शैक्षणिक संस्थानों को पुनः खोले जाने संबंधी दिशा निर्देश जारी किए जा रहे थे। कक्षा संबंधी गतिविधियों को पृथक-पृथक रूप से किया जाना है जिससे शारीरिक दूरी बनाए रखी जा सके और कक्षाओं को विसंक्रमित किया जाएगा, आदि। यह निर्देशित किया गया है कि डेस्कों के बीच छह फीट की दूरी रखी जाए। यह अनिवार्य है कि अकादमिक समय सारिणी में नियमित कक्षा अध्यापन तथा आनलाइन शिक्षण का सम्मिश्रण रहेगा। मगर यह कोई नहीं देखता है कि एक औसत शिक्षण संस्थान में कितने वर्ग मीटर की जगह उपलब्ध है? अस सत्ता की आत्मसंतुष्टि के लिए सबकुछ हो रहा है। लोग इसका सराहना करने को तैयार हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि कुछ सुविधाएं मिल जाएंगी। दिशा निर्देशों के दस्तावेज में लिखा गया है : ''कौशल तथा उद्यमिता प्रशिक्षण प्रदान करने वाली संस्थाएं, उच्चतर शिक्षा संस्थान जो चिकित्सीय एवं परास्नातक पाठ्यक्रम संचालित कर रहे हैं वे आनलाइन तथा दूरस्थ शिक्षा सुनिश्चित करेंगे।'' दस्तावेज में तो यहां तक सुझाव दिया गया है कि किसी भी प्रकार के बाहरी स्थान का इस्तेमाल किया जाए और उपकरणों को वहां पर रखा जाए। ऐसी बुद्धिमत्ता टिप्पणी करने योग्य भी नहीं है।



स्थिति की सच्चाई यह है कि किसी भी प्रकार की रोकथाम के मानकों के अभाव में, पुष्टिकारी तौर पर, कोई नहीं जान सकता कि भविष्य कैसा होने वाला है। प्रयास केवल एक खांचे तक सीमित हैं। थोड़े आश्चर्य की बात है कि 9 सितम्बर को, भारत में कोविड संक्रमण के मामले इस ग्रह पर मौजूद किसी भी देश की तुलना में सर्वाधिक थे। आधिकारिक प्रतिक्रिया बड़ी तेजी से आई कि होने वाली मौतों का प्रतिशत कम है। यह बहस तो शुरू भी नहीं किया जानी चाहिए थी। यथार्थ में, बहुत से स्थानों पर किसी भी प्रकार का शिक्षण प्रारम्भ नहीं हुआ है। केवल मिश्रित दृष्टिकोण का डंका पीटा जा रहा है लेकिन पाठ्यक्रम की सामग्री को छुआ तक नहीं गया है।

एक क्षेत्र के रूप में शिक्षा कोई अनुसरण का क्षेत्र मात्र नहीं है जहां हर कोई अधिकार तथा विश्वास के साथ चल सकता है। यह एक विशेषज्ञ व्यवस्था का प्रबंधन है तथा पर्याप्त संख्या में नियोजन, विकास एवं क्रियान्वयन करने हेतु विशेषज्ञों की पहचान किया जाना इसकी पूर्वापेक्षा है। शक्तियां दावा करती हैं कि शिक्षा नीति पर दो लाख से अधिक लोगों की टिप्पणियां आई हैं। यह शानदार है। मुख्य लोगों का समूह कहां है, कैसी विशेषज्ञता रखते हैं जिससे कि वे प्रतिक्रियाओं का मूल्यांकन कर सकें? कुछ भी हो एक अच्छा आकांक्षामूलक दस्तावेज उभरकर आया है। अब आवश्यकता है उसे कियात्मक स्तर पर रूपांतरित करने की। यदि दूरदृष्टि स्पष्ट हो और प्रक्रिया का मुद्दा स्पष्ट हो तो पुनर्जन्म संभव है।

## फरमाया



**तकनीक** ने सदैव मुझे नए स्वरूपों को अपनाने का अवसर दिया है और अब मैं प्रशंसकों के लिए नए ध्वनि अनुभव सृजित करने को लेकर रोमांचित हूं।
**- अमिताभ बच्चन**
अभिनेता



**ये** तीन अध्यादेश काले कानून हैं जो सोची समझी रणनीति के तहत कृषि को दरबारी पूंजीवाद का बंधक बनाने के लिए लाए गए हैं।
**- रणदीप सुरजेवाला**
कांग्रेस नेता



**कल** हम वापस स्कूल जाने वाले लाखों बच्चों का स्वागत करेंगे। यह सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता व जिम्मेदारी है कि प्रत्येक बच्चा सुरक्षित स्कूल पढ़ने जाए।
**- इमरान खान**
पाकिस्तानी प्रधानमंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## राहुल गांधी के सवाल

**नेहरू-गांधी** खानदान के चश्मे-चिराग तथा कांग्रेस के पूर्व (और भावी) अध्यक्ष राहुल गांधी ने नरेन्द्र मोदी से पूछा है कि वे चीन से अपनी खोई भूमि कब वापस ले रहे हैं? यदि राहुल जी कार्टून नेटवर्क या पोगो देखने से समय बचाकर कुछ समाचार चैनल देख लेते तो उन्हें जानकारी मिल गयी होती कि नेहरु के समय में जो जमीन भारत ने चीन के हाथों गवां दी थी, वह मोदी सरकार वापस लेना शुरू कर चुकी है। पेंगोंग झील के दक्षिण तथा पूर्व में ब्लैक टॉप, हेलमेट टॉप, फिंगर 4 से फिंगर 8 तक की सामरिक रूप से महत्वपूर्ण चोटियां सब हमारी सेना कब्ज़ा कर चीनी फौज में दहशत पैदा कर चुकी है। इसकी तुलना 1984 में हमारी सेना द्वारा सियाचिन पर अधिकार करने से की जा सकती है। अब स्थिति ये है कि तिब्बत-शिनजियांग राजमार्ग संख्या 219, जो चीन ने 1952-59 में भारतीय भूमि पर बनाया था, उस पर भारत पुनः अधिकार कर सकता है। यानी नेहरु के पापों का निरंतर दंड भुगतना भारत बंद कर देगा। इससे बढ़कर हिंदुस्तान के लिए हर्ष की बात क्या होगी? तो पप्पूजी, जरा आप भी हर्षित हो जाइए। भारत के गौरव में वृद्धि पर नहीं तो इस बात पर कि आपके परदादा को मिलने वाली गालियां जल्दी ही कम हो जाने वाली हैं।

**- आस्था गर्ग**, मेरठ

## राफेल से बढ़ी ताकत

**आज** दुनिया भले ही कोरोना के कारण संकट से जूझ रही है मगर संप्रभुता और सुरक्षा के प्रति मंडराते खतरों से रक्षा के लिए अत्याधुनिक सुरक्षा उपकरणों का सहारा लेना ही पड़ेगा। अच्छे खासे सद्भाव के चलते उसमें कब खलल पड़ जाए कहा नहीं जा सकता। भारत चीन के बीच मई और सितंबर माह में सीमा पर हुई झड़पों नें कम से कम एक संदेश तो दे दिया कि भाई-भाई का नारा देने वाली मानसिकता अपने स्वार्थ के लिए किसी भी पल विनाश को आमंत्रण दे सकती है। गनीमत यही रही कि भारत ने संयम बरता। अंदर से मजबूत हमारी सुरक्षा ताकत के बावजूद राफेल की खरीदी से चीन को चिंता जरूर हुई है। फ्रांस से करार के अनुसार राफेल की आपूर्ति हमारी वायुसेना की अत्याधुनिक युद्धक शक्ति में बढ़ोतरी के रूप में हुई है। राफेल का भारतीय वायुसेना में शामिल होना हमारी सीमाओं की कड़ी निगरानी और दुश्मन देशों को चेतावनी है। डबल इंजन प्रणाली से संचालित राफेल की शक्ति भी अपार है। इसमें 1 मिनट में 60 हजार फीट ऊंचा उड़ने की क्षमता है तो यह 17000 किलोग्राम फ्यूल की क्षमता रखता है। राफेल में परमाणु हथियार ले जाने की क्षमता तो है साथ ही इसमें हवा से हवा में मार करने वाली आधुनिक क्षमता भी है।

**- अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

## एक कदम समानता की ओर

**जो** तुझसे लिपटी बेड़िया, समझना उनको वस्तु तुम, ये बेड़िया पिघाल के बना ले उनको शस्त्र तू ! हाल ही में प्रधानमंत्री ने महिलाओं के विवाह सम्बन्धी उम्र को 18 से 21 तक वृद्धि करने पर विचार का प्रावधान रखा जो बेहद प्रशंसनीय कदम है। यूनीसेफ की रिपोर्ट के अनुसार भारत देश में हर वर्ष करीब 15 लाख नाबालिग लड़कियां छोटी सी उम्र में विवाह के हत्थे चढ़ जाती है। ऐसी नाजुक अवस्था में उसके मासूम कंधो पर जिम्मेदारी का बोझ डालकर जीवन में कई बंदिशे लगा दी जाती हैं। एक सर्वे के अनुसार जिन लड़कियों का विवाह 18 वर्ष से कम उम्र में तय की जाती है उनमें लगभग 45 प्रतिशत अत्यंत निर्धन परिवार से ताल्लुक रखती हैं। नाबालिग अवस्था में विवाह होने के कारण वे शारीरिक तथा मानसिक दोनों ही रूप में अपरिपक्व होती है। यदि हालिया रिपोर्ट पर गौर किया जाए तो देश में 10,0000 शिशु पर मातृत्व मृत्यु डर करीब 145 है जो बेहद चिंता का विषय है। भारत की शिशु मृत्यु दर की रिपोर्टानुसार 1000 में करीब 30 अबोध शिशु 1 वर्ष की आयु पूर्ण करने के पश्चात ही जान गवां देते है।

**- आस्था मुकुल**, रांची

# मारो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जेडीएस एवं आयुष्मान फंड का मनमाने तरीके से दुरुपयोग करने की कलेक्टर से शिकायत








पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

मारो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जीडीए एवं आयुष्मान फंड की मनमानी तरीके से किए गए दुरुपयोग की शिकायत कलेक्टर से किया गया है इस संबंध में मारो नगर पंचायत के उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार तिवारी विनय सिंह भोला राम नवीन सिंह राजेश प्रमोद थानू सहित अन्य लोगों ने एक लिखित शिकायत पत्र कलेक्टर को सौंपा गया है।

जिसमें इन लोगों ने बताया है कि मारो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के वर्तमान प्रभारी एवं पूर्व प्रभारी के द्वारा बिना जीडीएस समिति के बिना अनुमति लिए विभिन्न सामग्री का क्रय किया गया है जिसमें भ्रष्टाचार होने की



संभावना व्यक्त किया गया है इसका उदाहरण देते हुए शिकायत पत्र में बताया गया है मारो नगर पंचायत क्षेत्र में कपड़ा दुकान एवं स्व सहायता समूह होने के बाद भी मारो से करीब 50 किलोमीटर दूर स्थित गांव के दुकान से कपड़ा एवं छैवारी लड्डू खरीदा गया है इन दुकानों में जीएसटी दिए बगैर ही सामग्री की खरीदी गई की गई है।

इसी तरह शिकायत में बताया गया है कि मारो में एक भी भोजनालय नहीं है किंतु यादव भोजनालय के नाम से भी बिल का भुगतान किया गया हैजीडीएस फ़ंड का अति आवश्यक होने पर ही समिति के सहमति के बाद ही स्वास्थ्य संबंधित सामग्री एवं दवाई का खरीदी की जाती है किंतु यहां अस्पताल भवन के मरम्मत एवं रंग रोगन में ही इस फंड की राशि का खर्च किया गया है जबकि अस्पताल का भवन लोक निर्माण विभाग का है।

जिसका मरम्मत एवं रंग रोगन का कार्य लोक निर्माण विभाग एवं आर ईएस विभाग के द्वारा किया जाता है किंतु अस्पताल के प्रभारी के द्वारा बिना किसी से अनुमति लिए अपने हिसाब से इन्होंने खर्च किया है जिसकी जांच किया जाना आवश्यक हो गया है इन लोगों ने शिकायत पत्र में बताया गया है कि पूर्व में मारो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी तथा वर्तमान प्रभारी रिश्ते में पति-पत्नी हैं।

## सहायक चिकित्सा अधिकारी को हटाने की मांग

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मारो के आर एन एम प्रतिमा जांगड़े के द्वारा लगातार लापरवाही पूर्वक कार्य किया जा रहा है उनके द्वारा समय पर ओपीडी का संचालन नहीं किया जा रहा है जिससे मरीजों को भटकना पड़ता है प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मारो में स्वास्थ्य लाभ मिले बहुत बड़ी समस्या बन गई है उनके द्वारा अन्य मरीजों को रिफर कर दिया जाता है शिकायत में यह भी बताया गया है कि प्रतिभा जांगड़े आर एन एम द्वारा आज तक रात्रि में एक भी डिलीवरी अटेंड नहीं किया है शिकायत में बताया गया है कि मारो स्वास्थ्य केंद्र में लोग महिला चिकित्सक है यह जानकर आते हैं लेकिन गर्भवती महिलाओं को उनका लाभ नहीं मिल पा रहा है जिससे महिला चिकित्सक के ऊपर से उनके खिलाफ ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो गया है आगे भी बताया गया है कि नवागढ़ ब्लाक में सबसे बड़ा स्वास्थ्य केंद्र है यहां 30 गांव के लोग अपनी जांच कराने आते हैं साथ ही इनके पति का नगर पंचायत मारो में एक प्राइवेट क्लीनिक भी है जिसमें अन्य मरीजों को रेफर किया जाने की शिकायत किया गया है मारो स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ भी महिला चिकित्सा से परेशान रहते हैं राजनीतिक संरक्षण के कारण जीवनदीप समिति के लेन-देन में भी बहुत ज्यादा अनियमितता होने की संभावना व्यक्त किया गया है जिसे नगर वासियों एवं क्षेत्रवासियों में भी रोष व्याप्त है इन लोगों में शिकायत पत्र के माध्यम से जानकारी दिया गया है कि जीवनदीप समिति की बैठके आहूत नहीं की जाती जिसे स्था समिति के सदस्य भी नाराज हैं नवागढ़ ब्लाक में मारो सबसे बड़ा पीएससी है यहां अच्छे डॉक्टर की नितांत आवश्यकता है अतः 1 सप्ताह के अंदर प्रतिभा जांगड़े को मारो से हटाकर किसी एमबीबीएस डॉक्टर की व्यवस्था किया जाए अन्यथा मजबूरन नगर वासियों को चक्का जाम जैसे कदम उठाने पर मजबूर होना पड़ेगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी प्रशासन की होगी।

# मासुलगोंदी जुआ फड़ में पुलिस की रेड

## 12 जुआडियानो से नगदी 1,95000/- रूपये बरामद

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

थाना परपोड़ी पुलिस को जरिये मुखबीर के सुचना मिला कि ग्राम मासुलगोंदी खार बोर-बाड़ी के पास आम जगह पर रूपया-पैसो का हार-जीत का दाव लगाकर तास पत्ती से जुआ खेल रहे है कि सूचना पर उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया । जिस पर पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज, दुर्ग विवेकानंद सिन्हा के आदेशानुसार प्रभारी पुलिस अधीक्षक बेमेतरा जी.आर. ठाकुर, एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक विमल बैस, उप पुलिस अधीक्षक जिला मुख्यालय रामकुमार बर्मन एवं एसडीओपी बेरला ममता देवांगन के मार्गदर्शन पर थाना परपोड़ी प्रभारी एवं हमराह स्टाफ व गवाहो के साथ घटना स्थल पहुचकर घेराबंदी कर मौके पर रेड कार्यवाही किया गया। जहां मासुलगोंदी खार में स्थित बोर-बाड़ी के पास रूपये-पैसो का हार-जीत दांव लगाकर जुंआ खेलते जुआडियान रंगे हाथो पकडें गये। जुआडियानो .कौशल पटेल साकिन गंडई, अजय भरतवंशी साकिन हाटरांका खम्हरिया, रूपेन्द्र साहू साकिन, बोरतरा साजा, होरी साहू साकिन मरदकठेरा गंडई, 05. दुर्गेश वर्मा साकिन मासुलगोंदी परपोड़ी, संतोष सिन्हा साकिन केहका साजा, . बहल साहू साकिन सीताडबरी छुईखदान, रज्जू जंघेल साकिन खैरी साजा, तुकाराम सिन्हा साकिन बोरतरा साजा, नोहर साहू साकिन बोरतरा साजा, . संतोष वर्मा साकिन तुमड़ीपार परपोड़ी, राजेश साहू साकिन तिलगुढ़ा गंडई के पास एवं फड़ से कुल जुमला नगदी रकम 1,95000/- रूपये (एक लाख पन्चान्वे हजार रूपये) व 52 पत्ती तास को 13 जुआ एक्ट के तहत जप्त कर कार्यवाही किया गया।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी. सी.आर. ठाकुर, प्र.आर. छन्नु लाल ध्रुव, अरविंद शर्मा, आर. रामेश्वर मांडले, रविन्द्र तिवारी, राजकुमार भास्कर, सौरभ सिंह, पीयूष सिंह, शिवराज सिंह एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# सेवा सप्ताह के दौरान बेमेतरा विधानसभा में हुए वर्चुअल रैली में भारी संख्या में लोग शामिल

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन को सेवा सप्ताह के रूप में मना रही है।इसी कड़ी में सेवा सप्ताह के दूसरे दिन प्रधानमंत्री के अथक परिश्रम ,दूरगामी सोच,कठोर निर्णय व उनके द्वारा जो किये गए कार्य है जिससे देश विदेश में भारत की जय जयकार हो रही है इनके संदर्भ में कार्यकर्ताओं में जोश भरने नरेंद्र मोदी जी बताये हुए राह में चलने के लिए कार्यकर्ताओं को संबोंधित करने के लिए विधानसभा बेमेतरा में वर्चुअल रैली का आयोजन किया गया जिसमें विधानसभा के सैकड़ो कार्यकर्ता रैली में शामिल हुए।कार्यकर्ताओ को जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी जी,पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल जी,पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा जी ने संबोधित किया।

पूर्व विधायक अवधेश चंदेल जी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नरेंद्र



मोदी जी के बारे में जितना कहुँ उतना कम है मोदी जी जिस चीज को करने का संकल्प ले लेते है उसे पूरा करके ही रहते है आज उसी का परिणाम है योग जिसे अब हर एक व्यक्ति दैनिक दिन चर्या में शामिल कर रहे है योग को पूरा दुनिया ने अपनाया है यह मोदी जी के ही प्रयास ने ही सफलता दिलाया है वही मोदी जी ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ्ता अभियान का चलाया आज उसी का परिणाम है पूरा देश स्वच्छ भारत मिशन में सहयोग कर रहा है हर चौक, चौराहा,गली, मोहल्ला, सरकारी दफ्तर से लेके हर एक जगह स्वच्छता की पहल में तेजी आई लोग स्वच्छ्ता के प्रति जागरूक हुए मोदी जी का सपना हर एक गरीब भाई बहन का एक अपना घर हो वह मिशन भी साकार हो रहा है हर एक गरीब किसान, मजदूर भाई बहन के घर गैस सिलेंडर हो वो भी सपना साकार हुआ है हर घर मे शौचालय हो वो भी काम मे तेजी आया है हर एक घर मे बिजली हो यह काम भी मोदी जी के पहल में बहुत तेजी गति से आगे बढ़ रही है आगे बोलते हुए कहते है कि मोदी जी सागर है उनके बारे में कहते जाऊ तो बात ही खत्म ही नही होगी बस मेरे सभी विधानसभा के कार्यकर्ता बंधु से निवेदन जिस महान व्यक्ति नरेंद्र मोदी जी ने गरीब ,किसान,मजदूर की सेवा की पीड़ा उठाया है उनके जन्मदिन में हम भी सेवा के रूप में स्वच्छ्ता अभियान,वृक्षारोपण,फल वितरण एवम सेवा सप्ताह में शामिल हर एक चीज को बूथ स्तर पर हम सब मिलजुल कर करना है।

# मानसिक तनाव को दूर करने कोविड आइसोलेशन सेंटर में आर्केस्टा

# कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में अनूठी पहल

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

कोविड सेंटर में भर्ती कोरोना मरीजो के लिए जिला प्रशासन ने अनूठी पहल की शुरुआत की हैं। कोरोना मरीजो के मानसिक तनाव को दूर करने और मनोरंजन के लिए पाकुरभाट स्तिथ कोविड आइसोलेशन सेंटर में आर्केस्टा का आयोजन किया गया। कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में इस अनूठी पहल की शुरुआत की गई हैं। खुद कलेक्टर आर्केस्टा कार्यक्रम के दौरान मौजूद रहे। कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण से सभी परेशान हो चुके हैं। साथ ही संक्रमित मरीज अपने परिवार से दूर क्वॉरेंटाइन सेंटर में रहने को मजबूर है। जिसके कारण उनकी मानसिक स्थिति में भी फर्क देखने को मिल रहा है। जिसके लिए जिला प्रशासन ने एक बेहतरीन प्रयास किया है। जिले के सबसे बड़े क्वॉरेंटाइन सेंटर में जिला प्रशासन की टीम के साथ ऑर्केस्ट्रा की टीम भी पहुंची और मरीजों को गाने सुनाकर मंत्रमुग्ध कर दिया गया। ऑर्केस्ट्रा के कलाकारों ने गणेश वंदना के साथ शुरुआत करते हुए पुराने नगमे और कोरोना वायरस संक्रमण से जुड़े हुए गीत भी संक्रमित मरीजों को सुनाए। इस पर फोन के जरिए से इलाज करा रहे मरीजों ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि पहले से काफी सकारात्मक महसूस हो रहा है।

## जिला प्रशासन की अनूठी पहल

जिला प्रशासन टीम की निगरानी में ऑर्केस्ट्रा का संचालन करना एक अच्छा उपाय है। जिससे मरीजों की स्थिति में अच्छा प्रभाव पड़ सकता है। कलेक्टर के निर्देशन में यह आयोजन किया गया। वे स्वयं वहां मौजूद थे। साथ ही कोरोना वायरस से संक्रमित बच्चे जो वहां इलाज करा रहे हैं। उनके लिए ऑर्केस्ट्रा की व्यवस्था के साथ ही पुस्तक, खिलौने आदि भी दिए गए हैं। ताकि उनका मन लगा रहे। बता दें कि कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण से मरीजों की मानसिक स्थिति पर भी प्रभाव पड़ रहा है। मरीज अपने आप को खुश महसूस करे इसके लिए जिला प्रशासन की ये पहल बेहद ही सराहनीय व अनूठी हैं।

### 86 वर्षीय वृद्धा कोरोना को मात देकर कोविड सेंटर से लौटी अपने घर

जिले में कोरोना के जैसे लगातार मरीज मिलते जा रहे हैं। ठीक वैसे ही कोरोना को हराकर मरीज स्वस्थ्य होकर अपने घरों को लौट रहे हैं। डौंडीलोहारा निवासी 86 वर्षीय परदेसीन बाई को बुधवार को पाकुरभाट स्तिथ आइसोलेशन सेंटर पाकुरभाट डिस्चार्ज किया गया। कोरोना वायरस को हराते हुए कोरोना बीमारी से पूरी तरह स्वस्थ्य होकर इलाज के बाद हंसते मुस्कुराते अपने घर गई। आइसोलेशन सेंटर में मौजूद अन्य मरीजो ने ताली बजाकर बुजुर्ग वृद्धा परदेसीन बाई का उत्साववर्धन किया और साथ ही शुभकामनाएं भी दी।

# अंबेडकर भवन में कोरोना से बचाव के लिए बांटा काढ़ा

**भिलाई।** बाबासाहब अंबेडकर संस्कृतिक भवन सेक्टर-6 में जिला आयुर्वेद विभाग चरोदा-भिलाई ने भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई के सहयोगकोरोना की रोकथाम के लिए आयुष काढ़ा वितरण किया। यह पहल जनसामान्य को जागरूक करने एवं उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए की गई। जिसमें बौद्ध समाज के लोगों ने मास्क लगाकर तथा समान दूरी बरतते हुए अपनी उपस्थिति दी।

इस दौरान जानकारी दी गई कि सभी लोगों को कोविड-19 कोरोना से बचाव, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ साथ मौसमी बुखार खांसी सर्दी जुकाम की रोकथाम के लिए भी यह आयुर्वेदिक काढ़ा कारगर है। इस कार्यक्रम की रूपरेखा आयुर्वेदिक कार्यालय के जालेन्द्र ऊके और संस्था के अध्यक्ष नरेंद्र खोबरागड़े ने बनाई। इसे सफल बनाने में संतोष भिमटे, भुपत बोरकर, भीमराव पाटिल, शुद्धोधन भिवगढ़े, यशवन्त मेश्राम, बीपी मेश्राम, बीए नंदेश्वर, हरिश भोवते, यादव राव पाटिल, महेंद्र रामटेके और प्रीतेश पाटिल का सहयोग रहा।

## अधीक्षण अभियंता नारंग नोडल अधिकारी नियुक्त

**भिलाई नगर।** नगर निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने पूर्व के आदेश में संशोधन करते हुए अधीक्षण अभियंता आरके नारंग को स्वच्छ भारत मिशन एवं प्रोजेक्ट सेल के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके साथ ही नारंग छत्तीसगढ़ शासन से संबंधित कार्यों में नगर निगम भिलाई की ओर से समन्वय स्थापित करेंगे। नोडल अधिकारी के रूप में निगम प्रशासन की ओर से शासन से पत्राचार भी करेंगे। कार्यपालन अभियंता बीके देवांगन को वर्तमान कार्य के साथ-साथ कार्यपालन अभियंता प्रोजेक्ट सेल की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है।

# स्वास्थ्य जांच के लिए ,हॉट बाजार में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर : योगेश

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कृषक नेता योगेश तिवारी एवं सर्व ट्रामा हास्पिटल रायपुर के प्रमुख डॉ. सुरेंद्र शुक्ल द्वारा झंडा दिखाकर चलित स्वास्थ्य रथ को वैश्विक रवाना किया गया महामारी कोरोनावायरस के बढ़ते प्रकोप से बचाव के लिए मोंबाईल वेन के माध्यम से आज से अनुभवी डॉक्टरों एवं लेब टैकनिशियनों के टीम ग्राम- गोड़गिरी, भारदा, हरदी,सोंढ़ ,तेलगा पहुंच कर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई और दवाई वितरण किया गया .एवं उचित इलाज तथा कोरोना वायरस से बचने के लिए सैनिटाइजर ,मास्क एवं आवश्यक दवाइयों का वितरण इन बाजारों में किया गया ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें उचित परामर्श भी दिया जा रहां है ।आज से प्रारंभ किया गया ।इस मोबाइल वैन के साथ में कृषक नेता योगेश तिवारी




अपनें समर्थकों के साथ सोश्यलडिसटेंश बनाकर रहेंगें कृषक नेता योगेश तिवारी ने कहा है कि विपरीत परिस्थिति में भी धैर्य एवं संयम से काम लेना है तथा हम सबको अपनी जिम्मेवारी निभानी होगी वर्तमान समय में सरकारी प्रयास किए जा रहे हैं किंतु कोरोना वायरस से प्रभावित लोगों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ते ही जा रही है ऐसे में सभी नागरिकों को भी सरकार के कार्यो में मदद करनी चाहिए उन्होंने कहा है कि आज से प्रारंभ होने वाली यह मोबाइल वैन लगातार स्वास्थ्य केम्प बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के गांव में होने वाले बाजार के दिन वहां पहुंचकर लोगों की फ्रिस्वास्थ्य चेकअप एवं सैनिटाइजर, मास्क, आवश्यक दवाई का वितरण हम लोग करेंगे। ज्यादा गंभीर मामलों में कोविड़ सेंटर से संपर्क कर ऐसे मरिजों को भर्ती करानें कि दिशा में हम प्रयास करेंगें। आज के ईस शिवीर में गिरीश गबेल ,लखन चक्रधारी .परवीण गोस्वामी, संतोष साहु ,गिरधर वर्मा,मनोज बजारे .धर्मेंद साहू ,मनोज पान्डे, विधनेशवर बजारे . दिनेश धीवर .अशोक तिवारी रतीराम साहु अभय चालीसा, रुपमदास. योगेश चलिशा, सहित प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# संजय बने इंटक के राष्ट्रीय महासचिव

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश इंटक के अध्यक्ष संजय सिंह कुमार सिंह को इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस (इंटक) का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया है। इससे भिलाई सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश के इंटक कार्यकर्ताओं में हर्ष जताया है।

इस वर्ष 30 जुलाई को इंटक की राष्ट्रीय वर्किंग कमेटी की वर्चुअल मीटिंग में सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी संजीवा रेड्डी को राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत करने का अधिकार सौंपा था। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जी संजीवा रेड्डी ने छत्तीसगढ़ प्रदेश इंटक के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह को इंटक का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया है। स्टील एंप्लाइज यूनियन इंटक के उप महासचिव एवं एनजेसीएस सदस्य वंश बहादुर सिंह ने बताया कि मृदुभाषी, मिलनसार एवं सांगठनिक क्षमता के धनी संजय कुमार सिंह की राष्ट्रीय महासचिव पद पर नियुक्ति से भिलाई सहित छत्तीसगढ़ के इंटक कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। विदित हो कि संजय कुमार सिंह स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक भिलाई के कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं।

## माहेश्वरी समाज कोरोना वारियर के लिए देगा भवन

**भिलाई।** माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष हर्ष मंत्री एवं सचिव माहेश्वरी ने कलेक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे से भेंट की। सभा के अध्यक्ष ने कलेक्टर को माहेश्वरी भवन, सेक्टर-6 के 8 कमरे एवं सभागृह को फरवरी 2021 तक कोरोना वारियर्स के उपयोग के लिये देने की इच्छा व्यक्त की और अनुरोध किया कि बिजली बिल भी सेवा स्वरूप देना चाहेंगे। उम्मीद है कि यह निवेदन स्वीकार होगा। उन्होंने मार्च से जून माह तक माहेश्वरी बंधुओं द्वारा किये गये कार्यों का ब्यौरा भी दिया जिसमें पुलिस कर्मी, सफाई कर्मी एवं जरूरतमंदों को अनाज वितरण, चाय, छाछ वितरण शामिल है।

## ट्रांसफार्मर में नमी आने के कारण छोटे-छोटे उपकरण खराब हो गए थे जिनमें सुधार किया गया


# ट्रांसफार्मर में आई खराबी को किया दुरुस्त, जल प्रदाय सुचारू रूप से प्रारंभ

पायनियर संवाददाता < भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

शिवनाथ इंटक वेल के ट्रांसफार्मर पैनल के करंट ट्रांसफॉर्मर में नमी आ जाने के कारण इसके कुछ उपकरण में खराबी आ गई थी जिसे निगम की 8 लोगों की टीम ने दिन रात करके दुरुस्त कर दिया है अब जल प्रदाय सुचारू रूप से प्रारंभ हो गया है! निगम के जल विभाग के कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा ने बताया कि करंट ट्रांसफार्मर में नमी आने के कारण छोटे-छोटे उपकरण खराब हो गए थे जिनमें सुधार किया गया है! उपकरणों में इनकमर के केबल का किट परिवर्तन किया गया है, बैटरी चार्जर चेंज किया गया है,







केबल किट को नया लगाया गया है, फ्यूज को बदला गया है तब जाकर शिवनाथ इंटकवेल से बीती रात की अर्धरात्रि को तकरीबन 2 बजे जल प्रदाय प्रारंभ किया गया! करंट ट्रांसफार्मर में नमी आने के कारण निगम के वैशाली नगर, खुर्सीपार एवं मदर टेरेसा नगर के कुछ क्षेत्रों में जल प्रदाय प्रभावित हुआ है! कार्यपालन अभियंता ने आगे बताया कि करंट ट्रांसफार्मर में नमी आते ही इसको सुधारने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया इसे सुधारने के लिए गोंडवाना इंज. की तकनीकी टीम के कर्मचारियों को लगाया गया, इसकी मॉनिटरिंग सहायक अभियंता बृजेश श्रीवास्तव, उप अभियंता अर्पित बंजारे एवं प्रभारी उप अभियंता बसंत साहू ने उपस्थित रहकर किया! उल्लेखनीय है कि जल प्रदाय निरंतर बनाए रखने के लिए शिवनाथ इंटक वेल में 2 नए ट्रांसफार्मर साल भर पहले लगाए गए हैं, तब से ट्रांसफार्मर में खराबी नहीं आई है परंतु इसके सहायक उपकरण में नदी किनारे का क्षेत्र होने के कारण नमी आ गई थी, जिसे निगम की टीम ने तत्परता से सुधार कर जल प्रदाय सुचारू रूप से प्रारंभ कर दिया है।

# सिखाई हिन्दी वर्णमाला, दी किताबें

पायनियर संवाददाता < भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

लायंस क्लब भिलाई पिनेकल ने वार्षिक कार्यक्रम की कड़ी में साक्षरता सप्ताह मनाया। जिसके अंर्तगत कुछ प्रतियोगिताएं कराकर विजेताओं को पुरस्कार भी दिए गए। क्लब की अध्यक्ष डॉ वैशाली भगत ने बताया कि हर साल क्लब द्वारा 8 से 13 सितम्बर तक साक्षरता सप्ताह मनाया जाता है।

सचिव रूपाली पलीत ने बताया कि इस बार साक्षरता सप्ताह के अंर्तगत ओम साई विद्या मंदिर के कक्षा दूसरी से पांचवीं के बच्चों के लिए सुलेख प्रतियोगिता एवं कक्षा छठवीं से आठवीं कक्षा के बच्चों के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता का ऑनलाइन आयोजन किया गया। कोविड के चलते स्कूल बंद होने के कारण यह प्रतियोगिता ऑनलाइन हुई। कोषाध्यक्ष अंजना श्रीवास्तव ने बताया कि क्लब के ज्ञान सागर कार्यक्रम के अन्तर्गत कक्षा ग्यारहवीं (विज्ञान) के दो छात्रों, कक्षा बारहवीं (कॉमर्स) की एक छात्रा व कक्षा आठवीं और पांचवी की एक-एक छात्रा को पूरे पाठयक्रम कि किताबें और कॉपियां क्लब द्वारा दी गई। चार्टर अध्यक्ष विभा भूटानी ने बताया कि बस्ती की महिलाओं के लिए हस्ताक्षर एवं हिन्दी वर्णमाला लिखने की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें जिन महिलाओं ने अपने हस्ताक्षर किए उनको क्लब द्वारा प्रोत्साहित करने गिफ्ट के तौर पर निःशुल्क आटा पैकेट दिया गया।

## ये रहे विजेता

सुलेख प्रतियोगिता में प्रथम गुंजन करैट, द्वीतीय नेहा देवांगन, तृतीय वैष्णवी राणा एवं ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रथम गुंजन करैट, द्वीतीय प्रियंका सिन्हा व तृतीय शिखा पांडे रही।

## क्विक न्यूज

### जेजेसी नेता अर्जुन राठौर के घर के बाहर खड़ी कार में तोड़फोड़



**सक्ति।** बाराद्वार थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत जेठा निवासी जोगी जनता कांग्रेस के नेता अर्जुन कुमार राठौर के मकान के बाहर उनकी स्विफ्ट डिजायर कार खड़ी थी, जिसे बीती रात करीब 2 बजे अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी के मकसद से ड्राइवर साइड विंडो शीशा तोड़कर लॉक खोलकर ले जाने की कोशिश की गई,जब दरवाजा खोला गया तो गाड़ी का सायरन बजा,एवम सायरन बजने पर अर्जुन राठौर जाग गए तथा बाहर निकलने के लिए दरवाजा खोले, तब तक अज्ञात चोरी की नीयत से पहुंचा व्यक्ति वहां से फरार हो चुका था, जिसकी शिकायत अर्जुन राठौर के द्वारा पुलिस थाना बाराद्वार में किया गया है,उल्लेखित हो कि जोगी जनता कांग्रेस के नेता अर्जुन राठौर का मकान राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे जेठा के शासकीय क्रांति कुमार भारतीय महाविद्यालय के नजदीक एवं ठीक जेठा के बस स्टैंड के समीप स्थित है, तथा इस मार्ग पर 24 घंटे आवागमन रहता है, एवं वर्तमान में उक्त स्थान से कुछ ही दूरी पर कॉलेज परिसर में कोविड-19 सेंटर भी स्थापित किया गया है, जहां निरंतर अधिकारियों का भी आना जाना लगा रहता है, किंतु इसके बावजूद इस तरह की चोरी की नियत से उठाया गए कदम से लोगों में दहशत है।

### सतनामी समाज के कांशीराम बने अध्यक्ष, संजू उपाध्यक्ष

**मुंगेली (पथरिया)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश सतनामी समाज द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ में सतनामी एकता मिशन के तहत गाँव- गाँव में सतनामी भाइयों को एकता एवं भाईचारा को बनाये रखने का मुहिम चल रही है, इसी बीच कार्यक्रम में संबोधन करते हुए जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ नारायण डहरिया जी ने कहा कि जो छात्र एवं छात्राऐं आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण पढ़ नहीं पाते या पढ़ नहीं पा रहे हैं उनको हमारी पूरी टीम सहयोग करेगी।

# वाह रे आबकारी विभाग... चाहे कितनी भी फैली बीमारी, हमारा इंकम होना चाहिए

■ **पिछले दिनों शराब दुकान के सेल्सकर्मी हुए थे पॉजिटिव, पर अब तक सील नहीं हुई दुकान**

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



कोरोना वायरस से लोगों को बचाने व जागरूक करने के लिए प्रशासन व पुलिस अधिकारी हर संभव प्रयास कर रहे हैं, पर विडबंना है कि कुछ ऐसे भी शासकीय विभाग हैं, जो इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं और सुबह से लेकर शाम तक इस महामारी में लोगों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। कुछ इसी तरह की स्थिति आबकारी विभाग में देखने को मिल रही है। चक्रधर नगर अंग्रेजी व देशी शराब की दुकान के सेल्सकर्मी पिछले दिनों पॉजिटीव पाए गए, पर दुकानों को सील करने के बजाए अब भी यहां धड़गे से शराब की बिक्री की जा रही है। अधिकारी यह तर्क दे रहे हैं कि हमने दुकान को सेनेट्राईज करा दिया है और कर्मचारी बदल दिए हैं। कोरोना महामारी जिले में लगातार बढ़ रहा है। आकड़ो के मुताबिक जिले में अब तक 3872 पॉजिटिव मिल चुके हैं और इसमें अभी भी एक्टिव मरीजों की संख्या 1403 है। इसके अलावा इस बीमारी से अब तक 32 लोगों की मौत हो चुकी है। यह मौत का आकड़ा काफी बड़ा है। खास बात यह है कि कोरोना महामारी जिले में संचालित अन्य सरकारी कार्यालयों में भी दस्तक दे चुकी है। इसमें सारंगढ़, सरिया, शहर के चक्रधर नगर, कोतवाली थाना में पदस्थ पुलिसकर्मी पॉजिटिव पाए जा चुके हैं। थानों में पॉजिटिव केस आने के साथ ही एसपी संतोष कुमार सिंह ने एहतियात के तौर पर तत्काल इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित थानों को सील कर दिया था। वहीं उक्त थानों का कामकाज दूसरे थानों से संचालित किया गया, ताकि न तो और कर्मचारी इस बीमारी के चपेट में आए और न ही अन्य लोग इससे संक्रमित हो। इसके अलावा नगर पालिक व अन्य सरकारी दफ्तरों के कर्मचारी भी कोरोना संक्रमित हुए। वहीं भी इसी तरह की सावधानी रखते हुए कार्यालयों को बंद किया गया, लेकिन आबकारी विभाग ने ऐसा कुछ भी नहीं किया वह सिर्फ अपने इंकम पर ही जोर दे रहा है। चक्रधर नगर रोड पर संचालित अंग्रेजी व देशी शराब दुकान के चार कर्मचारी पॉजिटिव पाए जा चुके हैं, लेकिन न तो शराब की बिक्री इस दुकान से बंद हुई और न ही दुकान को सील किया गया। ऐसे में हर दिन लोग यहां शराब लेने पहुंच रहे हैं और अब लोगों का यह मानना है कि यहां शराब के साथ साथ कहीं बीमारी भी तो नहीं परोसी जा रही ?

**डर-डर कर कर रहे सेल्सकर्मी काम-** बेरोजगारी का आलम ऐसा है कि जब नई शराब नीति लागू हुई, तब यहां काम करने के लिए बेरोजगार युवकों ने सिक्योरिटी मनी जमा कर वहां काम पाया था। अब जब शराब दुकान से पॉजिटिव निकले हैं तो यहां के कर्मचारी भयभीत हैं और डर डर काम कर रहे हैं। मजबूरी यह है कि यदि वे काम करने से इंकार करते हैं, तो उन्हें घर का रास्ता दिखा दिया जाएगा और काम करते हैं तो कोरोना संक्रमित होने का खतरा बना हुआ है।

**कमाऊपूत कैसे मारे लात-** जिला मुख्यालय रायगढ़ के चक्रधर नगर का शराब दुकान आबकारी विभाग का कमाऊपूत है। यहां प्रतिदिन एक अनुमानित बिक्री के अनुसार चार से पांच लाख रुपए की बिक्री होती है।

> चक्रधर नगर शराब दुकान से दो गार्ड और एक देशी व एक अंग्रेजी दुकान का सेल्सकर्मी पॉजिटिव पाए गए थे। उनका तबियत ठीक नहीं लग रहा था, तो वे पहले से छुट्टी में थे। उनका चेकअप करवाए और जिस दिन पता चला उस रात को दुकान बंद था। इसके बाद पूरे स्टाप का भी जांच कराया गया। दुकान को पूरी तरह सेनेट्राईज किया गया। पूरा स्टाफ बदल दिया गया। दूसरे दुकान से स्टाफ लाकर काम कराया गया। जैसा भी निर्देशित किया गया वैसा ही नियमानुसार कार्य किया गया। कोविड का जो निर्देश है उसी के हिसाब से कार्य किया गया।
>
> **-मंजूश्री कसेर**
> आबकारी अधिकारी, रायगढ़

## एनएसयूआई ने अध्यापकों के दबंगई के विरोध प्रदर्शन किया




पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

लोरमी विधानसभा के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय कोतरी में एनएसयूआई छात्र नेता नेहरू चंद्राकर के द्वारा फिर किया गया एक बार छात्र हित का कार्य कोतरी महाविद्यालय के अध्यापक गण द्वारा गरीब छात्र-छात्राओं के एडमिशन प्रक्रिया में अच्छे अंकों वाले को भी नहीं दिया जा रहा था जिस समय एनएसयूआई के छात्र नेता नेहरू चंद्राकर के नेतृत्व में वहां पहुंचकर तत्काल छात्र छात्राओं की समस्याओं से अवगत होकर अध्यापकों के दबंगई के विरोध प्रदर्शन किया और साथ ही महाविद्यालय के द्वारा पुलिस प्रशासन का हेल्प लिया गया उसके बाद भी एनएसयूआई के साथियों ने छात्र हित पर अड़े रहे जिसमें भुनेश्वर ठाकुर, सुरेन्द्र कुलमीतृ, मनोहर ठाकुर , शिधार्थ कौशिक, नेत्रपाल कशयप , पंकज शिह, अनीश यादव, निलेश कशयप, प्रदीप कशयप , नवीन ठाकुर , निरमल साहू, विकाश घृत्लहरे , राकेश साहू, नरेश जयसवाल, किशोर कस्यप, लोकेंद्र ध्रुव और सभी एनएसयूआई के साथी गण उपस्थित रहे, साथ ही तत्काल छात्र हित पर कार्य करने पर नेहरू चंद्राकार और सभी एनएसयूआई के साथियों को सभी गरीब छात्र छात्राओं के द्वारा सादर धन्यवाद और आभार कहा गया।

## जुड़गा गांव की महिला कमांडो की सदस्यों ने जंगल से बरामद किया महुआ

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



जांजगीर-चांपा जिले के शक्ति विकासखंड के ग्राम पंचायत जुड़गा के सरपंच सुरती लाल जायसवाल की सक्रियता से गांव की महिला कमांडो ने गांव के आसपास जंगलों में शराब बनाने हेतु लाए गए 15 बोरी महुआ एवं दारू के गैलन तथा अन्य सामग्रियां बरामद की है, तथा इसकी सूचना ग्राम पंचायत जु?गा के सरपंच सुरतीलाल जायसवाल द्वारा वन विभाग शक्ति एवं पुलिस थाना शक्ति को दे दी गई है,एवं महिला कमांडो जुड़गा की इस सक्रिय पहल पर ग्राम वासियों ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया है, उल्लेखित हो की शक्ति विकासखंड के ग्राम पंचायत जुड़गा के जंगलों में कुछ लोगों द्वारा शराब बनाने की सूचना सरपंच को मिली जिस पर तत्काल सरपंच सुरती लाल जायसवाल ने महिला कमांडो एवं गांव के कोटवारों को मौका स्थल पर जाने हेतु कहा जिस पर मौका स्थल पर पहुंचे महिला कमांडो के सदस्य एवं कोटवार को देख वहां शराब बना रहे लोग भाग निकले तथा 15 बोरी करीब महुआ एवं सामग्रियां मौका स्थल पर ही पड़ी हुई थी जिसे अपने कब्जे में लिया गया है, उल्लेखित हो कि ग्राम पंचायत जुड़गा के सरपंच सुरती लाल जायसवाल की सक्रियता से पूरे गांव में काफी उत्साह का वातावरण है, तो वहीं महिला कमांडो के सदस्य भी ग्राम पंचायत की इस सक्रियता से काफी उत्साहित है।

## थाना प्रभारी की सक्रियता से 9 माह पूर्व हुई चोरी के आरोपी को पकड़ा

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



जांजगीर-चांपा जिले के बाराद्वार थाना क्षेत्र अंतर्गत करीब 9 माह पूर्व हुई चोरी की वारदात पर बाराद्वार थाना प्रभारी देवेश सिंह राठौर की सक्रियता से बाराद्वार पुलिस को बड़ी सफलता मिली है,एवं क्षेत्र में हो रही चोरी की बढ़ती वारदात बाराद्वार पुलिस के साथ साथ क्षेत्र के लिए भी एक बड़ी चिंता का विषय बन चुकी थी, जिस पर ताड़बतोड़ कार्यवाही करते हुए बाराद्वार थाना प्रभारी देवेश सिंह राठौर के कुशल नेतृत्व में बाराद्वार पुलिस कर्मियों के द्वारा चोरी की दो रेफ्रिजरेटर एवं एक गैस सिलेंडर के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार करने की बड़ी कार्यवाही करते हुए दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है, मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में से एक आरोपी नाबालिक है,ज्ञात हो कि 15.09.2020 को मुखबिर से बाराद्वार पुलिस को सूचना मिला कि ग्राम छितापडरिया निवासी धनेश्वर एवं साथी अपचारी बालक मिलकर फ्रिज एवं गैस सिलेण्डर चोरी कर अपने घर में रखे है, तथा बिक्री करने हेतु ग्राहक की तलाश कर रहे है, जिस पर मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त होते ही तत्काल संबंधित मामले के संदर्भ में पुलिस अधीक्षक पारूल माथूर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चांपा श्रीमती पदमश्री तवंर के दिशा निर्देश में बाराद्वार थाना प्रभारी देवेश सिंह राठौर एवम पुलिस टीम ने इस मामले के संदर्भ में पूछताछ करने हेतु धनेश्वर एवं उसके साथी के घर पहुंची जिस पर पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी धनेश्वर ने बताया कि वह 09 माह पहले अपने साथी के साथ मिलकर बाराद्वार के गोदाम से एक एल.जी कम्पनी का रेफ्रिजरेटर लाल रंग 170 लीटर वाला एवं 08 माह पूर्व ग्राम रायपुरा के सुने घर से एक एल.जी. कम्पनी का रेफ्रिजरेटर ग्रे कलर का 170 लीटर वाला एवं एक इण्डेन कम्पनी का गैंस सिलेण्डर को चोरी कर एक पुरानी सायकल से लाकर दोनों रेफ्रिजरेटर को अपने पास घर के पीछे बाडी में छिपाकर रखा है।

## बम्हनीनडीह के पंचों एवं युजकां ने की हाईस्कूल निर्माण में गुणवत्ता की जांच करने की मांग

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com




जांजगीर-चांपा जिले के जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत- सरहर में विगत दिनों शासकीय हाईस्कूल में 5 अतिरिक्त कक्ष निर्माण का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ था, जिसके निर्माण में ग्राम पंचायत सरहर के पंचों द्वारा निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता की अनदेखी संबंधी शिकायत कलेक्टर जांजगीर-चांपा से की गई थी, जिस पर जिलाधीश की पहल से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जांजगीर चाम्पा को कार्यवाही हेतु उक्त प्रकरण अग्रेषित किया गया,एवम जिला पंचायत द्वारा जनपद पंचायत बम्हनीडीह को हेतु दिया गया, जिसकी जांच जनपद के उप अभियंता की टीम द्वारा की गई थी, जांच के प्रतिवेदन से शिकायतकर्ता पंच गण संतुष्ट नहीं हुए,एवम पंचों ने बताया कि जांच टीम द्वारा प्रेषित प्रतिवेदन से स्पष्ट होता है कि जांच में लीपापोती की गई है, जिससे क्षुब्ध होकर पंच गण एवं युवा जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के द्वारा 15 सितंबर को पुनः मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बम्हनीडीह को ज्ञापन दिया गया है, जिसमें तीन दिवस के भीतर उपरोक्त कार्य की ठीक से जांचकर कार्यवाही करने की मांग की गई है, एवम उक्त अवधि के बाद भी जांच कर कार्यवाही नहीं होती है,तो ग्राम पंचायत सरहर के पंच भरतलाल कुर्रे एवं उनके साथी पंचों के द्वारा भूख हड़ताल पर बैठने की चेतावनी दी गई है।

## निजी स्कूल संचालक संघ ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



शैक्षणिक जिले शक्ति के अंतर्गत चारों विकासखंड के जिला शाला निजी संचालक संघ ने 14 सितंबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम जांजगीर-चांपा जिला कलेक्टर यशवंत कुमार को एक ज्ञापन प्रेषित कर वर्तमान मार्च 2020 के बाद से निरंतर कोरोना की वैश्विक महामारी के चलते निजी स्कूलों पर छा रहे संकट के बादलों को देखते हुए स्कूल संचालकों को राहत देने की मांग की है, स्कूल संचालकों ने ज्ञापन में बताया है कि शिक्षा का अधिकार आरटीई के अंतर्गत शैक्षणिक जिले शक्ति में भी निजी स्कूल संचालक प्रतिवर्ष गरीब बच्चों को एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा अग्रेषित बच्चों को अपने विद्यालयों में वर्षभर बेहतर शिक्षा प्रदान करते हैं, तथा इस शिक्षा के एवज में शासन द्वारा आरटीई के तहत दी जाने वाली राशि विगत 3 वर्षों से स्कूल संचालकों को प्राप्त नहीं हुई है, जिससे स्कूल संचालकों को काफी आर्थिक रूप से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, स्कूल संचालकों का कहना है कि निजी स्कूलों में काफी संख्या में छोटे-बड़े वाहन बच्चों को शहर तथा ग्रामीण इलाकों से लाने ले जाने के लिए सेवा में हैं, तथा इन वाहनों का मार्च 2020 के बाद से आने वाले स्कूल प्रारंभ होने तक के समय की अवधि का परिवहन विभाग से लिया जाने वाला मासिक कर माफ किया जाए,स्कूल संचालकों का कहना है कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पाठ्य पुस्तक निगम के माध्यम से स्कूलों में दी जाने वाली निशुल्क पुस्तकें निगम के बिलासपुर में स्थापित डिपो के माध्यम से छह जिलों के लोगों को दी जा रही है।

## गिरदावरी कार्य निर्धारित समय में पूरा करें-कलेक्टर

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर भीम सिंह ने मंगलवार को कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में टीएल (समय-सीमा) की बैठक लेकर समस्त जिला स्तरीय शासकीय विभागों के साप्ताहिक प्रगति कार्यों की समीक्षा की और जिले में चल रहे गिरदावरी कार्य को निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अलग-अलग विभागों के अधिकारियों द्वारा की गई गिरदावरी जांच की जानकारी ली। जिले का गिरदावरी कार्य लगभग 80 प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। कलेक्टर भीम सिंह ने गिरदावरी की जांच कर रहे अधिकारियों को निर्देशित किया कि सौपे गये जांच कार्य का प्रतिवेदन निर्धारित प्रपत्र में भरकर प्रतिदिन जमा करवायें और रिमार्क कॉलम में जांच के दौरान जो कमी या अ;स्त्रछा कार्य पाए गए हैं उसका उगेख अवश्य करें। उन्होंने बताया कि गिरदावरी का कार्य 20 सितम्बर 2020 तक हर हालत में पूर्ण करना है और 21 सितम्बर को प्रत्येक गांव के पंचायत भवन में इसका विवरण प्रकाशित कर चस्पा किया जाना है जिससे संबंधित किसान उसका अवलोकन कर सकेंगे और 28 सितम्बर 2020 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकेंगे। दावा-आपत्ति का निराकरण राजस्व अधिकारियों द्वारा 7 अक्टूबर 2020 तक किया जावेगा तथा 14 अक्टूबर को इसका विवरण सॉफ्टवेयर में अपलोड कर दिया जायेगा। उन्होंने प्रत्येक गांव में किसानों को मुनादी करके गिरदावरी कार्यों की दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की सूचना देने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने गिरदावरी कार्य में लापरवाही करने अथवा कार्य से अनुपस्थित रहने वाले पटवारियों तथा नायब तहसीलदारों को नोटिस जारी करने और उनके वेतन रोकने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को ऑनलाइन शिक्षा उपलबध कराने के लिये अधिक से अधिक छात्रों को इस सुविधा से जोडने् के निर्देश दिये। साथ ही जो छात्र ऑनलाइन नहीं जुड़े है उनके लिये वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिये जिससे सभी छात्रों को शिक्षा मिलती रहे। उन्होंने अंग्रेजी माध्यम स्कूल के लिये सभी आधुनिक सुविधायुक्त लैब तथा आगामी आवश्यकता के अनुरूप पुस्तकों का चयन कर पुस्तकालय तैयार कराने को कहा। कलेक्टर ने बैठक के दौरान किसान क्रेडिट कार्ड, किसानों को गण वितरण तथा हेण्डपंपों के समीप शॉक पिट एवं रिचार्ज पिट निर्माण के प्रगति

## तमनार क्षेत्र में बाइकर्स गैंग का आतंक

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले के तमनार क्षेत्र में लूट की दो बड़ी वारदात चार दिन के भीतर हुई है। चोरों के हौसले कितने बुलंद है। इसका अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं कि वह दिन और रात भी नहीं देखते। 10 सितंबर को जहां लुटेरों ने दिनदहाड़े 40 हजार की रकम एक बुजुर्ग से लूट कर ले गए।

वहीं दूसरी तरफ एक और बुजुर्ग कल रात 12 बजे के करीब लूट का शिकार हुआ है। लूटेरे ने उनके पास से 90 हजार कैश लूट कर ले गए। पीड़ित जनकराम बानी ने बताया कि वह रायगढ़ में रहता है और आलू प्याज का व्यापार करता है। इसी सिलसिले में उसका तमनार क्षेत्र में आना जाना होता है। बीती रात बाजार से वापसी के समय करीब रात के 12 बज गए थे। जहां उसने ढाबे में खाना खाया और अपनी खलासी के साथ रायगढ़ के लिए निकल गया। मगर रास्ते में झींगोल गांव के प्रतिक्षालय के पास ब्रेकर पर अपनी गाड़ी धीमी की। तभी पीछे से तीन बाइक सवार आए और डरा धमका कर उससे बैग लूटकर ले गए। जिसमें 90 हजार नकद, बही खाता और एटीएम वगैरह थे।


**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL), CSPGCL**
SHED No.2, Dangania, Raipur 492013 Phone No. 0881-2574562,
Fax: 0771-2574579, Website: www.cspc.co.in, Email: civilprojectcmg@gmail.com

No.04-04/W/1799 Raipur, date 11.09.2020

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from contractors registered in appropriate class in CSPGCL. The unregistered contractor having work experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only may also be considered on submission of experience certificate for following work as mentioned below :-

| Sl. No. | Tender Specification No. | Name of Work | NIT value i/c 18% GST (Rs.) | EMD (Rs.) | Completion period (incl. Rainy season) | RFx No. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CEC/ABVTP S-MRW/W/ 2020/137 | Annual sweeping and cleaning of roads & drains of various staff quarters and public building and stair case, open corriedor of B, C, D, E & F type staff quarters of 2x500 MW ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 15.56 Lacs | 15,600/- | 24 Months | 81000 18748 |
| 2 | CEC/ABVTP S-MRW/W/ 2020/138 | Annual civil maintenance of BOP area and maintenance of office and store sheds at premises of 2x500 MW ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 7.74 Lacs | 7,800/- | 12 Months | 81000 18749 |
| 3 | CEC/DSPM-KE/W/ 2020/139 | Renovation of toilets and bathroom of balance 61 units of ND type quarters by fixing of tiles along with sanitary fittings at CD type colony of DSPM-TPS, CSPGCL, Korba East. | 16.11 Lacs | 16,200/- | 03 Month | 81000 18771 |
| 4 | CEC/ABVTP S-MRW/W/ 2020/140 | Providing and laying of bitumen surface over existing concrete surface road in D, E, F colony (Phase-III) of colony premises and tarring over bridge/speed breaker in direct road of 2x500 MW ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 46.29 Lacs | 46,300/- | 01 Months | 81000 18772 |
| 5 | CEC/DSPM-KE/W/ 2020/141 | Construction of temporary earthen embankment at Lagoon No. 1 at ash dyke at village Gorhi/Pandripani of DSPM-TPS, CSPGCL, Korba East. | 19.14 Lacs | 19,200/- | 02 Month | 81000 18781 |
| 6 | CEC/DSPM-KE/W/ 2020/142 | Annual general civil maintenance works of Ash dyke at village Gorhi/Pandripani at DSPM-TPS, CSPGCL, Korba East. | 13.57 Lacs | 13,600/- | 12 Months | 81000 18780 |
| 7 | CEC/HTPS-KW/W/ 2020/143 | Annual maintenance & upkeep of lawn, garden development in different locations in 1x500 MW Extension Unit at HTPS, CSPGCL, Korba West. | 6.40 Lacs | 6,400/- | 24 Months | 81000 18779 |
| 8 | CEC/HTPS -KW/W/ 2020/144 | Annual sweeping & cleaning of Roads, Drains & Toilets etc. of Power House at HTPS, CSPGCL, Korba West. | 11.28 Lacs | 11,300/- | 24 Months | 81000 18786 |

Cost per tender form for S.No. 1 to 3 & 5 to 8 is Rs. 590/- (Rs.500/- + 18% GST) & for S.No. 4 is Rs. 885/- (Rs.750/- + 18% GST) due date & time for submission of bids Tender Cost & EMD **01.10.2020** (up to 15:00 Hrs) and bid opening date (Techno commercial bids) of **03.10.2020** (up to 16:00) Hrs respectively. The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in: 50724/ irj /portal.

**Note: - 1. Maintenance period shall be 12 Months for Sl. No. 3, 4 & 5 and Sl. No. 1, 2, 6, 7 & 8 is nil.**
**2. Similar nature work experience i. e. experience in Ash Dyke raising work or Ash filling work or road construction work is required for Sl. No. 5.**

Chief Engineer (Civil)
CSPGCL, Raipur

//Save Electricity// S-26471/2


## पेज 1 के शेष...

### शिक्षकों के 14 हजार 580 पदों ...

शिक्षकों की नियुक्ति के संबंध में शामिल शर्तों में प्रत्येक नियुक्तिकर्ता अधिकारी के द्वारा व्यापम की प्रावीण्य सूची के क्रम में विज्ञापित पदों की संख्या के अनुसार प्रावधिक चयन सूची जारी की जाएगी। प्रावधिक चयन सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों को नियुक्तिकर्ता अधिकारी के द्वारा कार्यालय में बुलाकर दस्तावेजों का सत्यापन कराया जाएगा। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएगा कि दस्तावेज सत्यापन के समय कोरोना संक्रमण से बचाव से संबंधित भारत सरकार और राज्य सरकार के सेनेटाइजेशन एवं सामाजिक दूरी बनाए रखें आदि के सभी निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाए।

जिन अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापित होते हैं, उन्हें जिला चिकित्सा बोर्ड से मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु निर्देश दिया जाएगा और पुलिस वेरिफिकेशन हेतु संबंधित का प्रकरण भेजा जाएगा। प्रावधिक चयन सूची में शामिल प्रत्येक व्यक्ति को दस्तावेज सत्यापन के लिए नियुक्तिकर्ता अधिकारी के कार्यालय में सभी दस्तावेजों सहित निश्चित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने के लिए सूचना पत्र पंजीकृत डाक से भेजा जाएगा। अभ्यर्थी की उपस्थिति का दिन सूचना पत्र जारी होने के कम से कम 20 दिन बाद का रखा जाएगा। यदि किसी 16कारणवश कोई अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को उपस्थित न हो सकें तो वह नियुक्तिकर्ता अधिकारी के समक्ष लिखित आवेदन प्रस्तुत करके किसी अन्य दिन उपस्थित होने का अनुरोध कर सकेगा। यदि ऐसा अनुरोध उपस्थिति के लिए निश्चित तिथि से 10 दिन के भीतर प्राप्त होता है तो नियुक्तिकर्ता अधिकारी उस अभ्यर्थी के दस्तावेज सत्यापन के लिए कोई अन्य तिथि निश्चित कर सकेगा।

जिन अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन नहीं होता है अथवा जो अभ्यर्थी सूचना प्राप्ति के बाद भी दस्तावेज सत्यापन के लिए उपस्थित नहीं होते हैं, उन्हें लिखित रूप से सूचित किया जाएगा कि, विज्ञापन में निर्धारित मापदंडों के अनुसार दस्तावेजों का सत्यापन नहीं होने के कारण उन्हें नियुक्ति के योग्य नहीं पाया गया और ऐसे अभ्यर्थियों का नाम प्रावधिक चयन सूची से काट दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को दी जाने वाली सूचना में इस बात का स्पष्ट उल्लेख किया जाएगा कि, कौन से अनिवार्य दस्तावेज सत्यापित नहीं हुए।

जिन अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन नियमानुसार पूर्ण होगा उन्हें इस बात की लिखित सूचना दी जाएगी कि, उनका प्रकरण मेडिकल फिटनेस एवं सेवा पूर्व पुलिस वेरिफिकेशन के लिए भेजा जा रहा है। यह दोनों प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात उनके लिए पृथक से नियुक्ति आदेश जारी किया जाएगा। पत्र में इस बात का भी स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाएगा कि यह पत्र नियुक्ति आदेश नहीं है। संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद संबंधित नियुक्तिकर्ता अधिकारी द्वारा नियुक्ति आदेश तैयार किया जाएगा। दस्तावेज सत्यापन उपरांत उन पात्र चयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति आदेश जारी किए जाएंगे जिन्हें मेडिकल बोर्ड द्वारा फिट पाया गया है तथा जिनके पुलिस वेरिफिकेशन में प्रतिकूल टीप नहीं पाई गई है।

### जनपद पंचायत उप अभियंता ...

रिपोर्ट बनाने के एवज में 40 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी। तब इस पूरे मामले की सूचना राजेश ने बिलासपुर एसीबी को दी. एसीबी की टीम ने मामले को गंभीरता लेते हुए पूरा जाल बिछाया और पहली किस्त की राशि 20 हजार रुपए लेते उप अभियंता सुमित राजपूत और दलाल राजकुमार रात्रे को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया. यह कार्रवाई एसीबी के निदेशक एवं पुलिस उप महानिरीक्षक आरिफ शेख और पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा के दिशा निर्देश पर हुई है. गिरफ्तार आरोपी उप अभियंता सुमित राजपूत बलौदाबाजार जिले के कोदवा गांव और दलाल राजकुमार रात्रे बिलासपुर जिले के पेंड्री गांव के रहने वाले हैं।

# श्रमिकों के लिए श्रम व स्वास्थ्य विभाग योजना बनाकर करे काम- शाहनवाज

## मजदूरों के हित में इंटक ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



कोरोना संक्रमण की चपेट में आकर आज पूरा देश समस्याओं से जूझ रहा है। इस वायरस का सबसे ज्यादा असर मजदूर वर्गो को उठाना पड़ रहा है। मजदूरों को होनें वाली परेशानियों को देखते हुए इंटक जिलाध्यक्ष शाहनवाज खान ने कलेक्टर भीम सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए श्रम विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा मजूदरों के लिए एक योजना बनाकर काम करने की मांग की है।

इंटक जिलाध्यक्ष शाहनवाज खान का कहना है कि छत्तीसगढ़ का एक बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है। यहां के उद्योगों में काम करने वाले संगठित और असंगठित मजदूरों की संख्या लाखों में है। इसके अलावा रायगढ़ से पलायन कर पूर्व में अन्य राज्यों में गए श्रमिकों की संख्या भी कई हजारों में है। कोविड 19 के कारण अन्य राज्यों में हुए स्थानीय श्रमिक अपने गृह जिले रायगढ़ वापस आ गए हैं। परंतु अब तक यहां के स्थानीय उद्योगों में कार्य कर रहे श्रमिकों एवं बाहर से वापस आए श्रमिकों के लिए कोई भी संयुक्त योजना श्रम विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा बनाकर कार्य नही किया गया जिसका परिणाम यह हुआ है कि आज कोविड़ 19 के मरीजों की संख्या भी वहां बढ़ते जा रही है। जहां श्रमिकों की रहवासी क्षेत्र है। साथ ही साथ उन्हें जीवन यापन की आर्थिक समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।

रायगढ़ शहर में भी कई ऐसे मोहगे हैं जहां दैनिक श्रमिक कार्य कर अपना जीवन यापन करने वाले बहुतयात में निवासरत है। इनमें से कई मोहगे में कोरोना पॉजिटिव व्यक्ति भी पाए गए हैं अब वहां अचानक से कोविड़ 19 पॉजिटिव के लोग मिल रहे हैं। कलेक्टर से निवेदन किया है कि श्रम विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ त्रिपक्षीय वार्ता करके तत्काल प्रभाव से पायलेट प्लान तैयार किया जाए। जिससे ऐसे सभी चिन्हांकित इलाको में कोविड़ 19 के मरीजों को चिन्हांकित करके उनका इलाज तत्काल हो और बाकी श्रमिकों को इससे हो रही परेशानी व खतरे से बचाया जा सके।

### रेल कर्मचारियों के लिए भी हो पहल

इंटक जिलाध्यक्ष शाहनवाज खान ने कलेक्टर को जानकारी दी कि कई रेल कर्मचारी भी कोरोना की चपेट में आकर आए दिन पॉजिटिव निकल रहे हैं। मगर नगर निगम व पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा रेल कर्मियों के साथ सौतेला व्यवहार करते हुए न तो उनके मकानों को सेनेटाईज किया जा रहा है और न ही पीडब्ल्यूडी के द्वारा उनके घरों के बाहर बेरिकेटि्स लगाया जा रहा है। जबकि मामले को रेल प्रशासन का बताकर रेल अधिकारियों के ऊपर ही सब कुछ छोड़ दिया जाता है। कलेक्टर से इस मामले पर तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया गया है।

# पारधीपारा के बच्चों को मोहल्ला क्लास के माध्यम से शिक्षा का अभिनव प्रयास

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com



भानुप्रतापपुर विकास खण्ड के ग्राम पारधीपारा कोर्रामपारा में नाहर (कांडरा) जाति के 16 परिवार निवासरत है। यह भूमिहीन खेतीहर मजदूर है और बांस शिल्प का कार्य करते है। बांस से सुपा, टोकरी आदि घरेलू उपयोगी सामग्री बनाते है और बेचते हैं, उससे जो पैसे मिलता है, उससे वह अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। चिचगांव के संकुल समन्वयक निरंजन दास ने बताया कि यह परिवार अभी भी शिक्षा से कोसो दूर है, शिक्षा के महत्व को समझ नहीं पा रहे हैं। निवासरत 16 परिवारों के 13 बच्चों का नाम निकट के प्राथमिक शाला कोर्रामपारा, माध्यमिक शाला कुल्हाडकट्टा और रानवाही में दर्ज है, पर इन बच्चों को शिक्षा के प्रति कोई ललक नहीं है, वे अपने मर्जी से स्कूल जाते हैं, इनके शाला जाना अनियमित व अनिश्चित है, जिसके कारण यह बच्चे सर्व शिक्षा अभियान के तहत की जाने वाली सर्वे में शाला त्यागी की श्रेणी मे आते थे।

शासन के निर्देशानुसार शाला त्यागी बच्चों को शाला से जोडने के लिए बीईओ, बीआरसी एवं संकुल समन्वयक के द्वारा इन बालको के घर जाकर उनके पालको से संपर्क किया गया और शिक्षा के महत्व को समझाया गया, जिससे यह बच्चे स्कूल आने लगे। संकुल समन्वयक और सहयोगी शिक्षकों के द्वारा पारधीपारा के बच्चों को शाला से जोड़ने हेतु प्राथमिक शाला कोर्रामपारा में शाला प्रवेश उत्सव जैसा कार्यक्रम आयोजित कर पारधीपारा के सभी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा इन बच्चों के लिए एक-एक सेट ड्रेस, कॉपियां, स्लेट, पेंसिल, रबर, कटर, कंपास बाक्स व जुता मोजा वितरण किया गया, जिससे यह बच्चे माह नवंबर से नियमित शाला आकर अध्ययन करने लगे। संकुल समन्वयक निरंजन दास बताते है कि वैश्विक महामारी कोरोना से बच्चों की सुरक्षा हेतु भारत सरकार द्वारा देश के समस्त स्कूल, कालेजों को माह मार्च से अनिश्चित समय के लिए बंद करवाया गया, लॉकडाउन के दौरान राज्य शासन के निर्देशानुसार स्कूली बच्चों को शिक्षा से जोड़े रखने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था ''मोहल्ला क्लास'' का प्रांरभ किया गया। ''मोहल्ला क्लास''प्रांरभ होते ही शिक्षक व्यवस्था के लिए शासकीय हाई स्कूल मुंगवाल के प्रभारी प्राचार्य टिकेश्वर सिंह ठाकुर ने पारधीपारा में मोहल्ला क्लास संचालित करने के लिए निर्देशित किया, जिस पर उन्होंने अपने दो सहयोगी शिक्षक प्राथमिक शाला कुल्हाड़कट्टा के सहायक शिक्षक ढालसिंह ठाकुर और प्राथमिक शाला गोड़ोपारा के सहायक शिक्षक देवधरलाल ठाकुर से संपर्क कर पारधीपारा में मोहल्ला क्लास प्रांरभ करने की योजना बनाई। इन शिक्षकों के द्वारा पारधीपारा के बच्चों के लिए शैक्षणिक तथा खेल सामग्री, मास्क, सेनेटाइजर तथा पाठ्य सामग्री आदि की उपलब्धता के पश्चात धीरे-धीरे इन बच्चां को खेल-खेल में अध्यापन की ओर मोड़ने का अभिनव प्रयास किया गया।

# लगूरा दोहरे हत्या काण्ड में आया नया मोड

### तालाब में पति बसंत की लाश तैरते मिलने से मामला उलझा

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले के फॉस्टरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम लगरा में हुए दोहरे हत्या काण्ड ने नया मोड ले लिया है, ज्ञात हो कि बीते कल फॉस्टरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम लगरा का है जहां आरोपी बसंत चंद्राकर पिता इतवारी चंद्राकर उम्र ने अपनी पत्नी लता बाई चंद्राकर और 8 माह के बच्चे की हत्या कर दी, और मौके से फरार हो गया था, इस मामले में नया मोड़ आ गया है।

वारदात में पुलिस को शक था की पति ने ही घटना को अंजाम दिया है लेकिन गांव के एक तालाब में पति बसंत की लाश तैरते मिली है। जिससे मामला उलझ गया है, फिलहाल पुलिस पहुंचकर घटना की जांच में जुटी गई है। जानकारी मिलते ही मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधिकारी सहित फॉस्टरपुर पुलिस मौके पर पहुच गये, पुलिस मर्ग कायम कर जाच में जुट गयी है, वही घटना की सूचना मिलते ही गाँव मे सन्नाटा पसरा गया।

# टिकेश्वरी पटेल व तुलेश्वरी धुरंधर का राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयन

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





जिले की दो शिक्षिकाओं टिकेश्वरी पटेल प्रधानपाठक व तुलेश्वरी धुरंधर सहायक शिक्षिका मुढ़ीपार का राष्ट्रीय आदर्श शिक्षा रत्न पुरस्कार के लिए चयन हुआ। आदर्श युवा समिति मथुरा उत्तरप्रदेश की विशेष कार्य परियोजना मे अंतिम वंचित जन एवं बाल कल्याण मे कार्यरत संस्था गिवत 35 वर्षो से समाज के लिए कार्य कर रही है ।

आदर्श संस्कार शाला देश के महान कर्मयोगी आदर्श शिक्षाविद समाजसेवी, स्वर्गीय ज्वालाप्रसाद शर्मा पूर्व प्रधानाचार्य की पावन स्मृ तमे राष्ट्रीय आदर्श शिक्षा रत्न पुरूकार प्रदान करती है। इसके लिए छत्तीसगढ राज्य से बलौदाबाजार जिले के दो शिक्षिकाओ को इस वर्ष के पुरूस्कार के लिए चुना गया है। जिसमे टिकेश्वरी पटेल प्रधान पाठक शा प्राथमिक शाला लवनबन, व तुलेश्वरी धुरंधर सहायक शिक्षिका शासकीय प्राथमिक शाला मुढ़ीपार का चयन किया गया है।

जिले से इन दो शिक्षिकाओं का चयन शिक्षा मे नवाचारी के साथ साथ सामाजिक एवं साहित्यिक क्षेत्र में इनके अतुलनीय योगदान हेतु किया गया। यह पुरूस्कार उन लोगो को दिया जाता है जो कि पूरे उल्लास एवं समर्पण के साथ विशेष नवाचारी शिक्षा, समाज एवं साहित्यिक के क्षेत्र मे अपना सर्वस्व न्योछावर कर राष्ट्रनिर्माण मे अपना विशेष योगदान दिया हो।

इस बार पूरे देश से कुल 4567 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से चयन समिति द्वारा 131 महान विभूतियों का चयन किया गया। संस्था इसके अलावा देश के महान नवाचारी कर्मवीरो का सम्मान आदर्श सेवा रत्न पुरस्कार देकर सम्मान करती है जो अपने तन मन धन से सर्वहित को सर्वोपरि मानकर समाज की विशेष सेवा की हो।

इसमे देश की परम विशिष्ट प्रतिभाये डाक्टर शिक्षक इंजीनियर कलाकार लेखक कवि साहित्यकार पत्रकार सरकारी गैर सरकारी कर्मचारी किसान सैनिक आदि का सम्मान करती है।

जिले की दोनों शिक्षिकाओं को यह सम्मान 4 अक्टूबर को दिया जायेगा। कोरोना संक्रमण को देखते हुए आनलाईन वर्चुवल समारोह के माध्यम से होगा।

राष्ट्रीय आदर्श शिक्षक रत्न पुरस्कार मिलने के खबर से ही अन्य शिक्षक साथियो मे खुशी की लहर व्याप्त है और उन्होंने पटेल एवं धुरंधर को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत मदनपुर में किया गया वृक्षारोपण




**मुंगेली।** भारतीय जनता पार्टी' द्वारा सेवा सप्ताह के माध्यम से 'मुंगेली ग्रामीण मण्डल' के अंतर्गत 'ग्राम मदनपुर' में 'वृक्षारोपण' का 'कार्य म' सम्पन्न हुवा जिसमें प्रमुख रूप से 'भाजपा जिलाध्यक्ष . शैलेश पाठक,'भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं वृक्षारोपण प्रभारी शिवप्रताप सिंह साथ में 'भाजपा' जिला मंत्री, मंडल प्रभारी दीनानाथ केसरवानी कोटूमल दादवानी (जिला कार्यालय प्रमुख) मंडल अध्यक्ष शंकर सिंह मानस सिंह बैस उपाध्यक्ष भाजपा महामंत्री द्वय राजीव श्रीवास नितेश भारद्वाज एवम बिन्नू महराज 'बबली चंद्राकर उपाध्यक्ष अनामिका श्रीवास जीवन पटेल घनश्याम रात्रे हीरालाल साहू सरपंच धर्मेंद्र सिंह नारायण सिंह ऋषि कुमार ताम सिंह कौशल सिंह रमेश सिंह द्वारिका सिंह पोषण सिंह नोहर प्रसाद चंद्रेश यादव डॉ रामकुमार साहू संतोष सिंह सूरज धुर्वे और 'वरिष्ठ पदाधिकारियों' की 'उपस्थिति' में 'कार्य म आयोजित किया गया' 'भाजपा' के सभी 'बूथ अध्यक्ष संयोजक सहसंयोजक' तथा ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने ली नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक

# कचरा कलेक्शन के लिए शत-प्रतिशत यूजर चार्ज लिया जाए- कलेक्टर

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



कचरा कलेक्शन किये जाने वाले सभी घरों, दुकानों, होटल, अस्पतालों से शत-प्रतिशत यूजर चार्ज लिया जाना है। इसके लिये वार्डवार घरों व दुकानों की जानकारी के साथ यूजरचार्ज का ब्यौरा तैयार कर कलेक्शन करें। उक्त बातें कलेक्टर भीम सिंह ने नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक के दौरान कही। इसके लिये उन्होंने नगरीय निकायों को अपने कार्यालयों में स्वच्छता का एक प्रभावी मॉडल तैयार करते हुये कर्मचारियों के मध्य कार्य का सुस्पष्ट विभाजन करने के निर्देश दिए और कहा कि कचरा कलेक्शन के साथ-साथ वार्डवार यूजर चार्ज कलेक्शन की भी जानकारी व्यवस्थित रूप से संधारित की जाए। कलेक्टर ने बैठक के दौरान कहा कि कोरोना संकट के इस कठिन समय में स्वच्छता कर्मियों ने जिस प्रकार साफ-सफाई की बागडोर संभाल रखी है, वह काबिले तारीफ है। हमारे लिये स्वास्थ्य कर्मियों की तरह स्व;स्र्छता कर्मी भी कोविड वारियर्स है, उनके इस योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा।

### मैन पावर व उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा की

कलेक्टर भीम सिंह ने रायगढ़ नगर निगम के साथ जिले के समस्त नगरीय निकायों में स्व;स्र्छता कार्यों व कचरा कलेक्शन की विस्तार से समीक्षा की। रायगढ़ नगर निगम क्षेत्र के लिए प्रस्तावित 100 रिक्शों की खरीदी व 100 लोगों की भर्ती का कार्य आगामी एक माह में पूर्ण करने के निर्देश नगर निगम आयुक्त को दिये। अन्य निकायों में उपलब्ध संसाधनों व मैन पावर की जानकारी ली। निकायों में कार्य के सुचारू संचालन हेतु आवश्यक संसाधन का मांग पत्र शीघ्र भेजने के निर्देश दिए।

### स्व;स्र्छता दीदियों से पूछी समस्यायें

उन्होंने स्व;स्र्छता दीदियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा एसएलआरएम सेंटर्स में आवश्यक सुविधाओं के बारे में भी पूछा। उन्होंने सभी एसएलआरएम सेंटर्स में कर्मचारियों के लिये साफ टायलेट तथा बाथरूम, बैठने के लिये कुर्सी व बेंच, जहां आवश्यकता है वहां शेड बनाने के निर्देश दिये। ग्लव्स, मास्क जैसे सुरक्षा उपकरण पर्याप्त मात्रा में प्रदान करने के लिये कहा, साथ ही बीच-बीच में मेडिकल कैम्प लगाकर कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच करवाते रहने के निर्देश भी दिये।

इस दौरान नगर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय सहित रायगढ़ नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी व स्व;स्र्छता दीदी सहित जिले के अन्य नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग से बैठक में जुड़े।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन सेवा सप्ताह के रूप में मनेगा

**डोंगरीडीह।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा सप्ताह के रूप में मनाने का निर्णय जगत प्रकाश नड्डा के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में निर्णय लिया गया है। उक्त संबंध में भाजपा जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड की अध्यक्षता में बैठक में प्रधानमंत्री का 70वा जन्म दिवस को सेवा सप्ताह के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर को सेवा सप्ताह के रूप में मनाने वर्तमान करोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए 14 से 20 सितंबर तक सात दिनों तक विभिन्न कार्यक्रम करने की कार्ययोजना बनाई जा रही है।

जिसमें गरीब भाई बहनों को आवश्यकतानुसार चश्मा, दिव्यांगों को कृत्रिम अंग उपकरण, अस्पतालों में फल वितरण, बूथ स्तर पर वृक्षारोपण कार्य, सभी गांवों में स्वच्छता अभियान, मुख्यालय व सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता का कार्यक्रम अंत मे वर्चुअल कांफ्रेंस का आयोजन भाजपा द्वारा किया जाएगा। उक्त आयोजन की जानकारी मण्डल अध्यक्ष विजय यादव ने दिया।

# छ. ग. प्रगतिशील यादव महासंघ के स्थापना दिवस पर लिए गए 3 संकल्प

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



श्री कृष्ण जन्मोत्सव के पावन प्रसंग पर गठित छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ ने कल, मंगलवार 15 सितंबर 2020 को अपना 18 वां स्थापना दिवस, शासन द्वारा जारी कोरोना गाइडलाइंस के अनुरूप.. शहीद स्मारक भवन स्थित अपने कार्यालय में सादगी से मनाया।

महासचिव निरंजन सिंह यादव ने बताया कि, आज वयस्क हुए महासंघ ने अपने नाम के अनुरूप यादव समाज को प्रगति के पथ पर प्रोन्नत करने निमित्त 3 ांतिकारी निर्णय लिए। बतौर पहला कदम - कोरोना महामारी के चलते, बीमार पीड़ित पक्ष को तत्काल ऑक्सीजन उपलब्ध कराने हेतु ऑक्सीजन कंसंट्रेटर मशीन य करने का निर्णय लिया गया। दूसरे कदम के रूप में महासंघ के आजीवन सदस्यों के परिवार में गमी/मृत्यु होने की दशा में शोक संतप्त परिवार को दो टाइम भोजन उपलब्ध कराने का संकल्प लिया गया। तीसरे कदम के रूप में महासंघ ने हरित ांति की दिशा में सहयोग और पर्यावरण की सुरक्षा हेतु, पौधे को साक्षी मानकर उपस्थित सदस्यों ने संकल्प लिया।

सावधानी ही सुरक्षा है के मद्देनजर स्थापना दिवस, सीमित सदस्यों यथा लक्ष्मी यादव, स्वीटी ठेठवार, सोनिया यादव, अशोक यादव रविंद्र सिंह यादव, राजेश यादव, रजनीश यादव, अजय यादव अभिषेक यादव और परीक्षित यादव की उपस्थिति में जय यादव जय माधव के उद्घोष के साथ समारोह संपन्न हुआ।

### जच्चा बच्चा दोनों पूर्ण रूप से स्वस्थ, बच्चे का नाम कोविड कुमार रखेंगे माता पिता

# कोविड अस्पताल में गर्भवती महिला ने दिया स्वस्थ बच्चे को जन्म

पायनियर संवाददाता < काँकेर
www.dailypioneer.com





कोरोना वायरस संक्रमण को लेकर जहाँ हर तरफ हर लोग खासे परेशान दिखाई दे रहे है।लेकिन इस संक्रमण के बीच काँकेर जिले में एक अच्छी खबर भी देखने को मिली है। इस खबर से यह तो तय हो गया है।की जाको राखे साइयां मार सकें ना कोय यह कहावत चरितार्थ साबित हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार धमेलिकन्हार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 9 सितंबर को गर्भवती महिला रागनी सेन 26 वर्ष पति ढाकेस्वर सेन का रैपिड एंटीजन टेस्ट में पॉजर्ीटिव आने के बाद महिला को होम आईसोलेसन में रखा गया था । ठीक 5 दिन बाद यानि 13 सितंबर को रागिनी सेन को प्रसव पीड़ा शुरू होने पर कोविड अस्पताल काँकेर रेफर किया गया है।कोविड अस्पताल रात पौने दस बजे भर्ती कराया गया। प्रसव पी?ा और कोविड 19 पॉजिटिव आने के बाद गर्भवती महिला की देखरेख के लिए जिला अस्पताल में एहतियात व सावधानी पूर्वक प्रसव प्रशासन के लिए ब?ी चुनौती बन चुकी थी।धीरे धीरे चुनौती का सामना करते प्रशासनिक अफसरों की लगातार मार्गदर्शन लेकर बुधवार 16 सितंबर को प्रातः 9.50 बजे सफलता पूर्वक प्रसव कराया गया । प्रसव के बाद जच्चा बच्चा दोनो पूर्ण रूप से स्वस्थ्य है। वही रागिनी का प्रथम प्रसव में बालक ने जन्म लिया हैं।

प्रसव के बाद ढाकेश्वर सेन औऱ रागिनी सेन ने अपने प्रथम पुत्ररत्न प्राप्ति पर जिला प्रशासन स्वास्थ्य विभाग की प्रशंशा करते अपने पुत्र का नाम कोविड कुमार सेन नाम रखने की इच्छा जाहिर किया गया है।

कलेक्टर ने सफलतापूर्वक प्रसव के लिए डाक्टरों की टीम को बधाई डेडिकेटेड कोविड हास्पिटल अलबेलापारा कांकेर में डॉक्टरों की टीम द्वारा पहली बार कोरोना प्रभावित महिला का सुरक्षित प्रसव कराया गया है, जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ्य हैं।कोरोना प्रभावित महिला का सफलतापूर्वक प्रसव कराने पर जिले के कलेक्टर श्री के.एल. चौहान ने डॉक्टरों की टीम को बधाई दी और उन्हें बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एल. उईके ने बताया कि कांकेर तहसील के ग्राम धनेलीकन्हार निवासी ढाकेश्वर सेन की पत्नी रागनी सेन उम्र 26 वर्ष को 09 सितम्बर को किये गये रैपिड एंटीजन टेस्ट में पॉजिटिव आने के बाद होम आईसोलेसन में रखा गया था, उन्हें 13 सितम्बर को प्रसव पीड़ा शुरू होने पर डेडिकेटेड कोविड हास्पिटल अलबेलापारा कांकेर में रात्रि 9.45 बजे भर्ती कराया गया तथा आज बुधवार 16 सितम्बर को प्रातः 9.50 बजे उनका सफलतापूर्वक प्रसव कराया गया।

रागनी सेन का यह प्रथम प्रसव है। उन्होंने स्वस्थ्य बालक को जन्म दिया दिया है, जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ्य हैं।

# सेवा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत दो दिवसीय विधानसभा स्तरीय वेबीनार आयोजित

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी जांजगीर-चांपा जिले द्वारा जिला भाजपा कार्यालय में 14 सितंबर से प्रारंभ 2 अक्टूबर तक होने वाले सेवा सप्ताह कार्य म के अंतर्गत जिला भाजपा कार्यालय जांजगीर में विधानसभा स्तरीय वेबीनार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम दिवस 15 सितंबर को पामगढ़ एवं अकलतरा विधानसभा का वेबीनार संपन्न हुआ, तथा 16 सितंबर को चंद्रपुर विधानसभा, जैजैपुर विधानसभा, शक्ति विधानसभा एवं जांजगीर चांपा विधानसभा का वेबीनार कार्य म आयोजित किया गया, द्वितीय दिवस प्रथम सत्र में चंद्रपुर विधानसभा के आयोजित वेबिनार कार्यक्रम के मुख्य गोविंद अग्रवाल चंद्रपुर एवं कार्यक्रम के संयोजक कविशरण वर्मा आमनदुला मालखरौदा रहे, इस दौरान मंचस्थ अतिथियों में भाजपा के जिला महामंत्री पुरषोत्तम शर्मा, कन्हैया गोयल, एवं प्रदीप सोनी भी थे, तथा कार्यक्रम के दौरान भाजपा के जिला पदाधिकारी करण भाटिया, संतोष साहू भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे, एवं कार्यक्रम का संचालन करते हुए संयोजक कविशरण वर्मा ने विस्तारपूर्वक भाजपा द्वारा 14 सितंबर से 2 अक्टूबर के बीच कार्य मों के बारे में जानकारी दी, तथा नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सभी को सेवा कार्य करने का आग्रह किया, कार्यक्रम को जिला महामंत्री पुरुषोत्तम शर्मा एवं कन्हैया गोयल ने भी संबोधित करते हुए विस्तार पूर्वक संगठन संबंधी कार्यक्रमों की जानकारी दी, मुख्य वक्त ा गोविंद अग्रवाल चंद्रपुर ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे भारत देश का सम्मान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया है।

# स्वास्थ्यकर्मी हड़ताल पर जाने की तैयारी में, इधर गर्भवतियों की समस्या सुलझाने में लिए गए फैसले

## स्वास्थ्यकर्मी नियमितिकरण को लेकर अड़े, 19 सितंबर तक का वक्त दिया, इमरजेंसी टीम - सूचना मिलने पर गर्भवतियों का एंटीजन टेस्ट होगा ताकि आगे का उपचार जल्द हो सके

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




एनएचएम स्वास्थ्यकर्मी एक साथ हड़ताल पर जाने की तैयारी में हैं। कोरोना वॉरियर्स के तौर पर लगातार सेवा दे रहे ये कर्मी अब कांग्रेस के उन वायदों को याद दिला रहे हैं जिनमें इन्हें नियमित करने का उल्लेख किया गया था। इन कर्मियों के संघ का कहना है कि डेढ़ साल बाद भी उन्हें उपेक्षित किया जा रहा है। बहरहाल, उन्होंने सरकार को 19 सितंबर तक का वक्त दिया है। लेकिन अगर इससे पहले यह मामला नहीं सुलझाया जाता तो कोरोना काल में हालात बिगड़ सकते हैं। दूसरी ओर बुधवार को ही जिला प्रशासन ने निजी अस्पतालों के संचालकों के साथ बैठक कर गंभीर मसलों पर चर्चा की है।

एनएचएम कर्मियों ने सिलसिलेवार ज्ञापन सौंप कर नियमतिकरण के मामले की ओर ध्यानाकर्षण कराया है। इस संबंध में जिले के सभी ब्लॉकों में भी ज्ञापन सौंपा गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी को भी इस संदर्भ में मांग पत्र सौंपा गया है। संघ का कहना है कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में संविदा पद पर कार्यरत एनएचएम स्वास्थ्यकर्मियों के नियमतिकरण का वायदा किया था। डेढ़ वर्ष बीतने के बावजूद अब तक इसे पूरा नहीं किया गया है। अगर अब सरकार अपना वायदा नहीं निभाएगी तो संघ धरने पर जाएगा।

स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा इस तरह अपनी मांगों को लेकर धरने पर जाने की स्थिति में स्वास्थ्य सेवाएं काफी ज्यादा प्रभावित होंगी। प्रदेश में इन कर्मियों की संख्या 13 हजार है। इनके काम पर न आने से महकमा में बड़े स्तर पर मानव संसाधनों की कमी हो जाएगी। जबकि मौजूदा वक्त में भी महकमा ऐसी कमियों से जूझ रहा है। तय है कि अगर स्वास्थ्य कर्मी धरने पर गए तो राज्य में एक बड़ा संकट खड़ा हो जाएगा।

### कम से कम दर तय करें अस्पताल

कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रायवेट हॉस्पिटल के चिकित्सकों की बैठक ली। उन्होंने प्रायवेट हॉस्पिटल के डॉक्टरों को मरीजों के इलाज के लिए वाजिब दर पर फीस निर्धारित कर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को बताने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं के सिजेरियन केस में वाजिब दर निर्धारित करें। शासन की डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना के तहत सिजेरियन ऑपरेशन के लिए 11 हजार रूपए की राशि दी जा रही है। इसी तरह नार्मल डिलिवरी के केस में भी शिकायत नहीं आना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि कोविड-19 संक्रमण की वजह से शासकीय जिला चिकित्सालय बसंतपुर में डिलिवरी की सुविधा के लिए बंद हो गया है। ऐसे समय में सभी प्रायवेट हॉस्पिटल सहयोग करें और फीस की दर कम रखे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी ने कहा कि कोविड-19 से संक्रमित गर्भवती महिला की इलाज में दिक्क त आ रही है। उन्होंने कहा कि एंटीजन टेस्ट में असिम्टमेटिक और निगेटिव हो तो दिक्क त नहीं है।

### इमरजेंसी टीम करेगी गर्भवतियों की जांच

निजी चिकित्सालयों के संचालक, चिकित्सकों के साथ जिला प्रशासन की बैठक में कई जरुरी निर्णय लिए गए हैं। सीएमओ डॉ. मिथलेश चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि कोरोना काल में गर्भवती महिलाओं को अब समस्याओं से नहीं जूझना पड़ेगा। एक इमरजेंसी टीम बनाई जाएगी जो कि किसी भी वक्त गर्भवती महिलाओं की कोरोना जांच करेगी ताकि उन्हें आगे का उपचार जल्द से जल्द मिल सकेगा। महिलाओं का एंटीजन टेस्ट किया जाएगा और इसके बाद आगे का उपचार शुरु होगा।

### अलग कमरे बनाएं जाएंगे, नहीं होगी परेशानी

सीएमओ डॉ. चौधरी ने बताया कि गर्भवती महिलाओं की परेशानियों को देखते हुए हमने सभी स्वास्थ्य केंद्रों में एक आरक्षित वार्ड बनाने के लिए कहा है। इन वार्डों में ही कोरोना संक्रमित महिलाओं की जांच, डिलीवरी कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि दो दिन पहले ही अर्बन पीएचसी सेंटर में एक कोरोना संक्रमित महिला की डिलीवरी कराई गई है। वहीं वनांचल मानपुर में भी मंगलवार को एक कोरोना संक्रमित महिला ने स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया है।

### सख्ती, लक्षण वाले मरीजों की रिपोर्ट देनी होगी

प्रशासनिक बैठक के दौरान निजी अस्पतालों को आदेशित किया गया है कि वे सर्दी, खांसी, बुखार के मरीजों की शत प्रतिशत रिपोर्ट रोज भेजेंगे। डॉ. चौधरी ने बताया कि यह व्यवस्था काफी समय से लागू है लेकिन एक बार फिर इस आदेश को लेकर सख्ती से नसीहत दी गई है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों से मिलने वाले डेटा के आधार पर भी कोरोना संक्रमण की चेन का समझा जा सकता है और समय रहते उसे काबू करने में मदद मिल सकती है।

## वन परिक्षेत्र बाघनदी में वन कार्यो के नाम लगातार गड़बड़ी करने का आरोप

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com



वन परिक्षेत्र बाघनदी मे वन कार्यो के नाम गड़बड़ी का मामला सामने रहा है आरोप है कि कोरोना काल का फायदा उठाते हुये 50 से 55 प्रतिशत राशी का काम हो रहा है जबकि 50 से 45 प्रतिशत राशी गड़बड़ी की भेट चढ़ रही है। जिला कांगेस कमेटी के उपाध्यक्ष सिद्दीक मेमन ने आरोप लगाते हुए कहा कि गड़बड़ी करने वाले अधिकारी बड़े अधिकारी के चहेते होते हैं। वन कार्यो का मूल्यांकन व निरक्षण करने वाले अधिकारी महज खानपूर्ति करने मे लगे रहते है।

उन्होंने कहा कि हकीकत ये है कि विभागीय अधिकारी बस परिक्षेत्र अधिकारियों से सेवा चाकरी करवा कर उन्हें सरकारी धन मे गड़बड़ी करने सरंक्षण देते हैं। विभाग के बेरियरों मे अवैध वसूली का धंधा हो रहा है। वन विभाग के अफसरों के कारनामो की वजह से सरकार की छवि पर असर पड़ रहा है। मेमन ने कहा है कि वन विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से सरकार की महती योजना नरवा गरवा घुरूवा बारी योजना मे पलीता लगाया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि वन परिक्षेत्रों में वृक्षारोपण, स्टाप डेम, तालाब निर्माण, चेक डेम, जल सरंक्षण के नाम नाला बंधाई कार्य, सड़क निर्माण, सीपीडी नाली निर्माणा, बांस कटाई, कूप कटाई सहित दर्जन भर कार्य में भारी गड़बड़ी कर कमाई करने से वनों का विकास जो तेजी से होना था वह थम सा गया है। अवैध कटाई कर वनो के विनाश करने वालो पर कार्यवाही नही होती। मेमन ने आरोप लगाया है कि वन मंडल स्तर पर सामाग्री खरीदी के नाम करोड़ो रूपयो की गड़बड़ी की जा रही है। विभाग के कमीशनखोर अधिकारियों की शिकायत होने पर विभाग के ही अधिकारी जांच के नाम पर लीपा पोती करते चले आ रहे हैं। यही नही डीएफओ की शिकायत की जांच खुद डीएफओ करतें है जो जांच की धज्जियां उड़ा कर मामला को रफा दफा करते है। बाघनदी वन परिक्षेत्र के दूरस्थ अंचल घनघोर जंगल क्षेत्र के ग्रामो को वन क्षेत्र से जोडऩे के नाम सड़क निर्माण में भारी गड़बड़ी कर कमाई की जा रही है। यहां के रेंजर चिरचारी डिपो मे आराम फरमाते है जहां सिर्फ बिल वॉउचर बनाने का काम होता है।

## नगर के कोविड केयर सेंटर में अब बेड प्रॉब्लम

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com





नगर में इन दिनों कोविड संक्रमण का दौर है। लॉकडाउन के बावजूद काफी संख्या में पॉजिटिव केस सामने आ रहे हैं। कोविड केयर सेंटर में अब बेड के लाले पड़ने लगे हैं। नगर के कोविड सेंटर के अलावा राजनांदगांव सेंटर में भी संक्रमित शिफ्ट होने के बाद भी नगर के सेंटर में क्षमता से अधिक मामले सामने आ रहे हैं। मेडिकल बुलेटिन मुताबिक 15 सितंबर को नगर के वार्ड एक में 01, वार्ड छः में 02 वार्ड दो किलापारा में 01 व वार्ड 11 में 01 सहित एक अन्य पॉजिटिव की देर रात्रि पुष्टि की गई। वहीं ब्लाक में संबलपुर 02, रामपुर 02, मेड़ा 02 सहित कोकपुर में 04 पॉजिटिव होने की पुष्टि की गई। संक्रमितों को सुविधा मुताबिक केयर सेंटर शिफ्ट किये जाने की खबर है।

सीएचसी बीएमओ अशोक बन्सोड़ ने बताया कि 16 सितम्बर को डोंगरगांव नगर में 02 पॉजिटिव आये हैं।

खुज्जी में 01 पॉजिटिव की पहचान हुई है। सागिनकछार में 01 पॉजिटिव की पुष्टि की गई है। खबर लिखे जाने कुछ रैपिड एंटीजन, ट्रू नाट व आरटीपीसीआर के सैंपल रिपोर्ट बाकी हैं।

## परिहार ने किया आह्वान, आज पूरे प्रदेश में शिवसेना कंगना का पुतला फूंकेगी

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



महाराष्ट्र सरकार बनाम अभिनेत्री कंगना राणावत के मामले को लेकर छत्तीसगढ़ शिवसेना भी अब मुखर हो गई है। इस संबंध में प्रांताध्यक्ष धनंजय सिंह परिहार ने अभिनेत्री कंगना की आलोचना करते हुए गुरुवार को पूरे प्रदेश में उनका पुतला दहन करने का ऐलान किया है। उन्होंने सीधे तौर पर कहा कि अभिनेत्री कंगना महज सुर्खियां पाने के लिए ऐसा कर रहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कंगना और भाजपा राममिलाई जोड़ी है।

परिहार ने आगे कहा कि कंगना ने मुंबई को पीओके कहकर सीमा लांघ दी है। वे महज बेतुके बयान ही दे रहीं हैं। कंगना ने न सिर्फ सपनों के शहर मुंबई का अपमान किया है बल्कि 1950 के दशक में संयुक्त महाराष्ट्र आंदोलन के लिए बलिदान देने वालों का भी अपमान किया है।

तल्ख तेवर के साथ हमला हुए परिहार ने कहा कि महाराष्ट्र में साधु के हत्यारों को जेल तक पहुंचाने वाली शिवसेना पर लांझन लगाया जा रहा है। ये लांझन लगाने वाले तब कहां जाते हैं जब उत्तरप्रदेश में साधुओं की हत्या होती है। यहां तो मुख्यमंत्री के खिलाफ शब्द भर निकलने पर एनएसए कार्रवाई कर देती है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों भाजपा प्रायोजित जातिवादी सेना द्वारा रायपुर में अपमान करने की कोशिश की गई जिसकी जानकारी पुलिस को दी जा चुकी है। तब भी इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस कोशिश पर शिवसेना मठ्ठा डालेगी और 17 सितंबर को एक साथ पूरे प्रदेश में अभिनेत्री कंगना राणावत का पुतला दहन किया जाएगा।

## कोरोना काल के बीच कोरोना पेसेंट की डिलीवरी

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



जिले के मानपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक कोविड 19 मरीज महिला की डिलीवरी सुनिश्चित की गई। डिलीवरी उपरांत उक्त महिला ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया है। बता दें कि तीन दिन पूर्व ही खड़गांव निवासी उक्त गर्भवती महिला को कोविड पॉजिटिव पाए जाने के चलते स्थानीय कोविड केयर सेंटर में उपचारार्थ भर्ती कराया गया था। चूंकि महिला गर्भवती थी इस लिहाज से भर्ती किये जाने के साथ ही स्थानीय स्वास्थ्य महकमे के नोडल अधिकारी डॉ गिरीश खोब्रागड़े के मार्गदर्शन में उनकी डिलीवरी के मद्देनजर पूर्व से ही तमाम व्यवस्थाए सुनिश्चित कर के रखी गई थी। डिलीवरी तिथि आते ही महिला को कोविड केयर सेंटर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डिलीवरी के लिए लाया गया। 15 सितम्बर की तमाम चिकित्सकीय निगरानी के बीच उक्त महिला ने स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया तथा स्वयं भी सुरक्षित है।

## प्रेस में कोरोना की आमद और एक मौत, विभागीय नकारापन खतरा बढ़ा रहा

- गंभीरता से नहीं ले रहे अधिकारी, अब तक कार्यालय सेनेटाइज भी नहीं हुआ

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव (शासकीय प्रेस) के एक लगभग 50 वर्षीय कर्मचारी की कोरोना के चलते मृत्यु हो गई। खबर है कि बीते 10 से 12 सितंबर के बीच उक्त व्यक्ति की मौत पेंड्री स्थित कोविड सेंटर में हुई। इससे पहले उन्हें एम्स में दाखिल किया गया था जहां से उन्हें वापस कोविड 19 अस्पताल राजनांदगांव भेज दिया गया था। बताया जा रहा है कि मृतक की पत्नी भी कोरोना पॉजिटिव पाई गई हैं और उनका उपचार चल रहा है।

इस मौत के बाद शासकीय प्रेस के कर्मियों में दहशत है। कर्मी की मौत की जानकारी मिलने के बावजूद न ही कार्यालय बंद किया गया है और न ही पूरे कार्यालय को सेनेटाईज ही किया गया हैं। सबसे गंभीर यह कि, उक्त मृतक कर्मी के प्रायमरी कान्टेक्ट में आने वाले कर्मचारियों का भी अब तक कोरोना टेस्ट नहीं कराया गया है। जानकारी मिली है कि इस संदर्भ में प्रभारी उपसंचालक ओपी आईन ने भी न ही कोई कार्यलयीन आदेश जारी किया है और न ही वरिष्ठ अधिकारियों से कोई दिशा-निर्देश उन्होंने मांगे हैं। कोरोना जैसे गंभीर खतरे को नज़र अंदाज करने वाला यह विभागीय नकारापन खतरा बढ़ा रहा है।

मृतक के परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक कर्मी 05 सितंबर तक कार्यालय जाते रहे जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें एम्स, रायपुर दाखिल करवाया गया था। उन्हें दिल से संबंधित समस्या के चलते एम्स ले जाया गया था। यहां वे कोरोना संक्रमित पाए गए जिसके बाद उन्हें राजनांदगांव के पेंड्री स्थित कोविड 19 अस्पताल दाखिल किया गया था, जहां उनकी मौत हो गई। इधर विभागीय अधिकारी को कर्मी की मौत की खबर मिलने के बाद भी प्रायमरी कान्टेक्ट में आए कर्मियों की जांच नहीं करवाई गई है और न ही इस संदर्भ में कोई आदेश जारी किया गया है। यह एक बड़े खतरे को निमंत्रण देने जैसा है। लापरवाही की स्थिति यह है कि महज सेनेटाईजर की कुछ शिशियां रखकर अधिकारी पूरे कार्यालय के सुरक्षित होने का दावा कर रहे हैं। जबकि अब तक कार्यालय को सेनेटाइज नहीं कराया जा सका है।




### 58 कर्मी, अब तक सिर्फ 7 की हुआ जांच

सामान्य दिनों में शासकीय प्रेस में कई पालियों में काम होता है लेकिन कोरोना काल में सभी कर्मियों को एक ही पाली में बुलाया जा रहा है। प्रभारी उपसंचालक ओपी आईन ने स्वयं बताया कि उनके कार्यालय में 58 कर्मी कार्यरत हैं। यह बड़ी संख्या है। इनमें से कई मृतक कर्मी के प्रायमरी कांटेक्ट में रहे हैं। ऐसे में यहां संक्रमण का खतरा काफी बड़ा है बावजूद इसके इसे नज़र अंदाज किया जा रहा है। कर्मियों की कोरोना जांच को लेकर कोई आदेश भी जारी नहीं किया गया है। दूसरी ओर कई कर्मी कोरोना जांच से घबरा रहे हैं और इसे टाल रहे हैं।

### न क्वारंटीन, न सेनेटाइज, न ही अधिकारियों से दिशा-निर्देश मांगे

कर्मी की कोरोना से मौत एक बड़ा मामला है। कई शासकीय कार्यालय महज तब ही बंद कर दिए गए जब वहां कुछ कर्मी संक्रमित मिले लेकिन यहां ऐसा कुछ नहीं है। जबकि यहां एक साथ 58 कर्मी काम कर रहे हैं और इनमें से अधिकतर मृतक के प्रायमरी कांटेक्ट में रहे हैं। ऐसे लोगों को क्वारंटीन भी नहीं किया। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित कर दिशा - निर्देश मांगे जा सकते थे और स्थानीय कार्यालय को लेकर आदेश जारी किए जा सकते थे लेकिन ऐसे खतरनाक माहौल में भी यह विभागीय प्रक्रिया नहीं अपनाई गई। खबर यह भी है कि यहां सेनेटाइजेशन एक फायर ब्रिगेड की गाड़ी से किया जाता है जो कि खराब पड़ी हुई है जिसके चलते अब तक कार्यालय को सेनेटाईज नहीं किया गया है। अधिकारी ने यह भी आवश्यक नहीं समझा कि किसी दूसरे विकल्प के सहारे सेनेटाईजेशन करवाया जा सके।

**ईश्वर के खिलाफ कलेक्टर से शिकायत**

## तत्कालीन कलेक्टर के आदेश को ठेंगा दिखाने वाले अधिकारी भी आएंगे जद में

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

तत्कालीन कलेक्टर के आदेश के बावजूद निलंबन की कार्रवाई को ठेंगा दिखाने वाले अधिकारी और मौजूदा राजनांदगांव विकासखंड के सदर बाजार के संकुल समन्वयक ईश्वर टंडन अब जांच के दायरे में आ सकते हैं। इस पूरे मामले को लेकर 16 सितंबर को कलेक्टर टीके वर्मा से शिकायत की गई है। एक विकासखंड से दूसरे विकासखंड में संलग्न किए गए ईश्वर के खिलाफ उनकी नियुक्तियों व अन्य विषयों से संबंधित कई शिकायतें हैं।

वर्ष 2018 के अगस्त महीने में जारी निलंबन के आदेश के बावजूद उस दौरान अनुसूचित जाति बालक आश्रम मुढ़ीपार, विकासखंड राजनांदगांव में प्रभारी अधीक्षक के पद पर पदस्थ ईश्वर टंडन के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। अलबत्ता उन्हें आदिम जाति अनुसूचित विभाग के सहायक संचालक ने पृथक से आदेश जारी कर इसी आश्रम में शैक्षणिक कार्य में संलग्न कर दिया।

कलेक्टर के आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए इस आदेश पर अब तक सभी खामोश थे। पायनियर ने जब इस संबंध में खुलासा किया तो विभाग में हड़कंप मच गया। कलेक्टर के आदेश की अवहेलना और ईश्वर पर कार्रवाई न होना विभागीय लोगों के बीच चर्चा का विषय है। इस मामले में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगढ़ व शिक्षा विभाग की कारगुजारियां हैरान करने वाली है।

अलबत्ता दोषी पाए गए ईश्वर टंडन को न सिर्फ बचाया गया बल्कि इन्हें इनकी योग्यता से अधिक का पद भी तत्कालीन कलेक्टर के आदेश के कुछ ही समय बाद दे दिया गया। आश्चर्य जनक रुप से विकासखंड शिक्षा अधिकारी को पूरे ब्लॉक में सिवाए ईश्वर टंडन के और कोई नाम नही सूझा और ईश्वर को सदर बाजार का संकुल समन्वयक बना दिया। पिछले दो वर्षों से वे इसी पद पर बने हुए हैं। इस आदेश को लेकर भी विभाग में काफी चर्चाएं हैं।

विगत चार वर्षों से अधिक समय से राजनांदगांव विकासखंड में संलग्न ईश्वर टंडन को लेकर एक बड़ा तथ्य यह भी है कि आज भी उनका वेजन जनपद पंचायत डोंगरगढ़ द्वारा ही जारी किया जाता है। यह गंभीर विषय है कि कैसे वर्षों से किसी दूसरे विकासखंड में संलग्न कर्मी का वेतन पूर्ववत ही जारी किया जा रहा है। बहरहाल, अब इन सभी विषयों की जांच में विभागीय कार्यशैली और ईश्वर टंडन के निलंबन, नियुक्ति की सारी सच्चाई सामने आ जाएगी।


आश्रम में गंभीर शिकायतों के चलते निलंबित किए गए थे, दूसरे ब्लॉक के छात्रावास अधीक्षक को दिया पद
सस्पेंशन और फिर अटैचमेंट पाकर ईश्वर बन बैठे संकुल समन्वयक
मुढ़ीपार में कदाचरण के चलते हुई थी कार्रवाई


हे ईश्वर! चरम पर अंधेरगर्दी, दो साल पहले जारी कलेक्टर के आदेश पर कभी कार्रवाई ही नहीं हुई
बड़ा सवाल: एक सहायक शिक्षक वर्ग 3 को निलंबन से बचाने किसने रची साजिश ?


कलेक्टर देखेंगे कि आखिर कैसे निलंबन की कार्रवाई से बच निकले 'ईश्वर'!
एक नहीं ऐसे कई मामले



पायनियर
लगातार

### शिवनाथ साहित्य धारा का स्थापना दिवस

**डोंगरगांव नगर।** कोविड-19 वैश्विक महामारी के चलते सार्वजनिक आयोजनों में ठहराव के कारण शिवनाथ साहित्य धारा डोंगरगाँव ने अपना सातवाँ स्थापना दिवस समारोह ऑनलाइन संपन्न किया। 14 सितंबर हिन्दी दिवस के दिन संस्था के अध्यक्ष गजेन्द्र हरिहारनो दीप के कुशल संयोजन एवं संचालन में ऑनलाइन परिचर्चा तथा कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर परिचर्चा में कविता के नये प्रतिमान विषय पर मुख्य वक्ता पवन जैन प्रेमी , अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ठाकुर व अतिथि वक्ता स्वामी प्रेम अरुणोदय ने सारगर्भित विचारों को साझा करते हुए रचनाकारों से श्रेष्ठ से श्रेष्ठतम सृजन का आह्वान किया । परिचर्चा पश्चात अखिलेश्वर मिश्रा बेमेतरा, वीरेन्द्र तिवारी वीरु अर्जुनी, स्वामी प्रेम अरुणोदय रेंगाकठेरा, महेन्द्र बघेल मधु , कौशल कुमार साहू , राजकुमार चौधरी रौना टेड़ेसरा, गजेन्द्र द्विवेदी गिरीश भिलाई , लविन्द्र साव अर्जुनी, अनिल कसेर उजाला, रमेश जैन राही, लखन लाल साहू लहर मोखला, गोवर्धन परतेती गंभीर, चेतन दुबे भोलापुर, प्रवीण कुमार ठाकुर पतोरा तथा गजेन्द्र हरिहारनो दीप डोंगरगाँव ने काव्यपाठ किया।

## क्विक न्यूज

### स्वरोजगार के लिए कर सकते हैं आवेदन

**बिलासपुर।** अनुसूचित जाति वर्ग के लिये संचालित बैंक प्रवर्तित अंत्योदय स्वरोजगार योजना में लक्ष्य के अतिरिक्त छोटे एवं लघु व्यवसायियों जैसे-ठेले, खोमचे, फेरी वाले, सड़क किनारे, सामान बेचने वाले, रिक्शा चलाकर गुजारा करने वाले, टेलर, छोटे हॉटल, पान ठेला, मोची दुकान, मोटर साइकिल मरम्मत, साईकिल मरम्मत आदि विभिन्न छोटे-छोटे व्यवसायों के लिये आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। आवेदक जिले का निवासी हो, अनुसूचित जाति वर्ग का हो, आयु 18 वर्ष से कम तथा 50 वर्ष से अधिक न हो। परिवार की वार्षिक आमदनी ग्रामीण क्षेत्र के लिये अधिकतम 40,500 तक एवं शहरी क्षेत्र के लिये 51,500 तक हो। आवेदन पत्र के साथ आय प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी, जाति, निवास प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड, राशन कार्ड, पासपोर्ट साईज के दो फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। यह योजना बैंक प्रवर्तित योजना है। योजनांतर्गत संबंधित का ऋण प्रकरण संबंधित सेवा क्षेत्र की बैंक शाखा को प्रेषित किये जायेंगे। बैंक द्वारा ऋण स्वीकृति पश्चात जिला अंत्यावसायी कार्यालय द्वारा 10,000 रूपये अनुदान स्वरूप दिया जायेगा।

### तीन मोहल्लों में मिले 9 संक्रमित, डीएफओ कार्यालय हुआ सील

**बिलासपुर।** राजकिशोर नगर देविका विहार, टिकरापारा और वेयर हाउस रोड में एक ही परिवार के तीन-तीन लोग पॉजिटिव हुए हैं। राजकिशोर नगर देविका विहार में 18, 16 और 16 वर्षीय तीन मरीज मिले। वेयर हाउस रोड में 42, 13 और 43 साल के मरीज मिले। टिकरापारा में 65, 26, 32 साल के मरीज मिले। कोरोना वायरस की दस्तक मंगलवार को डीएफओ तथा सीसीएफ के कार्यालय तक पहुंच गई। डीएफओ कार्यालय में कार्यरत 4 कर्मचारियों की जांच के बाद कोरोना होने की पुष्टि हुई है। वहीं सीसीएफ कार्यालय में पदस्थ एक कर्मचारी के भी कोरोना संक्रमित होने की जानकारी मिल रही है।

# खानापूर्ति के लिए आयोजित परीक्षा के नाम पर मचा हुआ है बवाल

## उत्तर पुस्तिका हासिल करने के लिए कॉलेज में उमड़ रहे भीड़ से कोरोना संक्रमण फैलने की आशंका

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



महाविद्यालयों में इस वर्ष खानापूर्ति के लिए परीक्षाएं आयोजित हो रही है और इसी के नाम पर हंगामा बरपा हुआ है। कोरोना संक्रमण रोकने के नाम पर जिन परीक्षाओं को पांच से छह महीने आगे बढ़ाया गया, अब उसी प्रयास में संक्रमण को निमंत्रण दिया जा रहा है। इन दिनों अंतिम वर्ष और प्राइवेट परीक्षाओं के लिए कॉलेज में उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण किया जा रहा है। हालांकि विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर ऑनलाइन उत्तर पुस्तिकाएं उपलब्ध है लेकिन फिर भी अधिकांश परीक्षार्थी उत्तर पुस्तिका हासिल करने कॉलेज पहुंच गए। पिछले तक दिन तक अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिका देने के बाद बुधवार से प्राइवेट परीक्षार्थियों के लिए उत्तर पुस्तिका देने की बात कही गई थी। यही कारण है कि दूरदराज के छात्र भी शासकीय जेपी वर्मा कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय यानी फुटहा कॉलेज पहुंच गए लेकिन कॉलेज प्रबंधन ने उत्तर पुस्तिका बांटने से मना कर दिया।

कॉलेज प्रिंसिपल ज्योति माला सिंह का दावा है कि उनके पास कर्मचारियों की कमी है और उस पर कार्य का अतिरिक्त बोझ लाद दिया गया है। मंगलवार तक उत्तर पुस्तिकाओं के वितरण के बाद कोरोना से बचाव के लिए कॉलेज को सैनिटाइज किया जाना जरूरी था, इसीलिए बुधवार को उत्तर पुस्तिका वितरण स्थगित किया गया। लेकिन यह जानकारी होते ही यहां पहुंचे छात्र हंगामा मचाते हुए नारेबाजी करने लगे। जिसके बाद छात्रों के आगे झुकते हुए कॉलेज प्रबंधन को उत्तर पुस्तिका वितरण के लिए राजी होना पड़ा और कुछ घंटों के विलंब के बाद उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण आरंभ हुआ। प्रिंसिपल का कहना है कि उन्हें बेहद कम समय में बहुत बड़े कार्य बोझ का सामना करना पड़ रहा है। जिस कारण से सारी अव्यवस्था फैल गई है। वहीं उन्होंने कहा कि वेबसाइट पर उत्तर पुस्तिकाएं उपलब्ध होने के बावजूद भी छात्र ऑनलाइन उत्तर पुस्तिका हासिल करने की बजाय कॉलेज जाकर खुद भी परेशान हो रहे हैं और कॉलेज कर्मचारियों को भी परेशान कर रहे हैं।

इस दौरान जो सबसे हैरान करने वाली तस्वीरें रही ,वह यह कि उत्तर पुस्तिकाएं हासिल करने के नाम पर यहां सोशल डिस्टेंस की धज्जियां उड़ा दी गई। अधिकांश छात्र छात्राओं ने मास्क तक नहीं पहन रखा था। वही वे भीड़ भाड़ में आपस में धक्का मुक्की करते भी नजर आए। अगर इनमें से कोई भी संक्रमित हुआ तो फिर बड़े पैमाने पर कोरोना फैल सकता है और अगर ऐसा हुआ तो फिर पांच महीने की तपस्या बेअसर साबित होगी। वैसे भी उत्तर पुस्तिकाएं हासिल करने के बाद छात्र छात्राओं को आराम से किताब देख कर नकल करते हुए ही परीक्षा देनी है। खानापूर्ति के नाम पर ली जा रही इस परीक्षा को लेकर इतनी अव्यवस्था देखकर यही कहा जा सकता है कि इससे तो बेहतर था कि सभी को जनरल प्रमोट कर देते या फिर मार्च-अप्रैल में ही यह परीक्षाएं पूरी कर ली जाती।

विवि ने विकल्प भी दिया था कि छात्र ईमेल से भी प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें महाविद्यालय के ईमेल पर आवेदन करना होता फिर उत्तर पुस्तिका की कॉपी का प्रिंट लेकर परिक्षा देते। कई छात्र जो दूर रहते हैं और आ नहीं पाये उन्होंने ईमेल के माध्यम से ही प्राप्त किया। संभवतः छात्रों को उत्तर पुस्तिका प्रिंट कराने का व्यय ?्यादा ही लग रहा होगा। एक कॉपी 32 पेज की जिसमें एक पेज का यदि 5 रुपये प्रिंट आउट करने वाला शुल्क लेगा तो 6 विषयों का कुल 960 रुपये व्यय होंगे।

## अस्पताल में भर्ती कोरोना मरीज से सफाई कर्मी ने की छेड़छाड़



पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

व्यापार विहार में मौजूद महादेव हॉस्पिटल के सफाई कर्मी पर यहां भर्ती एक मरीज ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। खास बात यह है कि इस अस्पताल में भी कोरोना को मरीजों को भर्ती किया जा रहा है और आरोप लगाने वाली युवती भी कोरोना पेशेंट है जो खुद एक निजी अस्पताल में नर्स का कार्य करती है। बिल्हा क्षेत्र की इस 22 वर्षीय युवती को 12 सितंबर को कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद महादेव हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। उसकी हालत गंभीर होने की वजह से उसे एक अलग वार्ड में रखा गया है। बताया जा रहा है कि पिछले 2 दिनों से उसे अपने परिजनों से नहीं मिलने दिया जा रहा था ।आरोप है कि इसी का फायदा उठाकर अस्पताल के सफाई कर्मी गनियारी निवासी 20 वर्षीय विनोद पटेल पिता दिले राम पटेल ने उसके साथ छेड़छाड़ की है। कोरोना संक्रमण के कारण एक तरफ अस्पतालों में बेड नहीं मिल रहे। पूरा मेडिकल स्टाफ तीमारदारी में लगा हुआ है। उस दौर में इस तरह के आरोप से ना सिर्फ व्यवस्था बिगड़ती है बल्कि मरीजों का भरोसा भी अस्पताल से घटता है। और मेडिकल स्टाफ का भी मनोबल गिरता है। पिछले बार दी बिलासपुर के एक अस्पताल पर लगे बलात्कार के मामले बेहद संदिग्ध थे।सीसीटीवी कैमरे कुछ और कहानी कह रहे थे जबकि युवती का आरोप कुछ और था ।इस मामले में भी सच्चाई क्या है, यह पता लगाने की कोशिश तारबाहर पुलिस कर रही है, लेकिन कोरोना मरीज के साथ छेड़छाड़ के सनसनीखेज आरोप के चलते मंगलवार रात को महादेव साल में खूब हंगामा मचा। कोरोना की भयावहता ऐसी है कि लोग कोरोना मरीज के आसपास जाना तक नहीं

## युवक को कोरोना पॉजिटिव बता किया इलाज




पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कहते है डॉ भगवान का रूप होते है। पर अपोलो के डॉक्टरों ने इंसानियत की सारी हदे पार करते हुए लोगो की मजबूरी का फायदा उठा रहे है। लोगों को कोरोना का डर दिखा कर लुटा जा रहा है। कोरोना की आड़ में नेगेटिव मरीजों से भी मन चाहे पैसे लुटे जा रहे है। ऐसा ही एक ताजा मामला प्रकाश में आया है जिसमे अपोलो प्रबंधन का नया कारनामा उजागर हुआ है। जिसमे अपोलो प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगे है। एक 20 वर्षीय युवक की तबियत बिगड़ने पर उसे अपोलो अस्पताल में भर्ती किया गया था, जंहा डॉक्टरों ने पहले तो युवक को कोरोना पॉजिटिव बताया गया, फिर उसे अन्य कई बीमारियो से ग्रसित होने का दावा करते रहे। इसी बीच उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। वही जब मौत के बाद उसकी जांच कराई गई तो मृतक की रिपोर्ट नेगेटिव आई जिसे सुनकर परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। जानकारी के मूताबिक मृतक को कोरोना पॉजिटिव बता कर उसके परिजनों से लाखों रुपए वसूल किए गए और बाद में उसकी रिपोट निगेटिव आ गई। वही इस पैसे के खेल में युवक की सांसें थम गई।

## राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर किसानों ने जाना सही पोषण का महत्व

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली (पथरिया)
www.dailypioneer.com



भारत सरकार एवं छतीसगढ़ शासन के निर्देशन पर महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना अधिकारी रेखा दुआ के मार्गदर्शन में एक सितंबर से तीस सितंबर तक पोषण माह अभियान चला रहा है जिसके अंतर्गत प्रतिदिन अलग अलग गतिविधी आयोजित किये जा रहे है इन सभी प्रयासों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रो में पोषण आहार के महत्व से ग्रामीण महिला पुरुषों , युवाओं को अवगत कराते हुए उन्हें कुपोषण मुक्त समाज निर्माण के लिए प्रेरित करना है साथ ही एनीमिया से पीड़ित किशोरियों, गर्भवती महिलाओं को नियमित पोषण आहार लेने से होने वाले लाभ से अवगत कराकर उन्हें एनीमिया के खतरे से बाहर निकालना है ।ग्रामीण क्षेत्रो में पोषण आहार के सही खुराक और नियमित सेवन नही होने से अपेक्षाकृत सही परिणाम सामने नही दिख रहे इसलिए विभाग अब ग्रामीणों को पोषण आहार के नियमित और सही खुराक के बारे में जागरूक करने एक माह तक अलग अलग कार्यक्रम आयोजित कर रही है । 14 सितंबर को राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों से पोषण पर चर्चा का कार्यक्रम विकास खण्ड के सभी 334 आंगनबाड़ी केंद्र गावों में सम्पन्न हुआ ।इसमे क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका और सेक्टर प्रभारीयों ने खेतों में जाकर किसानों से पोषण माह पर चर्चा किये और किसानों को बताया कि कैसे कुपोषण मानव शरीर को शक्तिहीन बनाता है इसका दुष्प्रभाव मानवीय कार्यक्षमता , मानसिक विकास को सीमित कर देता है ग्राम रोहरा कला में सेक्टर प्रभारी बिंदु सिंह ने यह जानकारी देते हुए किसानों को बताया कि कुपोषण कार्यकुशल समाज का सबसे बड़ी बाधा है इसे सही पोषण आहार लेकर समाप्त किया जा सकता है। गढ़बो सुपोषित छत्तीसगढ़ - कार्यक्रम की जानकारी देते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी रेखा दुआ ने कहा कि गढ़बो सुपोषित छत्तीसगढ़ का नारा लिए हमारे आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता, सहायिका और सेक्टर प्रभारी गावों में अनेक गतिविधियों के माध्यम से सुपोषित समाज के निर्माण के लिए जागरूकता कार्यक्रम चला रही है।

## राष्ट्रीय पोषण माह एनीमिया से बचाव, पोषण स्तर में सुधार के लिए आयोजित हो रही है गतिविधियां

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत कुपोषण से मुक्ति के लिए जन जागरूकता हेतु प्रतिदिन अलग अलग की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान महिला स्व सहायता समूह की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कोविड-19 से सुरक्षा संबंधी समस्त निर्देशों का पालन किया गया। समूह की महिलाओं के साथ महिलाओं तथा बच्चों में होने वाले एनीमिया से बचाव हेतु एनीमिया प्रबंधन के विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। एनीमिया दूर करने हेतु सभी को जागरूक करते हुए रोकथाम के उपायों तथा लक्षणों से अवगत कराया गया। आयरन युक्त पोषक आहार जैसे अनाज, स्थानीय हरी सब्जियों का सेवन करने तथा आयरन फॉलिक टेबलेट का उपयोग करने हेतु महिलाओं को प्रेरित किया गया। विगत 13 सितम्बर 2020 को कोविड-19 संबंधी निर्देशों का पालन करते हुए स्थानीय स्तर पर स्वस्थ्य शिशु प्रतियोगिता, स्थानीय व्यंजन की प्रतियोगिता और किशोरी बालिकाओं गर्भवती और हमारी महिला हितग्राहियों के लिए रूचिकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। आंगनबा?ी कार्यकर्ताओं द्वारा कुपोषित बच्चों के घर गृहभेंट कर पोषण स्तर में सुधार लाने हेतु आवश्यक उपायों के बारे में जानकारी दी गई। राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत 14 सितम्बर को कोविड-19 संबंधी निर्देशों का पालन करते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से गांव एवं आंगनबाड़ी स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा कृषक समूह की बैठक आयोजित की गई।

## पंजाब बैंक में शिकायतों पर प्रबंधन ने नहीं लिया सुध

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com




बैंकों में इन दिनों आनलाइन फर्जी वाडे के बढ़ते मामलों को देखते हुए जहां आम लोगों के लिए बैंकों में अब पैसा रखना खतरे से खाली नजर नहीं आ रहा है वही दूसरी तरफ बैंकों को इसके बारे में कोई जानकारी न हो पाना भी एक आश्चर्यजनक बात है, जिले में दिये गये बैंकों के कियोस्क शाखाओं द्वारा लगातार खाताधारकों को चूना लगाया जाना आम बात है, वही कियोस्क का नियत स्थान पर लाइसेंस लेने के बावजूद अन्य स्थानों पर संचालन को लेकर भी लोगों को परेशानियां हो रही है, जिस पर न तो बैंक प्रबंधन द्वारा कोई जांच की जाती है, और न की ऐसे सेंटरों पर अब तक कोई बड़ी कार्यवाही सामने आई है। साथ ही साथ इन दिनों पंजाब बैंक सारधा में खाते धारकों द्वारा खाते से पैसे निकासी को लेकर लगातार शिकायतों के बावजूद भी बैंक प्रबंधन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है । गौरतलब हो कि जिले के लोरमी ब्लाक में आने वाले पंजाब बैंक और उसने द्वारा जारी किये गये क्योस्क सेंटरो में ग्राहको को गुमराह कर उनके खाते से पैसे निकासी की घटना लगातार बढती जा रही है, वही बैको से संर्पक करने वाले खाते धारकों को न तो पंजाब बैंक शाखा सारधा से संतोष जनक प्रतिक्रिया मिल रही है, और न ही प्रबंधक द्वारा इस मामले में कोई सकरात्मक पहल किया जा रहा है ताकि खाते धारको को समस्याओं का निराकरण हो सके । लोरमी ब्लाक में आने वाले पंजाब बैंक से क्योस्क संचालन की अनुमति प्राप्त कर सेंन्टरों का संचालन जोर शोर से चल रहा है, एवं इनके द्वारा की जा रही गडबडियों के बावजूद भी बैंक प्रबंधन की लापरवाही पूर्ण रवैये के कारण कोई कसावट नजर नही आ रही जिसका ये सेंटर संचालक फायदा उठाने से भी बाज नही आ रहे है, ज्यादा तर ऐसे मामले जिला मुख्यालय से दूर लोरमी, वनांचल क्षेत्र, एवं पथरिया ब्लाक में देखने को मिल रहे है। विगत दिनों मिली जानकारी के अनुसार जहां एक क्योस्क सेंटर संचालक द्वारा खाताधारक की बिना जानकारी के उसके खाते से रकम की निकासी कर दी गई जब खाते धारक को इस बात की जानकारी हुई तो सेंटर संचालक से संपर्क करने पर उसके खाते में उक्त राषि को वापस किया गया, ऐसे कई मामले लोरमी में घटित हो रहे है, जिसमें क्योस्क सेंटरो के चंगुल में फंस कर भोले भाले आदिवासियों को बिना जानकारी रकम निकासी के मामले में षिकार होना पड रहा है, बीते कल कुछ अपने खाता से बिना बताये राषि आहारित किये जाने की समस्या को लेकर लगरा से कुछ खाताधारक पहुचे थे, जिनका कहना था कि उनके खाते से कुछ रकम उनकी बिना जानकारी के आहारित की गई है।

> इस पूरे मामले में जब जिला कलेक्टर को जानकारी दी गई तो उन्होंने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच करते हुए दोषियों पर कार्यवाही करने की बात कही है।
> **-जिला कलेक्टर** मुंगेली

## 30 सितम्बर तक तीनों रेल मंडलों के सभी स्टेशनों पर 15 दिनों का स्वच्छता जागरूकता अभियान

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय रेलवे द्वारा स्वच्छ-रेल स्वच्छ-भारत के तहत स्वच्छता ही सेवा-पखवाडा का दिनांक 16 सितम्बर से 30 सितम्बर, तक आयोजन किया जा रहा है । इस स्वच्छता -पखवाडा दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में प्रत्येक दिवसों के थीम के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा । स्वच्छता-पखवाडा के दौरान इस आयोजन के सफलतापूर्वक निष्पादन के लिए जोनल एवं मंडल स्तर पर तथा विभिन्न वर्कशॉप में नोडल अधिकारियों को नामित किया गया है, जो अपने क्षेत्र में स्वच्छता को सुनिश्चित करते हुए जोनल एवं मंडल मुख्यालय को अपना रिपोर्ट प्रति दिन प्रस्तुत करेंगे ताकि समग्र जोन की रिपोर्ट मुख्यालय से बोर्ड को भेजी जा सके। इसके साथ ही साथ विभिन्न स्तरों पर तीनों रेल मंडलो के सभी खंडो पर अनेक कार्यक्रमों के साथ सेमिनार आदि भी आयोजित कर जागरूकता फैलाई जायेगी । रेलवे स्टेशनों पर पीए सिस्टम उदघोषणा सीसीटीवी पर विज्ञापन के माध्यम से भी यात्रियो से स्वच्छता अपनाने एवं उनसे भी जागरूकता फैलाने का अनुरोध किया जा रहा है । दिनांक 16 सितम्बर से 30 सितम्बर, 2020 तक चलने वाले इस स्वच्छ-रेल स्वच्छ-भारत पखवाडा में मुख्यालय के साथ-साथ तीनों रेल मंडलों में भी इसे वृहद् रूप से मनाये जाने की रूपरेखा बना ली गयी है। तीनों रेल मंडलों में स्वच्छ-रेल स्वच्छ-भारत पखवाडा के दौरान स्वच्छता की शपथ एवं पूरे 15 दिनों तक रेलवे के कार्यालय, रेलवे स्टेशन, प्लेटफार्म, ट्रैक, कालोनी, रेलवे तरीकों के दोनो ओर की सफाई आदि सुनिश्चित की जायेगी एवं आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने एवं इसे आदत में शामिल करने सम्बंधित जानकारी एवं जागरूकता फैलाई जायेगी। दिनांक 16 सितम्बर से 30 सितम्बर, 2020 तक चलने वाले इस स्वच्छ-रेल स्वच्छ-भारत पखवाडा में पूरे 15 दिनों तक आयोजित कार्यक्रम को प्रतिदिन एक अलग-अलग थीम दी गयी है। पहले से पन्द्रहवें दिवस तक इस पखवाड़े में थीम रहेगी जो क्रमशः स्वच्छ जागरूकता इस थीम के अंतर्गत जोन, मंडल मुख्यालय एवं कारखनों में स्वच्छता से सम्बंधित शपथ ली जायेगी । विभिन्न जगहों पर प्रभात फेर, रेलवे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा एवं हलक्के माध्यम सेश्रमदान, नुक्कडनाटक, आदि के साथ वृक्षारोपण के कार्यक्रम भी आयोजित की गयी है।

स्वच्छ परिसर, स्टेशन/ ट्रैक इस थीम के अंतर्गत स्टेशन परिसर, रिटायरिंग रूम, डोरमेट्री , प्रतीक्षालय, रानिन्गरूम, कार्यालय परिसर, हास्पिटल, स्वस्थ्केंद्र, डिपो, ट्रेनिंग स्कूल एवं कालोनियों पर विशेष अभियान चलाया जाएगा कही भी कचरा डंप करने के जगहों को साफ किया जाएगा, जिसे कर्मचारियों द्वारा एवं श्रमदान के द्वारा भी किया जाएगा । स्टेशन पर उद्घोषणा कर, नाटक के माध्यम से एवं कालोनियों में घर-घर जाकर कालोनी वासियों, स्टेशन पर यात्रियों, कार्यालयों पर कार्मचारियों के मध्य सेमीनार, भाषण सीसीटीवी से एवं स्काउट एवं गाईड के सदस्यों के द्वारा जागरूकता फैलाई जायेगी ।

स्वच्छ आवास कार्य परिसर इस थीम के अंतर्गत स्टेशन पर विशेष अभियान चलाया जाएगा । इस दौरान यात्रियों से भी स्वच्छता के लिए अपील की जायेगी, अतिरिक्त डस्टबीन रखे जायेंगे, इस प्रकार समस्त रेलवे स्टेशनों पर विशेषकर, एवं ,1 स्टेशनों पर उद्घोषणा, विज्ञापन, फिल्मों एवं पोस्टर, नाटक के माध्यम से स्टेशन पर उपस्थित कार्यालयों पर कार्मचारियों के द्वारा जागरूकता फैलाई जायेगी।

**सभी प्रमुख स्थानों में जागरूकता के पोस्टर बैनर लगाए गए**

## स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ, प्रभात फेरी कर ली शपथ

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

रेलवे द्वारा स्वच्छ-रेल स्वच्छ-भारत अभियान के तहत स्वच्छता-पखवाडा का आयोजन किया जा रहा है। दिनांक 16 सितम्बर से 30 सितम्बर तक आयोजित इस स्वच्छता पखवाडा में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के सभी स्टेशनों, रेलवे परिसरों, पटरियों, कार्य क्षेत्रों तथा गाडियों में प्रत्येक दिवसों के थीम के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। स्वच्छता जागरूकता हेतु सभी प्रमुख स्थानों, स्टेशनों तथा कालोनियों में बैनर, पोस्टर लगाये गये हैं साथ ही सभी स्टेशनों में यात्री उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है।



आज दिनांक 16 सितम्बर को ÷स्वच्छता पखवाडा÷ का शुभारंभ महाप्रबंधक कार्यालय से प्रातः 06 बजे प्रभातफेरी निकालकर की गई। प्रभातफेरी मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, तितली चैक होते हुए राहगीरों को स्लोगन एवं पोस्टर के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता का संदेश देते हुए स्टेशन में समाप्त हुई। प्रभातफेरी में अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सुखवीर सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक वेदिश धुवारे, वरिष्ठ संकेत व दूरसंचार अभियंता विकास सोनी, मंडल वाणिज्य प्रबंधक किशोर निखारे, मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा नागरिक सुरक्षा दल की टीमों ने भाग लिया। इसके पश्चात् प्रातः 10 बजे मंडल के सभी कार्यालयों में स्वच्छता की शपथ ली गई। बिलासपुर स्टेशन में स्वच्छ जागरूकता थीम पर स्काउट-गाइड के बच्चों द्वारा निर्मित नुक्कड-नाटक की प्रस्तुति का रिर्काडिंग डिस्प्ले कर कचरा फैलाने अथवा गंदगी के दुष्परिणामों के बारे में बताकर स्वच्छता जागरूकता का संदेश दिया गया। इस रिर्काडिंग के माध्यम से गंदगी से होने वाली हानियों एवं स्वच्छता से होने वाली लाभ को सविस्तार बताते हुये गंदगी नहीं फैलाने तथा गंदगी फैलाने वालों को जागरूक करने का आग्रह किया जा रहा है। स्वच्छता पखवाडा के शुभारंभ अवसर पर मंडल के रायगढ, कोरबा, चांपा, अनूपपुर, शहडोल, अम्बिकापुर, मनेन्द्रगढ, उमरिया सहित सभी प्रमुख स्टेशनों एवं रेलवे कालोनियों में प्रभातफेरी निकालकर कालोनियों के निवासियों एवं यात्रियों को स्वच्छता जागरूकता हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही स्वच्छता शपथ समारोह का आयोजन कर स्वयं एवं अन्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया गया।

## पान पराग और मोबाइल उड़ाने वाले दबोचे गए

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com



मोबाइल चोरी करने वाले अपराधी को सिटी कोतवाली मुंगेली ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। बीते 2 सितंबर को प्रार्थी मो. अरकम पिता स्व. हमीद मोहम्मद तंवर निवासी मुगेली ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपनी वाहन टाटा जिनाम से सामान लोड कराकर रायपुर से वापस आते समय एसएनजी कालेज के पास गाड़ी को खड़ी किया था कि गाड़ी में रखे पान पराग, 05 नग विवो कंपनी का मोबाइल को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना किया जा रहा था। प्रकरण में आरोपी पतासाजी हेतू पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अतिक्ति पुलिस अधीक्षक मुंगेली एवं एसडीओपी मुंगेली के मार्गदर्शन में उक्त प्रकरण में चोरी गये मोबाइल का सायबर सेल मुंगेली से डिटेल प्राप्त कर आरोपियों जागेश्वर वैष्णव पिता तुलसी वैष्णव उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम बछेरा एवं कमलेश कुमार पिता उच्छाराम काठले उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम पुरान को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर मोबाइल पान पराग का कार्टून चोरी करना स्वीकार किया जिनके पेश करने पर चोरी गई मोबाइल एवं पान पराग का कार्टून कीमत 70000 रूपये को जब्त किया गया, आरोपियों को रिमांड पर भेजा गया।

# बालको संचालित वेदांता एग्रीकल्चर रिसोर्स सेंटर से 1000 किसान लाभान्वित



**बालकोनगर।** भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने साढ़े पांच दशकों में विश्वस्तरीय धातु उत्पादन, उत्पादकता, गुणवत्ता और उत्कृष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में मिसाल बनाई है। इसके साथ ही सामुदायिक विकास कार्यों के जरिए बालको ने अपने प्रचालन क्षेत्रों के नागरिकों के जीवन को सकारात्मक रूप से बदलने में सफलता पाई है। सामुदायिक विकास परियोजना के जरिए किसानों को आधुनिक खेती के अनेक आयामों से परिचित कराने के लिए बालको ने कोरबा जिले के ग्राम बेला में नाबार्ड के सहयोग से वेदांता एग्रीकल्चर रिसोर्स सेंटर का संचालन किया है। सेंटर से आज लगभग 1000 किसानों को लाभ मिल रहा है। विभिन्न किस्मों की सब्जियों और फसलों के माध्यम से किसानों की आय में बढ़ोत्तरी हुई है।

वेदांता एग्रीकल्चर रिसोर्स सेंटर के संचालन के लिए बालको-नाबार्ड ने 'कोरबा कृषक उन्नयन प्रोड्यूसर्स कंपनी लिमिटेड' नामक किसानों का संगठन तैयार किया है। स्वयं सेवी संगठन 'एफ्प्रो' के सहयोग से संचालित संगठन का उद्देश्य किसानों को खेती की आधुनिक तकनीकों से जोड़ना, शासकीय योजनाओं की जानकारी देना तथा उसका लाभ लेने में मदद करना और कृषक संघ द्वारा उत्पादित फसलों को बाजार तक पहुंचाकर उन्हें उचित मूल्य दिलाने में मदद करना है। परियोजना से ऐसे किसानों को प्राथमिकता के आधार पर जोड़ा गया है जिनके पास न्यूनतम एक एकड़ कृषि भूमि है। के.के.यू.पी.सी.एल. से जुड़े सभी किसानों को कंपनी की अंशधारिता प्रदान की गई है। वेदांता एग्रीकल्चर रिसोर्स सेंटर लगभग 4.5 एकड़ भूमि पर स्थित है। यहां 35 प्रकार की सब्जियां और अन्य फसलें उगाई जाती हैं।

किसानों को खेती की आधुनिक तकनीकों से परिचित कराने के लिए सेंटर में कृषि विशेषज्ञ मौजूद हैं। यहां ग्रीन हाउस की सुविधा से मिर्च की अनेक किस्में, ब्रोकली, जेरबेरा, आदि अनेक सब्जियों का उत्पादन किया जा रहा है। मृदा परीक्षण की सुविधाएं हैं जहां नियमित तौर पर पी.एच. स्तर और सूक्ष्म पोषक तत्वों की जांच की जाती है। इसके साथ ही किसानों के लिए फसल सूची तैयार कर खेती संबंधी जरूरी सावधानियों का उल्लेख कर उन्हें उपलब्ध कराई जाती है। इसके माध्यम से किसान मृदा में पोषक तत्वों के सही स्तर का होना सुनिश्चित करते हैं ताकि कम लागत में अधिक उत्पादन किया जा सके। सेंटर में एक जैविक खाद उत्पादन इकाई स्थापित है। इसके माध्यम से अनेक जैविक कवकनाशक, डीकंपोजर एवं कंपोस्ट किसानों को उपलब्ध कराए जाते हैं।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री अभिजीत पति ने किसानों की बढ़ रही आमदनी पर प्रसन्नता जताई है। उन्होंने कहा कि बालको अपने सामुदायिक विकास कार्यक्रम के जरिए जरूरतमंद महिलाओं, पुरुषों और बच्चों के लिए ऐसे वातावरण के निर्माण का पक्षधर है जिससे उन्हें सतत प्रगति में मदद मिले। किसान और इससे जुड़ी श्रमशक्ति देश की अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण अंग हैं। उनकी मजबूती से ही आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। बालको ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती की दिशा में कृषि प्रोत्साहन, महिला स्व सहायता समूहों के गठन, आधारभूत संरचना के विकास और कौशल उन्नयन की दिशा में उत्कृष्ट योगदान दिया है। श्री पति ने आह्वान किया है कि अधिक से अधिक जरूरतमंद बालको की सामुदायिक परियोजनाओं का लाभ उठाएं।

ग्राम बेला की सरपंच श्रीमती जया राठिया बताती हैं कि बालको ने अपनी स्थापना के समय से ही क्षेत्र में विकास के अनेक कार्य किए हैं। महिलाओं को कुक्कुट पालन, मशरूम उत्पादन जैसी आजीविका गतिविधियों से जोड़ा गया है वहीं किसानों के लिए चेक डेम और कुओं के निर्माण में मदद दी गई है। किसानों को अब वेदांता एग्रीकल्चर रिसोर्स सेंटर के जरिए खेती के विविध आधुनिक आयामों से परिचित होने का अवसर मिल रहा है। विकास के अनेक कार्यों के संचालन के लिए वे बालको के प्रति आभार जताते हैं।

नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक श्री संजीव प्रधान बताते हैं कि बालको और नाबार्ड की पहल से बड़ी संख्या में किसान समृद्ध हो रहे हैं। गांव में ही आजीविका के अवसर होने से क्षेत्र में पलायन के दर में कमी आई है। किसानों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें मजबूत बनने के हरसंभव अवसर मुहैया कराए जा रहे हैं। बालको की कृषि प्रोत्साहन योजनाओं से लाभ ले रहे किसान संतोष राठिया बताते हैं कि बालको ने उन्हें ड्रिप प्रणाली की स्थापना, खेत की बाड़बंदी में मदद के साथ ही अनेक नए उपकरणों के माध्यम से खेती का प्रशिक्षण दिया। अब वे अपने खेत में आधुनिक तरीके से उन्नत खेती कर रहे हैं।

# जिंदल स्टील एण्ड पॉवर लि. में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) के मंदिर हसौद स्थित परिसर में कल प्रातः इंजीनियरों-शिल्पकारों-रचनाकारों के ईष्टदेव भगवान श्री विश्वकर्मा जी की पूजा परम्परागत उत्साह और भक्ति भाव से की जाएगी। इस अवसर पर कोविड19 से जुड़ी सावधानियों का ध्यान रखते हुए सीमित संख्या में कर्मचारी उपस्थित होंगे, जो मास्क लगाने के साथ-साथ दो गज की दूरी का भी ध्यान रखेंगे।

जेएसपीएल प्रतिष्ठान परिसर में स्थित मंदिर में नियमित पूजा-पाठ और अनुष्ठान कराने वाले पं. वी.पी. पांडेय कहते हैं कि विधिपूर्वक भगवान श्री विश्वकर्मा जी की पूजा करने से रोजगार और व्यवसाय में तरक्की मिलती है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान विश्वकर्मा को देवताओं का शिल्पी कहा जाता है। वे निर्माण एवं सृजन के देवता हैं। वे संसार के पहले इंजीनियर और वास्तुकार कहे जाते हैं। हिंदू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, संसार में जो भी निर्माण या सृजन कार्य होता है, उसके मूल में भगवान श्री विश्वकर्मा जी विद्यमान होते हैं। उनकी आराधना से कोई भी कार्य बिना विघ्न पूरे हो जाते हैं।

पौराणिक आख्यानों के अनुसार विश्वकर्मा जी ने सृष्टि की रचना में ब्रह्मा जी का सहयोग किया तथा पूरे संसार का मानचित्र बनाया। भगवान श्री विश्वकर्मा जी ने स्वर्ग लोक, श्रीकृष्ण की नगरी द्वारिका, सोने की लंका, पुरी मंदिर के लिए भगवान श्री जगन्नाथजी, बलभद्रजी एवं सुभद्राजी की मूर्तियों, इंद्र के अस्त्र वज्र आदि का निर्माण किया। ऋग्वेद में श्री विश्वकर्मा जी के महात्म्य का उल्लेख है।

जेएसपीएल के मंदिर हसौद परिसर में प्रत्येक वर्ष धूमधाम से भगवान श्री विश्वकर्मा जी का जन्मोत्सव मनाया जाता है, जिसमें सभी कर्मचारी सपरिवार सम्मिलित होकर अनुष्ठान करते हैं। लेकिन कोविड19 महामारी के प्रति सतर्कता और सुरक्षा की वजह से इस बार बाहरी व्यक्तियों और परिवार के सदस्यों के आने पर रोक लगाई गई है।

## गुमशुदगी का गढ़ बना छत्तीसगढ़, लापता बच्चों के मामलों में टॉप-10 में

**रायपुर।** बड़े-बड़े अपराधों के मामले में पिछड़ा राज्य छत्तीसगढ़ अब गुमशुदगी का गढ़ बनता दिखाई दे रहा है. लापता बच्चों के बढ़ते मामलों में छत्तीसगढ़ की स्थिति बेहद चिंताजनक है. गुमशुदा बच्चों के जो आंकडे छत्तीसगढ़ के हैं वो आंकडे देश के 22 राज्यों और सात केंद्र शासित प्रदेशों को पीछे छोड़ते हैं. गुमशुदा बच्चों के मामले में छत्तीसगढ़ टॉप टेन में शामिल है, उसका नंबर सातवाँ है. इस सूची में देश में पहले नंबर पर मध्यप्रदेश और बहुत करीबी स्थान पर ठीक नीचे पश्चिम बंगाल मौजुद है. छत्तीसगढ़ के ठीक उपर बेहद करीबी आंकडे के साथ तेलंगाना है. आँकड़ों के हिसाब से टॉप टेन तैयार किया जाए तो समझ आता है कि छत्तीसगढ़ मिला कर चार राज्य हिंदी पट्टी के हैं. सबसे चिंतनीय यह भी है कि बच्चों की गुमशुदगी के आँकड़े पूरे भारत के राज्यों में दर्ज हैं. हालाँकि एक केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप में यह आँकड़ा शून्य के रुप में दर्ज है।

## झामसिंग फर्जी एनकाउंटर मामले में मानवाधिकार आयोग ने लिया संज्ञान मध्यप्रदेश के डीजीपी सहित तीन को नोटिस




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

आदिवासी झामसिंग धुर्वे को फर्जी एनकाउंटर में मार गिराए जाने के मामले में मध्यप्रदेश मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस नरेन्द्र कुमार जैन ने मध्यप्रदेश के डीजीपी, आईजी जबलपुर और बालाघाट एसपी को नोटिस जारी करते हुए तीन सप्ताह के अंदर इस मामले में विस्तृत प्रतिवेदन मांगा है।

### यह है मामला

मामला 6 सितंबर का है, झामसिंग धुर्वे अपने भाई नेमसिंग के साथ मछली पकड़ने गया था। मध्यप्रदेश के पुलिस जवानों ने उनपर गोली चला दी थी। नेम सिंह किसी तरह जान बचाकर भागा। लेकिन झामसिंग की मौत हो गई। इस हत्या को मध्यप्रदेश सरकार ने नक्सली वारदात की तरह पेश करने की कोशिश की थी। लेकिन नेम सिंह की रिपोर्ट पर हुई जांच ने फर्जी एनकाउंटर से पर्दा उठा दिया। इस मामले में स्थानीय विधायक और मंत्री मोहम्मद अकबर ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और गृहमंत्री को चिट्ठी लिखकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कहा था।






## भाजपा नेता की कोरोना से मौत, फिर टूटा रिकॉर्ड- सामने आए 3450 केस

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष तथा पूर्व पार्षद ने कोरोना के इलाज के दौरान निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। वहीं सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले तथा रेलवे ट्रैक में मिली लाश की जांच रिपोर्ट में कोरोना की पुष्टि हुई है। प्रदेश में मंगलवार को 15 लोगों ने जान गंवाई, जिसकी एक वजह कोरोना भी था। इधर, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष थानेश्वर साहू कोरोना से संक्रमित पाए गए हैं। प्रदेश के साथ रायपुर जिले में भी कोरोना से अपना पुराना रिकार्ड तोड़ दिया है। प्रदेश में जहां 3450 नए मामलों का पता चला है, वहीं रायपुर जिले में 1015 संक्रमित सामने आए हैं। भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद मनोज प्रजापति का इलाज एक निजी अस्पताल में पिछले कुछ समय से चल रहा था, वे कोरोना संक्रमित पाए गए, मंगलवार को उनकी मौत हो गई। इसी तरह गुढ़ियारी निवासी अधेड़ की लाश रेलवे ट्रैक पर पाई गई थी, उसे एम्स लाया गया। वहीं सारंगढ़ में 58 वर्षीय महिला ने सड़क हादसे में जान गंवा दी थी।

दोनों के शव की जांच की गई, जिसमें उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव मिली। इसी तरह पूर्णत कोविड की वजह से 2 और 13 की मौत की वजह गंभीर बीमारी अथवा कोई दूसरे हादसे से होना पाया गया है।






## तंत्र-मंत्र के जरिए रकम दस गुना करने का लालच देकर की 60 हजार की ठगी 24 घंटे के भीतर पुलिस ने ठगों को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में तंत्र-मंत्र कर रकम दस गुना करने का झांसा देकर 60 हजार रुपए की ठगी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की. आरोपियों से धोखाधड़ी की पूरी रकम बरामद की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कुटेसर निवासी 23 वर्षीय महेन्द्र कुमार गिलहरे पिता हुलास दास गिलहरे ने बताया कि 9 सितंबर को दो व्यक्ति दो पहिया वाहन में उसके दुकान में आए और रकम को दस गुना करने की बात कहते हुए उससे ट्रायल के नाम पर थोड़ा सा चावल मांगकर हथेली में बंद कर उसे दिया. मुट्ठी खोलने पर 500 रुपए का नोट निकला. इसके बाद उस व्यक्ति ने 60-70 हजार रुपए देने पर दस गुना करते हुए 6-7 लाख कर देने की बात कही। उनकी बातों में आकर महेंद्र ने अगले दिन उन्हें 60000 रुपए दिया, जिस पर दोनों व्यक्तियों ने दस गुना करने के लिए लगने वाले सामान को रायपुर से लाने के बात कहते हुए दो पहिया से निकल गए. काफी समय बीतने के बाद भी दोनों के वापस नहीं आने पर महेंद्र ने आसपास गांव में कई जगह दोनों व्यक्तियों की तलाश की. नहीं मिलने पर मंदिर हसौद थाने पहुंचा, जहां उसकी रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 306/20 धारा 420, 34 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## सांसद फूलोदेवी नेताम ने केंद्रीय इस्पात मंत्री को लिखी चिट्ठी

**रायपुर।** राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेता ने केंद्रीय इस्पात मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को चिट्ठी लिखी है. उन्होंने बस्तर के नगर नार स्टील प्लांट के निजीकरण का विरोध किया है. पत्र में आग्रह किया है कि इस प्लांट से आदिवासी युवाओं को बड़ी उम्मीदें हैं, निजीकरण किए जाने की खबर से उसे बड़ा धक्का लगा है, इसलिए इसे सार्वजिनक क्षेत्र रहने दिया जाए। फूलोदेवी नेताम ने लिखा कि, भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के अधीन नवरत्न सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम एनएमडीसी लिमिटेड द्वारा लगभग 20 हजार करोड रूपए से अधिक की लागत पर बस्तर में नगरनार स्टील प्लांट लगाया जा रहा है. अभी यह प्रोजेक्ट पूरा भी नहीं हुआ है लेकिन केन्द्र सरकार ने बस्तर के इस स्टील प्लांट का निजीकरण करने का निर्णय कर लिया है। यह अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण है कि छत्तीसगढ़ के आदिवासी अंचल में सार्वजनिक क्षेत्र के प्रस्तावित स्टील प्लांट का निजीकरण किया जा रहा है. इससे लाखों आदिवासियों की उम्मीदों और आकांक्षाओं को गहरा आघात पहुंचा है. आदिवासी समुदाय आंदोलित हो रहे है। फूलोदेवी नेताम ने कहा कि आपके माध्यम से मेरा निवेदन है कि केन्द्र सरकार नगरनार स्टील प्लांट के निजीकरण के निर्णय पर पुनः विचार करे और इसे सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम के रूप में ही बनाए रखा जाए।



**नगरनार स्टील प्लांट से बस्तर के युवाओं को बड़ी उम्मीदें, निजीकरण के निर्णय पर करे विचार**






सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-मोहन राव* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, प्रबंध संपादक-ए.एन. द्विवेदी, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403